2 फरीदाबाद
चेतावनी के बाद भी नहीं जागा निगम तो बरसात में होगा शहर बदहाल

6 अभिमत
चिंतन और मंथन पर अमल ही कांग्रेस की 'प्राणवायु'

9 देश/विदेश
सबसे सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सा पर्यटन का केंद्र बन रहा भारत : राष्ट्रपति


12 कसौटी
मुख्यमंत्री खट्टर से सांसद और विधायकों की नाराजगी बढ़ी

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 111
फरीदाबाद, रविवार, 29 मई, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



आईपीएल फाइनल : गुजरात के टाइटंस के सामने राजस्थान की रॉयल चुनौती

पेज - 11

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 42.00°C
न्यूनतम 29.00°C

### वर्शिप एक्ट के खिलाफ कथावाचक देवकीनंदन ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की

# धार्मिक अधिकार से वंचित करने वाला कानून खत्म हो

एजेंसी। मथुरा





**वाराणसी** में ज्ञानवापी और मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद मामले के बीच अब प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट-1991 पर पूरे देश में चर्चा हो रही है। इस एक्ट को खत्म करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में अलग-अलग लोगों ने याचिका दाखिल की हैं।

शनिवार को मथुरा के प्रख्यात भगवताचार्य देवकीनंदन ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में इस एक्ट के खिलाफ अर्जी दाखिल की। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा, ये कानून लोगों को धार्मिक अधिकार से वंचित करता है। इसीलिए इस कानून में बदलाव होना चाहिए, या इसे खत्म किया जाना चाहिए। देवकीनंदन ने कहा कि सनातन अनुयायियों को पूजा करने का अधिकार मिलना चाहिए। अगर किसी ने हमारे साथ क्रूरता की है, तो हम कोर्ट का दरवाजा खटखटा कर अर्जी और याचिका दाखिल कर सकते हैं। उसी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। इस अर्जी को सुप्रीम कोर्ट स्वीकार करेगा या नहीं इस पर अभी निर्णय नहीं हुआ है। वैसे इस मामले में अब तक कुल सात याचिकाएं दायर हो चुकी हैं। इससे पहले ऐसी ही याचिकाएं अश्विनी उपाध्याय, सुब्रह्मण्यम स्वामी, जितेंद्रानंद सरस्वती भी डाल चुके हैं। 12 मार्च 2021 को वकील अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर नोटिस जारी हुआ था।

दरअसल, प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 में लागू किया गया। इस एक्ट के तहत 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता है। इस एक्ट का यदि कोई उल्लंघन करता है, तो उस पर जुर्माना और तीन साल तक की सजा हो सकती है। यह कानून तत्कालीन कांग्रेस प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव सरकार 1991 में लेकर आई थी। यह कानून तब आया जब बाबरी मस्जिद और अयोध्या का मुद्दा बेहद सुर्खियों में था। प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 की धारा 2 में प्रावधान है कि 15 अगस्त 1947 में मौजूद किसी धार्मिक स्थल में बदलाव के विषय में यदि कोई याचिका कोर्ट में लंबित है, तो उसे बंद कर दिया जाएगा। प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट की धारा तीन के अनुसार किसी भी धार्मिक स्थल को पूरी तरह या आंशिक रूप से किसी दूसरे धर्म में बदलने की अनुमति नहीं है। इसके साथ ही यह धारा सुनिश्चित करती है कि एक धर्म के पूजा स्थल को दूसरे धर्म के रूप में ना बदला जाए या फिर एक ही धर्म के अलग खंड में भी न बदला जाए।

### गरीब को गणेश मानकर काम कर रही सरकार : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ने जनकल्याण के कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी है और यह गरीब को गणेश मानकर काम कर रही है। इसके साथ उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में फिर कांग्रेस पार्टी ही जीत दर्ज करेगी। गहलोत रेण (नागौर) स्थित श्री दरियाव धाम में ब्रह्मलीन आचार्य श्री हरिनारायण महाराज के देवल का उद्घाटन तथा पर्यटन विभाग द्वारा करवाए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

## क्विक न्यूज

### संत बलबीर सिंह और बिक्रमजीत होंगे आप के राज्यसभा उम्मीदवार

**पटियाला।** आम आदमी पार्टी ने पर्यावरणविद् संत बलबीर सिंह सीचेवाल और उद्यमी-परोपकारी बिक्रमजीत सिंह साहनी को पंजाब से राज्यसभा के लिए नामित किया। दोनों पद्मश्री पुरस्कार विजेता हैं। यह घोषणा पंजाब सीएम भगवंत मान की ओर से की गई है। दरअसल, राज्यसभा की 57 सीटों के लिए 10 जून को मतदान होना है। जबकि 31 मई नामांकन की आखिरी तारीख है। भाजपा मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, झारखंड, बिहार, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में सीटें जीतने की स्थिति में है, जिन प्रमुख नेताओं का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, उनमें राज्यसभा में नेता सदन केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी व केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल हैं।

### 72.4 लाख रुपये का सोना जब्त, दो गिरफ्तार

**चेन्नई।** सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने चेन्नई हवाई अड्डे से 72.4 लाख कीमत के सोने के गहने, चेन और अन्य चीजें जब्त कर इस संबंध में दो श्रीलंकाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों को प्राप्त सूचना के आधार पर उन्होंने कोलंबो से आए यात्रियों के सामान में 1.6 किलोग्राम का सोना बरामद किया।

### चार एसपीओ को सेवा से हटाया गया

**बनिहाला।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में मवेशी तस्करों के साथ संबंध होने की बात विभागीय जांच में सामने आने के बाद चार विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को सेवा से हटा दिया गया है। रामबन की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहिता शर्मा ने मवेशियों की तस्करी में संलिप्तता को लेकर एसपीओ -फुलैल सिंह, अजीत सिंह, सतीश सिंह और मोहम्मद अयूब उर्फ मुंदरी को तत्काल प्रभाव से सेवा से हटाने का आदेश दिया।

### नकली अधिकारी बनकर लूटपाट करने में चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नकली पुलिसकर्मी बनकर वरिष्ठ नागरिकों के कीमती सामान चुराने के आरोप में यहां सराय काले खां इलाके से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से उत्तर प्रदेश पुलिस, बिहार पुलिस और भारतीय सेना के बैज वाली तीन टोपी बरामद हुई हैं। महाराष्ट्र के अंबेवाली निवासी निसार मिश्किन सैय्यद (38) और देवबंद के निवासियों इकबाल (27), सलमान अली (27) और शब्बीर अली (20) के रूप में हुई है।

### टीवी डिबेट पर भड़के मौलाना मदनी

# लाल किला, ताजमहल ले लें, उस पर बुलडोजर चलवा दे भाजपा

एजेंसी। सहारनपुर



**ज्ञानवापी** मस्जिद में सर्वे के दौरान मिले शिवलिंग और फव्वारा बताने वाले दावे को लेकर देवबंद उलेमा और भाजपा आमने-सामने हो गई है। शनिवार को देवबंद में हुए जमीयत-उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी के दिए गए बयान पर भाजपा ने हमला बोल दिया। भाजपा ने मौलाना महमूद मदनी के बयान को स्वार्थी बताया। उन्होंने मुसलमानों को गुमराह करने का भी आरोप लगाया। भाजपा नेता के विरोध के बाद देवबंद के मौलाना मसूद मदनी ने टीवी डिबेट में ज्ञानवापी मामले को लेकर सफाई दी, हालांकि यहां मौलाना मसूद मदनी भी भाजपा नेता की बात सुनकर भड़क गए और बोले- लाल किला, ताजमहल भी ले लें और उस पर बुलडोजर चलवा दें।

मौलाना ने कहा, ज्ञानवापी को लेकर कोर्ट में जो मामला चल रहा है, उसको लेकर हमे सड़कों पर नहीं जाना चाहिए। ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे के दौरान मिला पत्थर शिवलिंग है या फव्वारा इसका फैसला जज करेंगे। जज का काम है किस तरह से जांच की जाएगी। इसको डिबेट का भी हिस्सा नहीं बनना चाहिए। उन्होंने लोगों को नसीदत देते हुए कहा, हर आदमी जज न बने। ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर वायरल हुए वीडियो पर मौलाना मदनी ने कहा, वीडियो कैसे वायरल हुई? यह कोर्ट का मैटर है, इसे बाहर नहीं आना चाहिए। टीवी डिबेट के दौरान मदनी ने बिना नाम लिए भाजपा को खुश करने करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, किसी एक पार्टी को खुश करने की कोशिश नहीं होनी चाहिए।

ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर देवबंद में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में मुस्लिम संगठन जमीयत-उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने कहा था, देश में मुसलमानों का चलना दूभर कर दिया है और बात अखंड भारत बनाने की जाती है। आप इस मुल्क के साथ दुश्मनी कर रहे हैं, आप पीछे मुड़ के देखें, आप क्या पा रहे हैं और क्या खो रहे हैं। मदनी ने कहा, हम कमजोर हैं और हर जुल्म बर्दाश्त कर सकते हैं लेकिन अपने वतन पर आंच कभी बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। ऐसा हमारी कमजोरी की वजह से नहीं, बल्कि हमारा मजहब हमें सिखाता है। मदनी ने कहा था कि हमारे बुजुर्गों ने बहुत मेहनत से मुल्क को आजादी दिलाई है और अगर किसी ने किसी चीज को हासिल करने के लिए कुर्बानी दी होती है तो उसे उस चीज की, उस घर की ज्यादा फिक्र होती है।

देवबंद में ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर हुए दो दिवसीय सम्मेलन में मौलाना महमूद मदनी के दिए गए बयान पर भाजपा नेता मोहसिन रजा भड़क गए। उन्होंने कहा, आप अपने लिए रो रहे हैं, समाज के लिए नहीं। मुस्लिम समाज को वो गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने मौलाना पर निजी स्वार्थ का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, अपना निजी स्वार्थ साधना चाहते हैं, आपका देश में संविधान पर विश्वास नहीं है।

### मस्जिदें बनाने के लिए ढहाए गए थे 30000 मंदिर : मुथालिक



**बेंगलुरु।** लगातार गंभीर होते जा रहे ज्ञानवादी मस्जिद विवाद के बीच कर्नाटक के एक हिंदूवादी संगठन के नेता ने शनिवार को कहा कि ढहाए गए सभी 30000 मंदिर वापस लिए जाएंगे। श्रीराम सेना के अध्यक्ष प्रमोद मुथालिक ने कहा, हम उन सभी 30,000 मंदिरों को वापस लेंगे, जिन्हें मस्जिदें बनाने के लिए ढहा दिया गया था। मुथालिक ने चेतावनी देते हुए कहा, अगर आपमें हिम्मत है तो हमें रोक कर दिखाइए। आप लोगों ने हमें तब भी रक्तपात की धमकी दी थी जब बाबरी मस्जिद का विध्वंस हो रहा था। तब क्या हुआ था? आप हिंदुओं का एक बूंद भी खून नहीं बहा पाए थे। उन्होंने कहा कि अगर आपमें जरा भी शर्म है तो हमें हमारे मंदिर वापस कर दीजिए, जिन्हें पूर्व में ढहाया गया था। हम इस तरह की उद्दंडता को अब और बर्दाश्त नहीं करेंगे। कोई हमें छू भी नहीं सकता है। हालांकि, बाद में मुथालिक ने कहा कि हम इन मंदिरों को संविधान का पालन करते हुए कानूनी तरीके से वापस लेंगे।

### आत्मनिर्भरता की तरफ कदम : देश के पहले नैनो यूरिया प्लांट का उद्घाटन

एजेंसी। अहमदाबाद



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के गांधीनगर में देश के पहले नैनो लिक्विड यूरिया प्लांट का उद्घाटन किया। पीएम ने कहा कि आठ साल पहले यूरिया के लिए किसान लाठियां खाते थे, लेकिन हमने पांच बंद पड़े खाद कारखाने खुलवाए।

पीएम ने कहा- आज आत्मनिर्भर कृषि के लिए देश के पहले नैनो यूरिया लिक्विड प्लांट का उद्घाटन करते हुए मैं विशेष आनंद की अनुभूति करता हूं। अब यूरिया की एक बोरी की जितनी ताकत है, वो एक बोतल में समाहित है। नैनो यूरिया की करीब आधा लीटर बोतल, किसान की एक बोरी यूरिया की जरूरत को पूरा करेगी। मोदी ने बताया कि 7-8 साल पहले तक हमारे यहां ज्यादातर यूरिया खेत में जाने के बजाए कालाबाजारी का शिकार हो जाता था और किसान जरूरत के लिए लाठियां खाने को मजबूर होता था। हमारे यहां बड़ी फैक्ट्रियां भी नई तकनीक के अभाव में बंद हो गई। 2014 में हमारी सरकार बनने के बाद हमने यूरिया की शत-प्रतिशत नीम कोटिंग का काम किया। इससे देश के किसानों को पर्याप्त यूरिया मिलना सुनिश्चित हुआ। साथ ही हमने यूपी, बिहार, झारखंड, ओडिशा और तेलंगाना में पांच बंद पड़े खाद कारखानों को फिर चालू करने का काम शुरू किया।

**8 साल पहले यूरिया के लिए किसान लाठियां खाते थे : मोदी**

पीएम ने बताया कि भारत विदेशों से जो यूरिया मंगाता है। इसमें यूरिया का 50 किलो का एक बैग 3500 रुपये का पड़ता है। लेकिन देश में, किसान को वही यूरिया का बैग सिर्फ 300 रुपये का दिया जाता है। यानी यूरिया के एक बैग पर हमारी सरकार 3200 रुपये का भार वहन करती है। देश के किसान के हित में जो भी जरूरी हो, वो हम करते हैं, करेंगे और देश के किसानों की ताकत बढ़ाते रहेंगे।

#### मोदी सरकार में सहकारिता मंत्रालय का गठन किया : शाह

**कलोल** में नैनो यूरिया (लिक्विड) प्लांट 175 करोड़ रुपये में बना है। प्लांट की क्षमता आधा लीटर की 1.5 लाख बॉटल प्रतिदिन की है। ऐसे 8 और प्लांट देशभर में लगाए जाएंगे। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नैनो यूरिया प्लांट आज से चालू हो गया है। मोदी सरकार में सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया है। गुजरात में सहयोग मॉडल सफल रहा है। सहकारी क्षेत्र में शामिल होने के बाद से एक अलग विभाग की मांग की जा रही थी। इसी के चलते सत्ता में मोदी सरकार के आने के बाद अलग मंत्रालय का गठन किया गया है। पीएम मोदी सुबह करीब 10 बजे राजकोट जिले के आटकोट शहर पहुंचे। यहां उन्होंने 50 करोड़ की लागत से बने मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का लोकार्पण किया।

### दिव्यांग के साथ बदसलूकी पर इंडिगो पर पांच लाख का जुर्माना

एजेंसी। नई दिल्ली



**दिव्यांग** बच्चे को फ्लाइट में नहीं बैठाने के मामले में डीजीसीआई ने इंडिगो पर पांच लाख का जुर्माना लगाया है। साथ ही इंडिगो एयरलाइंस को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। सात मई को इंडिगो ने रांची से हैदराबाद जा रही फ्लाइट से एक दिव्यांग बच्चे को उतार दिया था। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बाद में एयरलाइंस ने बताया कि बच्चा फ्लाइट में चढ़ने से डर रहा था, उसकी स्थिति और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एयरलाइंस ने यह फैसला लिया था।

सात मई को दिव्यांग बच्चा अपने माता-पिता के साथ रांची से हैदराबाद के लिए फ्लाइट पकड़ने के लिए रांची एयरपोर्ट पर आया था। इस दौरान उसे इंडिगो की रांची-हैदराबाद उड़ान में चढ़ने से रोक दिया गया। बच्चे के माता-पिता हवाई कंपनी के कर्मचारी से लाख मिन्नतें करते रहे, लेकिन वह टस से मस नहीं हुआ। मामले की गंभीरता देखते हुए सह यात्रियों ने भी फ्लाइट में सहयोग का भरोसा कंपनी के कर्मियों को दिलाया, लेकिन कर्मी ने बच्चे को फ्लाइट में चढ़ने की इजाजत नहीं दी। कंपनी के कर्मी का दावा था कि बच्चा असहज महसूस कर रहा था और डरा हुआ था। इसके बाद माता-पिता भी फ्लाइट में नहीं चढ़े।

### बर्निंग बस बनी राजसमंद में हाइवे पर चलती ट्रैवल्स सवारी

**राजसमंद।** राजस्थान के राजसमंद में केलवा के समीप शनिवार तड़के एक ट्रैवल्स बस में अचानक आग लग गई। धुआं उठता हुआ देखकर यात्री घबरा गए। पचास से अधिक यात्री खिड़कियों के कांच तोड़कर बाहर निकले और जान बचाई। आग के कारण एक घंटे तक रुक-रुक कर बस में धमाके होते रहे। राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। बस अहमदाबाद से जयपुर जा रही थी। बस के पिछले टायर से आग की हल्की लपटें उठते हुए देखकर यात्रियों ने शोर मचाना शुरू किया। ड्राइवर ने बस को एक साइड रोका। चालक और खलासी दोनों वहां से भाग निकले। कुछ यात्री तो बस के दरवाजे से बाहर निकल गए, लेकिन कुछ यात्रियों ने ग्रामीणों की मदद से खिड़कियों के कांच तोड़े और बाहर निकले।

### 100 मीटर गहरी खाई में गिरी कार मां-बेटी की दर्दनाक मौत



**कालाढूंगी।** नैनीताल घूमकर घर लौट रहे पर्यटकों की कार कालाढूंगी से छह किमी पहले अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में मां-बेटी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि कार में सवार परिवार के अन्य दो सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जीवन नगर, सोनीपत (हरियाणा) निवासी तिलक राज (47) अपने परिवार के चार सदस्यों के साथ नैनीताल घूमने आए थे। शनिवार दोपहर नैनीताल से लौटते वक्त उनकी कार कालाढूंगी से छह किमी पहले अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। कार में तिलक राज के साथ उनकी पत्नी रिया (42), पुत्री डिंपल(19), काव्या (13) और साले का पुत्र कार्तिक निवासी संतनगर दिल्ली सवार थे। इस हादसे में तिलक राज की पत्नी रिया और पुत्री डिंपल की कार के अंदर दब जाने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

### अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, दो आतंकी ढेर



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकी घटनाओं के बीच सुरक्षाबलों का ऑपरेशन घाटी जारी है। शनिवार को अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। अनंतनाग एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया है। कश्मीर जोन पुलिस का कहना है कि ऑपरेशन जारी है। कश्मीर जोन पुलिस ने जानकारी दी कि अनंतनाग के बिजबेहरा इलाके के शितिपोरा में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद इलाके की घेराबंदी की गई और ऑपरेशन चलाया गया। अभी तक दो आतंकियों को ढेर किया जा चुका है। साथ ही आतंकियों के कब्जे से हथियार और गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। अभी इलाके की तलाश जारी है। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों से कश्मीर में एक बार फिर आतंकी आम लोगों को निशाना बना रहे हैं। कश्मीरी पंडित राहुल भट के बाद हाल ही में आतंकियों ने बड़गाम में एक टीवी एक्ट्रेस अमरीन भट की गोली मारकर हत्या कर दी।

### फर्जी मार्कशीट बनाने वाला सरगना गिरफ्तार

# बर्खास्त सिपाही से 111 मार्कशीट 51 माईग्रेशन सर्टिफिकेट बरामद

पायनियर समाचार सेवा। पानीपत

**पानीपत** में जिला पुलिस ने फर्जी मार्कशीट बनाने वाले गिरोह के सरगना बर्खास्त सिपाही को गिरफ्तार किया है। आरोपी पवन राणा रोहतक की भरत कॉलोनी का रहने वाला है। वह हरियाणा मुक्त विद्यालय शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं कक्षा की फर्जी मार्कशीट बनाकर लाखों रुपये की ठगी कर चुका है। पुलिस ने छह दिन के रिमांड के दौरान आरोपी से 10वीं-12वीं की 111 फर्जी मार्कशीट, 51 माइग्रेशन सर्टिफिकेट, 44 मोहर, एक प्रिंटर, एक लैपटॉप और ठगी के 50 हजार रुपये बरामद किए। आरोपी की रिमांड अवधि पूरी होने पर पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

पानीपत के सीआईए-2 प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि पूछताछ में खुलासा हुआ कि पवन राणा 2004 में हरियाणा पुलिस में बतौर सिपाही भर्ती हुआ। लंबे समय तक गैरहाजिर रहने के कारण साल 2014 में उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया। उसने साल 2011 में फिटजी काउंसिल स्कूल एजुकेशन के नाम से सोसायटी रजिस्टर्ड कराई। 2016 में नाम बदलकर काउंसिल ऑफ स्कूल एजुकेशन रख लिया।

पवन राणा रोहतक के सेक्टर-3 में ऑफिस खोलकर हरियाणा बोर्ड ओपन के फार्म भरवाकर बच्चों के पेपर कराने लगा। इसमें मोटी कमाई होने के कारण उसने पानीपत की भाटिया कॉलोनी के हरीश मित्तल और दो अन्य साथियों के साथ (जो हरियाणा ओपन बोर्ड के फार्म भरवाकर बच्चों के पेपर करवाते थे) मिलकर योजना बनाई। उन्होंने फर्जी मार्कशीट बेचने के फर्जीवाड़े को अंजाम देना शुरू कर दिया। आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह अब तक 700 फर्जी मार्कशीट तैयार कर लाखों रुपये लेकर गिरोह के गुर्गों को दे चुका है।

### निकाय चुनाव पर भाजपा का मंथन

# हिसार में दो दिन से चल रही बैठक में समीक्षा करने पहुंचे सीएम

एजेंसी। हिसार




**हरियाणा** के हिसार में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में भाजपा का कुनबा नगर निकाय चुनाव समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा में लगा है। जीजेयू के चौधरी रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में चल रही चल रही भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी कार्यक्रमों की समीक्षा होगी और आगामी नए कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

निकाय चुनाव से पहले हो रही इस बैठक को काफी अहम माना जा रहा है। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज और कई अन्य मंत्री भी बैठक में पहुंचे हैं। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने पत्रकारों से बातचीत भी की है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव भी भाजपा के लिए अहम मुद्दा है। नगर निकाय चुनाव में भाजपा के सामने कोई भी दूसरी पार्टी नहीं टिकेगी। प्रदेश में सभी निकाय चुनाव जीतकर ट्रिपल इंजन सरकार बनेगी, इसलिए कार्यकारिणी की बैठक में निकाय चुनाव का विषय सबसे अहम होगा। भाजपा ही एकमात्र राजनीतिक पार्टी है, जो संगठनात्मक रूप से अन्य पार्टियों से न केवल मजबूत है, बल्कि अनुशासित भी है। इसलिए हर बार की तरह इस बार भी पार्टी कार्यकर्ताओं को अनुशासन को सबसे महत्वपूर्ण मानकर चलने की बात दोहरायी जाए।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल का पहले सुबह 10 बजे हिसार में पहुंचने का कार्यक्रम था। प्रशासन इसको देखते हुए तैयारियों में जुटा था। इस बीच बीच सूचना मिली कि सीएम को अचानक से दिल्ली जाना पड़ा है।

इस कारण साढ़े 11 बजे के करीब पहुंचे हैं। नाश्ता करने के बाद बाद सीएम 12 बजे के करीब जीजेयू में चौधरी रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में चल रही भाजपा की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में पहुंचे। इसके बाद समय निकाल कर विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

हिसार में भाजपा की दो दिवसीय राज्य कार्यकारिणी की बैठक भी चल रही है। शनिवार को बैठक का दूसरा दिन है। दीप प्रज्वलन के साथ हरियाणा भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शुरू हो गई है। प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड, केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, मंत्री कमल गुप्ता, सांसद बिजेंद्र कुमार, संगठन मंत्री रविंद्र राजू ने दीप प्रज्वलन किया। पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता यहां मौजूद हैं। मुख्यमंत्री भी बैठक में पहुंच गए हैं। बैठक में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का संबोधन चल रहा है। कृषि मंत्री जेपी दलाल, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा बैठक में पहुंचे हैं।

फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, रविवार, 29 मई, 2022 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

### शहर का तापमान
- अधिकतम 41.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 28.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज
- सेक्टर-16 स्थित क्यूआरजी हॉस्पिटल में हेल्थ चेकअप कैम्पः सुबह 10 बजे।
- सेक्टर-8 स्थित डॉ. सूरज प्रकाश अरोग्य केन्द्र में डेमैंथिया स्क्रीनिंग प्रोग्राम का आयोजन: सुबह 11 बजे।
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्पों का आयोजन: सुबह 9 बजे।
- मानव सेवा समिति में रक्तदान शिविर का आयोजन : सुबह 9 बजे।

### निवेश गुरु

**म्यूचुअल** फंड निवेश का जरिया है। जिसमें तमाम निवेशक मिलकर रिटर्न पाने के लिए पैसा लगाते हैं। यह पैसा समय के साथ बढ़ता है। निवेशकों से जुटाए गए पैसे को एक फंड मैनेजर प्रबंधित करता है। फंड मैनेजर इनवेस्टमेंट प्रोफेशनल होता है। यह पैसा विभिन्न प्रतिभूतियों जैसे बॉन्ड, शेयर, गोल्ड और अन्य एसेट में निवेश किया जाता है।

### यूटीलिटी न्यूज

## आठवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस शुरू

**फरीदाबाद।** आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर जिला फरीदाबाद के खेल परिसर सेक्टर-12 में उपायुक्त के दिशा-निर्देशानुसार तीन दिवसीय योग प्रोटोकोल का प्रशिक्षण शिविर 28 मई को प्रारंभ किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अजित सिंह ने बताया कि 21 जून 2022 योग दिवस को सफल बनाने हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 28 से 30 मई को प्रात: छह से साढ़े 6 बजे तक किया जाएगा। जिसमें जिले के सभी सरकारी एवं प्राईवेट शिक्षण संस्थान के पीटीआई/डीपीआई एवं आयुष विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को पतंजलि योग समिति एवं विशेषज्ञों द्वारा योग प्रोटोकोल संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे कार्यक्रम के तहत आगे एक से तीन जून तक सभी स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दे सके। इस प्रशिक्षण शिविर में ग्रीवा चालन, कटिचालन, पेट एवं पीठ के बल करने वाले योग एवं प्राणायाम सिखाया जाएगा।

### क्विक न्यूज

## छेड़छाड़ में मनचले गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त सेंट्रल मुकेश कुमार मल्होत्रा द्वारा महिला सुरक्षा को देखते हुए महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई करने के दिशा निर्देश के तहत के तहत कार्य करते हुए महिला पुलिस थाना सेंट्रल प्रभारी गीता की टीम ने छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करते दो ओर मनचलों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि महिला थाना की टीम ने दो दिन पहले ही दो मनचलों को काबू किया था। जो छात्राओं के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। इसके बाद कल दो ओर युवकों को काबू किया गया है। काबू किए गए दोनो युवक पलवल के रहने वाले है। महिला पुलिस थाना को सूचना मिली थी कि वह कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करते हैं तथा उन्हें देखकर भद्दे कमेंट्स भी करते हैं।

# बेखबर की खबर : तो पुराने प्यार की ताकत से... सत्ताधारी को ही धमका डाला




वरिष्ठ संवाददाता
राजेश दास

**पुराने** शहर में एक समाज द्वारा आयोजित एक समारोह की काफी चर्चा में हो रही है। यह चर्चा समाज या समाज द्वारा किये गए सामाजिक कार्यो को लेकर नहीं बल्कि समारोह में उपस्थित हुए अतिथियों की वजह से हो रही है। समारोह में सत्ताधारी दल के कद्दावर नेता सूबे के मुखिया के सलाहकार और विधायक के साथ उपस्थित हुए थे।

वहीं समारोह में विपक्षी दल के भी कुछ नेता गणमान्य अतिथियों में शामिल थे। उसी दौरान सत्ताधारी दल के विधायक भाषण देते समय अपने विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यो का गुणगान करने लगे। जिसे सुनकर विपक्षी दल के नेता एवं विधायक के प्रतिद्वंदी से बिल्कुल बर्दाश्त नहीं हुआ। विपक्षी नेता ने आव देखा न ताब तुरंत उठकर विधायक को धमकाने लहजे में जमकर खरी खोटी सुनाते हुए समाज के कार्यक्रम में राजनीति की बातें न करने की हिदायत दी। यहां तक कि विपक्षी नेता ने विधायक को शहर की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार ठहराने से भी परहेज नहीं किया, लेकिन कद्दावर नेता ने पुराने प्यार की वजह से अपनी पार्टी के विधायक के पक्ष में विपक्षी को कुछ नहीं कहा। चर्चा की कद्दावर नेता से पुराने प्यार के कारण ही विपक्षी नेता इतनी हिम्मत जुटे पाए थे।

### फोटो सेशन के लिए तोड़फोड़?

**एक** तो धनवान निगम अतिक्रमण और दानवों के खिलाफ पहले ही कोई कार्रवाई नहीं करता। कभी कभार ऊपरी दबाव आने पर थोड़ी बहुत कार्रवाई करता भी हैं तो जनता नहीं मानती। धनवान निगम दिखावे की तोड़फोड़ और सीलिंग कर जैसे ही लौटता है, लोग सील तोड़ डालते हैं। हाल ही में धनवान निगम ने विकास विभाग के सेक्टरों में कुछ अतिक्रमण हटाए और कुछ दानवों को सील किया। धनवान निगम के दस्ते के लौटते ही लोगों ने सील तोड़कर अपना काम शुरू कर दिया। लेकिन इसके बावजूद धनवान निगम ने दोबारा कार्रवाई नहीं की और न ही सील तोड़ने वालों पर केस दर्ज करवाया। इसमें हैरान होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि धनवान निगम तोड़फोड़ और सीलिंग की कार्रवाई सिर्फ फोटो सेशन के लिए करता है। इस कार्रवाई की फोटो धनवान निगम ऊपर भेजकर अपना कर्तव्य पूरा कर चुका है।




### दिल के अरमां आंसुओं में बह गए

**धनवान** निगम के चुनाव को लेकर करीब एक साल से अनेक लोग क्या क्या सपने देख रहे थे। पिछले दिनों वार्डो के बंटवारे का ड्रा निकलते इनमें से करीब 50 प्रतिशत लोगों के अरमानों पर पानी फिर गया था। रही सही कसर अब पूरी हो गई है। धनवान निगम के मुखिया का चुनाव इस बार जनता द्वारा किया जाना है। ऐसे में अनेक लोग मुखिया बनने का सपना भी देख रहे थे। इनमें से सत्ताधारी दल के कुछ नेता अपने रिश्तेदार और खासम खासों को मुखिया बनाने की जुगत में लगे थे। वहीं दूसरी तरफ धनवान निगम के एक सेवानिवृत सिपाही मुखिया बनने का सपना लेकर राजनीति में कूदे थे। पिछले कई महीनों से धनवान निगम का यह पूर्व सेनिक एक पार्टी का दामन थाम कर चुनाव लड़ने की रणनीति बना रहे थे। इस दौरान प्रचार प्रसार पर वे पानी की तरह पैसा बहाने लगे। लेकिन शनिवार को पता चला कि धनवान निगम के मुखिया का पद इस बार महिला के लिए आरक्षित हो गया है। ऐसे में मुखिया बनने ख्वाब देख रहे अनेक लोगों के अरमानों पर पानी फिर गया।

# चेतावनी के बाद भी नहीं जागा निगम तो बरसात में होगा शहर बदहाल

## गौछी ड्रेन समेत शहर के ज्यादातर नाले गंदगी और गाद से पड़े हैं अटे

राजेश दास। फरीदाबाद

**नगर** निगम की लापरवाही से बरसात आते ही शहर में आफत टूट पड़ती है। इस बार भी मानसून आने पर इस दौरान अभी तक दो तीन बार ही बरसात आई है, लेकिन पिछले दिनों आई तेज बरसात के कारण शहर पूरी तरह जलमग्न हो गया था। यह बरसात नगर निगम के किसी चेतावनी से कम नहीं था, लेकिन इसके बावजूद नगर निगम अधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। पिछले दिनों सुबह के समय आई तेज बरसात ने तो पूरे शहर की हालत ही खराब करके रख दी है।

नगर निगम आयुक्त ने पिछले दिनों चलाए गए सफाई अभियान के दौरान बरसात से पहले सभी नालों की सफाई करवाने के आदेश दिये थे, लेकिन नालों की सफाई सिर्फ दिखावे के लिए ही की गई है। यहां तक कि शहर के सबसे प्रमुख नाला गौंछी ड्रेन की सफाई करवाने का प्रयास भी नहीं किया गया है। अभियान के दौरान गौंछी ड्रेन सफाई कम और नुकसान ज्यादा किया गया है। सफाई के दौरान उखाड़े गए जाल दोबारा न लगाने से कंडम हो गए हैं। वहीं दूसरी तरफ जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत करोड़ों रुपये के नालों का निर्माण तो करवा गया है। लेकिन इन नालों को आज तक कनेक्ट नहीं किया गया।



निगम की लापरवाही से बदहाल हालत में गौंछी ड्रेन।




गौछी ड्रेन के किनारे ईकोग्रीन कंपनी का डंपिंग यार्ड।

### सफाई के नाम पर खानापूर्ति

**एनएच** पांच और नीलम चौक की तरफ से आने वाले दो बड़े नाले बीके चौक से गुजरते है। एक अन्य नाला भी एचडीएफसी बैंक के सामने से होता हुआ इस चौक पर पहुंचता है। इनमें से एक नाला तो निगम मुख्यालय की दीवार के साथ ही गुजर रहा है। पिछले दिनों निगम ने नीलम और बीके चौक के आसपास नालों की सफाई का दिखावा किया था। लेकिन इसके बावजूद यह तीनों ही नाले बुरी तरह गाद से भरे हुए हैं। इनमें से ज्यादातर नाले प्लास्टिक की बोतले और थैलियों से बुरी तरह अटी पड़ी हुई है। बरसात आने पर बीके चौक से हार्डवेयर चौक की ओर जाने वाली सड़क पर पानी जमा हो जाता है। सबसे ज्यादा पानी नगर निगम सभागार के सामने जमा होता है। इसके बावजूद निगम अधिकारी इन नालों की सफाई करवाने की जरूरत महसूस नहीं कर रहे है। यह सभी नाले आगे चल गौंछी ड्रेन में गिरते हैं। लेकिन गौंछी ड्रेन की सफाई के नाम पर निगम ने पिछले दिनों सिर्फ खानापूर्ति ही की है। जिसके परिणाम बरसात में देखने को मिलेंगे।

### व्यर्थ पड़े हैं करोड़ों से बने नाले

**निगम** द्वारा हाल ही के कुछ सालों में एनआईटी इलाके में पेरिफेरल रोड का निर्माण करवाया गया है। इस परियोजना के तहत सड़कों के दोनों तरफ नाले भी बनाए जाने से थे। सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार ने नीलम बाटा रोड के दोनों तरफ सड़क से ऊंचे कवर्ड नालों का निर्माण करवाया है। लेकिन इससे आगे बाटा हार्डवेयर रोड पर नाले नहीं बनाए गए। ऐसे में नीलम बाटा रोड के नालों को कनेक्ट नहीं किया जा सका है। करीब ढाई साल से नाले बेकार में पड़े होने के कारण इनमें मलवा भरता जा रहा है। इसी तरह हार्डवेयर चौक से गौंछी ड्रेन तक करीब छह फुट गहरा आरएमसी कवर्ड नाला बनाया गया है। हार्डवेयर चौक पर नाला है ही नहीं। व्हर्लपूल चौक पर नाले के हिस्सों को आपस में कनेक्ट नहीं किया गया है। इस नाले को आगे चलकर गौंछी ड्रेन से जोड़ने की जरूरत भी महसूस नहीं की गई। ऐसे में जनता की सुविधा के लिए करोड़ों की लागत से बने इस नाले का उपयोग न होने से खर्च किए गए करोड़ों रुपये व्यर्थ में चले गए।



एनएच पांच सेंट्रल ग्रीन के पास गाद से अटा नाला।

### ईकोग्रीन कर रहा नाला जाम

**बड़खल** और एनआईटी 86 विधानसभा क्षेत्र के साथ बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुछ हिस्सों के गंदे एवं बरसाती पानी की निकासी में गौंछी ड्रेन की अहम भूमिका है। इन इलाकों की विभिन्न छोटी बड़ी नालियों का पानी इसी गौंछी ड्रेन में आकर गिरता है, लेकिन इसके बावजूद गौंछी ड्रेन लगातार दुर्दशा का शिकार होती जा रही है। गौंछी ड्रेन को जाम करने में सबसे ज्यादा अहम भूमिका ईकोग्रीन कंपनी द्वारा निभाई जा रही है। कंपनी ने गौछी ड्रेन के किनारे सड़क पर कब्जा कर डंपिंग यार्ड बनाया हुआ है। जहां कूड़े की छंटाई के दौरान भारी मात्रा में गंदगी को गौछी ड्रेन में डाला जाता है। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम द्वारा नियमित रूप से नाले की सफाई नहीं की जाती। निगम की तरफ से नाले की गाद निकालने के लिए एक मशीन लगाई गई थी, जो देखरेख के अभाव में खराब हो चुकी है। वहीं सफाई के दौरान जगह जगह खोले गए जाल दोबारा नहीं लगाए गए। जिससे लोग बड़े पैमाने पर कूड़ा नाले में डालने लगे हैं।

### गलत कार्यशैली से नुकसान



**समाजसेवी** जगजीत कौर पन्नू का कहना है कि बिना योजना के करवाए गए विकास कार्यो का शहर के लोगों को फायदा कम और नुकसान ज्यादा हो रहा है। नगर निगम और अन्य एजेंसियों के अधिकारी लोगों के फायदे के लिए नहीं बल्कि निजी स्वार्थ के लिए विकास कार्य करवा कर लगातार सरकारी धन का दुरुपयोग करते आ रहे हैं। यदि नियमित रूप से नाले की सफाई की जाए तो नालों और सीवर लाइनों के ओवरफ्लो होने की समस्या नहीं होगी।

# वित्तमंत्री से मिले विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



दिल्ली में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के साथ विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे।

**विद्यासागर** इंटरनेशनल स्कूल के तीसरी क्लास से 9वीं क्लास तक के बच्चों की दिल्ली में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात हुई। इस अवसर पर छात्रों के साथ स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति चौधरी व स्कूल के अन्य अध्यापक भी उपस्थित रहे। निर्मला सीतारमण ने छात्रों से बड़े प्यार और आत्मीयता से बातचीत की।

वित्तमंत्री ने बच्चों से बात करते हुए उन्हें जीवन में मेहनत और लगन से आगे पढ़ने के लिए प्रेरित करने के साथ साथ खेलों और अन्य एक्टीविटी में अपनी प्रतिभा निखारने की सलाह दी। उन्होंने कहा की आज के छात्र देश के लिए भविष्य की धरोहर हैं। जिसने आगे चलकर देश के भविष्य को सवारना है और उसे आगे लेकर जाना है। निर्मला सीतारमण ने स्कूल प्रिंसिपल ज्योति चौधरी से बातचीत करते हुए स्कूल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी ली। वित्तमंत्री ने स्कूल दवारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे बेहतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने मुख्य रूप से स्कूल द्वारा लड़कियों की शिक्षा के लिए किये जा रहे प्रयास, जिसमें लड़कियों के लिए फ्री एडमिशन और लाखों रूपये की छात्रवृति शामिल है, की काफी तारीफ की। साथ ही बच्चों को बोर्ड एग्जाम में बेहतर परफॉर्म करने की अग्रिम शुभकामनायें दीं। स्कूल प्रिंसिपल ज्योति चौधरी ने इस मुलाकात के बारे में बताते हुए कहा कि मुलाकात काफी अच्छी रही। निर्मला सीतारमण के सरल और सौम्य स्वभाव ने काफी प्रभावित किया। स्कूल के डायरेक्टर दीपक यादव ने बताया की स्कूल छात्रों की प्रतिभा के चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# भाजयुमो ने बच्चों को कराया गांधी स्मृति और दर्शन

## शहीद स्मारक और म्यूजियम के दर्शन किए

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारत** की आजादी के गौरवशाली 75वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसके उपलक्ष में शुक्रवार को भाजयुमो के जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला के नेतृत्व में फरीदाबाद के 16 से 20 वर्ष तक के बच्चों को शहीदों के स्मारक और ऐतिहासिक म्यूजियम के दर्शन करवाए। जिसमें 2 स्कूलों दून भारती पब्लिक स्कूल एवं केडी कांवेंट स्कूल के 100 बच्चों को शामिल किया गया।

भाजपा युवा मोर्चा की टीम इन बच्चों को अपने निजी खर्चे पर नई दिल्ली के टूर पर ले गई जहां बच्चों को गांधी दर्शन व गांधी स्मृति के दर्शन करवाए गए। भारतीय दिल्ली दर्शन के दौरान एशिया की सबसे बड़ी गांधी जी की फोटो गैलरी के दर्शन करवाए गए। टूर के दौरान बच्चों के परिवहन की व्यवस्था, लंच, पानी व अन्य सभी बंदोबस्त भाजपा युवा मोर्चा फरीदाबाद की टीम द्वारा की गई। इस अवसर पर गांधी दर्शन और गांधी स्मृति के वाइस चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री विजय गोयल व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। जिनके साथ बच्चों का संवाद भी कराया गया और बच्चो ने गांधी जी के जीवन एवं उनके व्यक्तित्व के संबंध में पूछा। विजय गोयल ने गांधी दर्शन व गांधी स्मृति के चेयरमैन नरेन्द्र मोदी द्वारा गांधी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के दौरान गांधी दर्शन (दिल्ली) में राष्ट्रीय स्वच्छता केंद्र के म्यूजियम में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को जानकारी दी और नरेंद्र मोदी द्वारा बनाए गए ऑडिटोरियम एवं पुरानी चीजों को प्रयोग में लाकर बनाई गई प्रदर्शनी भी दिखाई। विजय गोयल ने बताया कि नरेन्द्र मोदी ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने पुरानी चीजों का सुधारा उनको नवीकरण किया। टूर को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला ने बताया कि बच्चों के लिए यह टूर बेहतरीन रहा और इसे उनका बौद्धिक ज्ञान विकसित हुआ। कई महत्वपूर्ण जानकारियां उनको राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे में मिली, जो जीवन में काम आने वाली हैं। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा फरीदाबाद की टीम आगे भी इस तरह के टूर आर्गेनाइज करेगा, ताकि बच्चों को हमारी प्राचीन संस्कृति, महात्मा गांधी के व्यक्तित्व एवं जीवन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सके।

इस टूर के दौरान दून भारती पब्लिक स्कूल की चेयरमैन एवं जिला सचिव भारती भाकुनी, युवा मोर्चा टीम के सचिन ठाकुर जिला महामंत्री, योगेश तेवतिया जिला उपाध्यक्ष, मोहित नागर जिला उपाध्यक्ष, कार्तिक वशिष्ठ जिला सचिव, सौरव गौड जिला सचिव, करण गोयल मंडल अध्यक्ष सराय, आदेश यादव मंडल अध्यक्ष नगला मंडल आदि मौजूद रहे।



जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला के साथ बच्चे और भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




समय अपने तराज़ू पर सभी कुछ तोल देता है
समय ही झूठ सच के भेद सारे खोल देता है
किसी के बेसबब यूँ चीखने से कुछ नहीं होता
कोई ख़ामोश रहकर भी बहुत कुछ बोल देता है

# स्लेजहैमर फाउंडेशन ने मनाया मासिक धर्म स्वच्छता दिवस

## कृष्णा कालोनी में जल्द ही खुलेगी स्लेजहैमर फाउंडेशन शिक्षण संस्थान की नई ब्रांच : डॉ. प्रतिमा मोहंती

## एकॉर्ड हॉस्पिटल की गायनोलॉजिस्ट डॉ. सबिता ने दिए हेल्थ और हाईजीन के टिप्स

कविता। फरीदाबाद

**सेक्टर** 20बी स्थित कृष्णा कॉलोनी में स्लेजहैमर फाउंडेशन द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के मौके पर जागरुकता कैंप का आयोजन किया। जिसमे एकॉर्ड हॉस्पिटल की गायनोलॉजिस्ट डॉ. सबिता कुमारी ने महिलाओं को हाइजीन और स्वास्थ्य संबंधित टिप्स दिए।

बातचीत के दौरान स्लेजहैमर फाउंडेशन की वाइस प्रेसिडेंट डॉ. प्रतिमा मोहंती को बच्चों से पता चला कि वह स्कूल नहीं जाते। आंगनबाड़ी में पढ़ाने का स्थान नहीं है। जिस पर डॉ. प्रतिमा मोहंती ने कालोनी वासियों से बातचीत कर स्लेजहैमर फाउंडेशन की दूसरी ब्रांच खोलने की इच्छा जाहिर की। जिस पर कालोनी वासियों ने उन्हें जगह देने का वायदा करते हुए उनसे जल्द ही दोपहर की कक्षाएं शुरू करने की मांग की। ताकि उनके बच्चे भी शिक्षित हो सकें। कालोनी वासियों ने भविष्य में ऐसे जागरुकता व स्वास्थ्य संबंधित कैम्प लगाने का निवेदन किया।

जिस पर डॉ. मोहंती ने उन्हें आगे भी इसी प्रकार सहयोग देने का वायदा किया है। स्लेजहैमर फाउंडेशन द्वारा लगाए गए इस जागरूकता कैम्प में 'मासिक धर्म स्वच्छता दिवस' के अवसर पर महिलाओं को मासिक धर्म के बारे में जागरुक किया व इन दिनों में अधिक साफ-सफाई रखने के बारे में जानकारी दी। महिलाओं को मासिक धर्म में कपड़े के स्थान पर नैपकिन पैड का उपयोग करने और उसे उचित प्रकार से डिस्पोज करने की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. प्रतिमा मोहंती और डॉ. सबिता कुमारी ने महिलाओं को नैपकिन पैड वितरित किए। कैम्प में कई महिलाओं में रसौली, एनीमिया जैसी शिकायतें सामने आईं। जिस पर डॉ. सबिता कुमारी ने एकॉर्ड अस्पताल में आकर इलाज कराने को कहा। इस दौरान महिलाओं द्वारा आर्थिक स्थिति खराब बताने पर डॉक्टर ने उन्हें कम खर्च पर इलाज की सुविधा मुहैया कराने का आश्वासन दिया। अंत में सभी ने स्लेजहैमर फाउंडेशन की वाइस प्रेसिडेंट डॉ. प्रतिमा मोहंती का धन्यवाद किया। उनसे कॉलोनी में आगे भी इसी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।





महिलाओं को नैपकिन देते हुए स्लेजहैमर फाउंडेशन की वाइस प्रेजीडेंट डॉ. प्रतिमा मोहंती और एकॉर्ड हॉस्पिटल की गायनोलॉजिस्ट डॉ. सबिता कुमारी




कृष्णा कालोनी में महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर महिलाओं को जागरुक करतीं डॉ. सबिता कुमारी।

### गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता हैं कि लडकी रचना पुत्री सल्तशम निवासी गांव बडखल फरीदाबाद दिनांक 25/05/2022 नेहरू कालेज सैक्टर 16 फरीदाबाद गई थी जो घर वापिस नही आई है। जिसका हुलिया- रंग गोरा, गोल चेहरा , हृष्ट पुष्ट शरीर, कद 5 फुट 4 इंच बा उम्र 25 जिसने सलेटी रंग का सूट सलवार पैरो मे सैंडल पहने हुए है। मुकदमा नं० 294, दिनांक 25/05/2022 थाना सुरजकुण्ड फरीदाबाद सुचना मिले तो थाना सुरजकुण्ड फरीदाबाद से सम्पर्क करें

प्रबधक अफसर - 9582200127 पुलिस चौकी अनखीर 9582200154
मुख्य सिपाही अरविंद 7982310484

# पांच माह से पेंशन नहीं मिली, दिव्यांगजन और विधवाएं परेशान

कविता। फरीदाबाद

**प्रदेशभर** में पिछले पांच से छह माह से दिव्यांगजनों और विधवा पेंशन नहीं आ रही है। जिस कारण से दिव्यांगजनों और विधवाओं को अपने घर का गुजारा चलाना मुश्किल हो गया है।

वहीं पेंशन नहीं मिलने से दिव्यांगजन जिला समाज कल्याण विभाग के दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं। करीब पांच दिन पहले भी दो दर्जन से ज्यादा दिव्यांगजन विभाग में पेंशन न मिलने की शिकायत लेकर पहुंचे। उनका आरोप है कि विभाग के अधिकारी उनकी बात सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। जिससे इन लोगों को समझ नहीं आ रहा कि आखिर पेंशन क्यों नही आ रही है। इसके विषय में कोई कुछ भी नहीं कहना चाहता। पेंशन का इंतजार कर रहे कुछ दिव्यांगजनों और विधवाओं ने बताया कि उन्होंने इस विषय में पूछताछ की थी, तो उन्हें फैमली आईडी जमा करने के लिए कहा गया था। जिसे उन्होंने जमा करवा दिया था। लेकिन पांच माह बाद भी पेंशन नहीं आई है। उन्हें कोई अपडेट भी नहीं मिल रहा है।

दौलताबाद निवासी ज्योति के पैर में दिक्कत हैं। उनका आरोप है कि विभाग में पहुंचकर उन्होंने पेंशन न मिलने की शिकायत की थी। लेकिन किसी भी अधिकार-




कर्मचारी ने उनकी बात नहीं सुनी। जबकि पिछले छह माह से पेंशन की राशि खाते में नहीं आ रही है। समाधान न करने पर वह बैंक अधिकारियों के पास शिकायत लेकर पहुंचे थे। जहां उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्या का समाधान करने के लिए शिकायत की है। उन्होंने कहा है कि जल्द ही पेंशन आने का आश्वासन दिया है। लेकिन छह महीने बाद भी पेंशन नहीं आई है। इसी तरह से बल्लभगढ़ की चावला कालोनी के निवासी तरूण की माता विधवा पेंशन, जवाहर कालोनी, डबुआ, ओल्ड फरीदाबाद, भीम बस्ती निवासी लोग भी पेंशन न मिलने की शिकायत लेकर विभागीय अधिकारियों के पास पहुंचे। लेकिन किसी ने भी शिकायत नहीं सुनी और वह घंटों भटकते रहे। उनका कहना है कि उनके खाते में पांच से छह माह बाद भी अभी तक पेंशन की राशि नहीं पहुंची है। शिकायत करने वाले ज्यादातर दिव्यांगों का कहना है कि उन्हें छह माह से ज्यादा समय से पेंशन का लाभ नहीं मिला है। उनका कहना है कि फोन नंबर, आधार कार्ड से लिंक है, फैमली आईडी भी वह लगा चुके हैं। लेकिन अभी तक भी पेंशन नहीं आई है। वहीं कर्मचारियों ने बताया कि फैमली आईडी की कॉपी लेने का उद्देश्य आवेदकों का सत्यापन करना है।

# हत्या और अपहरण की धमकी देकर मांगी बिटकॉइन के जरिए फिरौती


पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने आरोपियों द्वारा बिटकॉइन के माध्यम से 5 लाख की फिरौती मांगने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी संदीप बिहार के वैशाली जिले के पातेपुर गांव का निवासी है। आरोपी के खिलाफ थाना एसजीएम नगर में 13 मई को मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपियों ने सेक्टर-17 के रहने वाले अशोक नाम के व्यापारी से पांच लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। पीड़ित ने बताया कि 10 मई को उसे एक ईमेल प्राप्त हुआ। जिसमें आरोपियों ने धमकी देते हुए उसमें लिखा था कि वह 24 घंटे में पांच लाख रुपये उनके

## व्यापारी को दी थी बेटे के अपहरण और हत्या करने की धमकी

बिटकॉइन अकाउंट में ट्रांसफर कर दें। आरोपियों ने बिटकॉइन एड्रेस ईमेल में दिया हुआ था। उन्होंने धमकी दी कि यदि उन्होंने उन्हें पैसे नहीं मिले तो उनके बेटे को गोली से उड़ा देंगे। किडनैप हो गया है तो एक करोड़ रुपये की फिरौती देनी पड़ेगी। कोई भी गारंटी नहीं है कि उनका बेटा बचेगा या नहीं। इसलिए समझदारी इसी में है कि वह पांच लाख रुपये बिटकॉइन के माध्यम से खाते में ट्रांसफर कर दें। उन्होंने यह भी धमकी दी कि यदि पुलिस को बताया तो उसके बेटे को जान से मार देंगे। आरोपियों ने लिखा कि यदि एक बार वह पैसे दे देंगे तो उसके बाद उन्हें कोई परेशान नहीं करेगा। उनकी


गिरफ्तार आरोपी युवक संदीप।

सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी रहेगी। अन्यथा उन्हें उनके साथ दुश्मनी निभानी पड़ेगी। क्राइम ब्रांच 48 ने कार्रवाई करते हुए तकनीकी सहायता से मामले में शामिल आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है। आरोपी वर्ष 2013 से जनवरी 2022 तक पैन कार्ड बनवाने का काम करता था। उसकी गाजियाबाद में दुकान थी। आरोपी ने पैन कार्ड बनवाने के लिए अंकित नाम के व्यक्ति द्वारा दी गई दिए गए आधार कार्ड के साथ कंप्यूटर से बदलाव करके आधार कार्ड पर अपना फोटो लगाकर एक नई सिम निकलवा ली।

उस फर्जी सिम का उपयोग ईमेल भेजकर फिरौती मांगने में हुआ था। पुलिस जांच में सामने आया कि एक वर्ष पहले भी आरोपी फिरौती मांगने के मुकदमे में जेल जा चुका है। इस मामले में अभी अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी बकाया है। जिनके लिए पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# आग लगने से डबुआ सब्जी मंडी में युवक की मौत

**फरीदाबाद।** रात डबुआ कॉलोनी में सब्जी मंडी के अंदर सो रहे एक युवक की आग लगने से मृत्यु हो गई है। डबुआ पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर भगवान की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए हस्पताल पहुंचाया। जहां पोस्टमार्टम के पश्चात शव को परिजनों के हवाले कर दिया है। मृतक के परिजनों के अनुसार इसमें किसी का कोई कसूर नहीं पाया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुबह करीब 5 बजे पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि डबुआ कॉलोनी में एक युवक की आग से जलने के कारण मृत्यु हो गई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और जाकर देखा तो एक युवक का जला हुआ शरीर डबुआ मंडी में पड़ा हुआ था और उसके ऊपर एक कंबल भी था जो जलकर खाक हो चुका था। मृतक की पहचान जौनपुर के रहने वाले मुस्ताक के रूप में हुई है जिसकी उम्र 28 वर्ष है और वह पिछले काफी समय से डबुआ सब्जी मंडी में सब्जी बेचता था और रात को वहीं पर सो जाता था।


डबुआ सब्जी मंडी में घटना स्थल पर छानबीन करते पुलिस अधिकारी।

मृतक के परिजनों के बयान के अनुसार मुस्ताक शराब पीने का आदी था। जिसे उसके परिजनों ने कई बार समझाया परंतु वह नहीं माना। मुस्ताक की दूसरी शादी हो चुकी है परंतु वह फरीदाबाद में अकेला रहता था और उसकी पत्नी अपनी एक बेटी के साथ जौनपुर में उसके घर पर ही रहती थी।

मृतक के परिजनों ने बताया कि मुस्ताक का किसी से कोई लड़ाई झगड़ा या रंजिश नहीं थी। रात को बीड़ी या सिगरेट की वजह से मुस्ताक द्वारा ओढ़े हुए कंबल में आग लग गई परंतु शराब के नशे के कारण वह उससे बच नहीं पाया और कंबल की तपिश के कारण उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के परिजन किसी के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं चाहते हैं।

# मोदी-मनोहर वास्तव में जनता की सरकार हैं : राजेश नागर


विधायक राजेश नागर को पौधा भेंट कर स्वागत करते सेक्टर 85 सी ब्लाक के निवासी।

**फरीदाबाद।** तिगांव के भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा कि हमारी मोदी मनोहर सरकार वास्तव में जनता की सरकार है। हमारी सरकारें अंत में खड़े व्यक्ति से विकास की कहानी को शुरू करती हैं। यही कारण है कि आज देश और प्रदेश में भाजपा की सरकारें जनता की सरकारें साबित हो रही हैं। वह अपने निवास पर सेक्टर 85 सी ब्लॉक से आए आरडब्ल्यूए सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। आरडब्ल्यूए के सदस्यों ने विधायक को अपना एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें उनके सी ब्लॉक पार्क में बच्चों के लिए झूले, स्लाइड, बैंच, पूरे ब्लॉक के लिए सोलर लाइटें और सार्वजनिक वाटर कूलर लगवाने की मांगें रखीं। विधायक ने इन्हें तुरंत ही पूरा करने के लिए अधिकारियों को कह दिया। जिस पर निवासियों ने बड़ी प्रसन्नता जताई।

इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि यदि कोरोना महामारी नहीं आती तो भारत की अर्थव्यवस्था कुछ और होती, लेकिन शुक्र इस बात का है कि हमारे पास मोदी मनोहर जैसा नेतृत्व है जिनकी वजह से इस महामारी में भी कालाबाजारी पर काफी हर नियंत्रण रखा गया।

नागर ने कहा कि इस महामारी के कारण दुनिया की महाशक्तियों की नींव हिल गई है लेकिन भारत आप सबके सहयोग से सर्वाइव कर रहा है। नागर ने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। हमें सरकार की कोशिशों को उसी धैर्य से देखना है जिस धैर्य के साथ हमने इस महामारी को हराया है। अब हमारे यहां भी विकास कार्यों ने तेजी पकड़ ली है। आप देखेंगे कि हमारे तिगांव में भी हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं।

आपको फिर भी किसी भी प्रकार की दिक्कत हो तो निश्चित होकर मुझसे मिल सकते हो। मेरे दरवाजे हर व्यक्ति के लिए हमेशा खुले हुए हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता दयानन्द नागर, हरीश शर्मा, भूपेन्द्र डागर, अमरेन्द्र कुमार, विष्णु वर्मा, अनिल मदान, राकेश सरना, सुनील कुमार, राकेश सरना, विरेन्द्र मग्गू, मनोज कुमार, सुनील कुमार, सुदेश, रविन्द्रन आदि मौजूद रहे।

# तिगांव विधानसभा में बढ़ रहा हे जजपा का कुनबा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**तिगांव** विधानसभा में जननायक जनता पार्टी ने अपने महिला विंग का विस्तार करते हुए कई महिलाओं को पार्टी से जोड़ा। आज प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी जी के कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में कई महिलाओं ने पार्टी का दामन थामा। इस मौके पर सदस्या ग्रहण करने के लिए जजपा झंडे के साथ महिलाओं को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर श्यामला द्वारा सुलताना, मंजु, सीमा सिंह, सरोज कनौजिया, आभा कनौजिया, शीतल को पार्टी में पटका पहनाकर व झंडा देकर शामिल कराया गया।

गौरतलब है कि पिछले काफी समय से तिगांव विधानसभा में सदस्यता अभियान के तहत लोगों


तिगांव विधानसभा क्षेत्र में जननायक जनता पार्टी का दामन थामती महिलाएं।

को पार्टी से जोड़ने के लिए प्रदेश प्रवक्ता उमेश भाटी जी प्रयासरत है। उमेश भाटीजी ने बताया कि तिगांव विधानसभा में काफी संख्या में प्रवासी मध्यम वर्ग के लोग रहते है। कई बार इनके सामने रोजमर्रा से जुड़ी कई समस्याएं आती है। जिसके बाद यह लोग समस्या के हल के लिए उनके पास आते है। और उनका प्रयास रहता है कि किसी की कोई भी समस्या हो उसका निवारण होना चाहिए। ऐसे में लोग न केवल जजपा पार्टी पर अपना विश्वास जताते है बल्कि पार्टी की सदस्या भी ग्रहण करते है। उमेश भाटी ने कहा कि दुष्यंत चौटाला में लोग स्वर्गीय ताऊ देवीलाल की छवि को देखते हैं। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला भी उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए लोगों की समस्याओं का निवारण करते हैं। आने वाला समय दुष्यंत चौटाला का होगा क्योंकि मातृशक्ति जब किसी के साथ खड़ी हो जाती है तो उसकी जीत निश्चित है। उमेश भाटी जी ने कहा कि तिगांव विधानसभा के हर गांव गांव जाकर अधिक से अधिक महिलाओं को पार्टी के साथ जोड़ने का काम करेंगे। संगठन को मजबूत बनाने का भरपूर प्रयास किया जाएगा।

# ब्लिंकिट कंपनी लूट मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम नरेंद्र कादयान द्वारा लूट, चोरी, स्नैचिंग इत्यादि वारदातों में संलिप्त आरोपियों की जल्द से जल्द धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 30 प्रभारी रविंद्र सिंह की टीम ने 5 दिन पहले सराय एरिया में स्थित ब्लिंकिट इ कॉमर्स कंपनी में की गई लूट मामले में दो ओर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नीरज तथा अकाश का नाम शामिल है। आरोपी नीरज उत्तर प्रदेश के मेहरामपुर गांव का रहने वाला है वही आकाश दिल्ली के हरिनगर में रह रहा था। क्राइम ब्रांच द्वारा इस वारदात में



शामिल आरोपी आशीष तथा श्रवण को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों ने दिनांक 22 23 मई की रात सराय एरिया में स्थित ब्लिंकिट ई कॉमर्स ग्रॉसरी कंपनी में घुसकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। कंपनी के मैनेजर की शिकायत के अनुसार रात करीब 12:00 बजे आरोपियों ने कंपनी के अंदर घुसकर वहां पर मौजूद सिक्योरिटी गार्ड पर लाठी-डंडे से हमला किया तथा उन्हें धमकाकर कैश लॉकर की चाबी ले ली और लॉकर में रखे 4.50 लाख रुपये तथा सीसीटीवी डीवीआर को लूटकर अपने साथ ले गए। कंपनी मैनेजर की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना सराय में लूट तथा स्नैचिंग की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए दिनांक 26 मई को मामले में शामिल आरोपी आशीष को देसी कट्टे सहित फरीदाबाद गुड़गांव टोल से गिरफ्तार कर लिया और उसके पश्चात उसकी निशानदेही पर आरोपी श्रवण को भी काबू किया गया। आरोपियों को अदालत में पेश करके 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसमें आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल तथा एक लाख 40 हजार रुपये बरामद किए गए। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों से उनके साथियों के बारे में जानकारी हासिल करके मामले में शामिल आरोपी नीरज को उत्तर प्रदेश के उसके गांव तथा आकाश को पल्ला एरिया से गिरफ्तार किया गया। पुलिस रिमांड खत्म होने के पश्चात आरोपी आशीष तथा श्रवन को आज जेल भेजा गया है वही बाकी बचे हुए पैसों की बरामदगी के लिए आरोपी नीरज तथा आकाश को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है जिसमें मामले में गहनता से पूछताछ करके उनसे सीसीटीवी कैमरे तथा डीवीआर इत्यादि बरामद किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्रिका बांटकर पंजाबी संस्कृति का प्रचार



**फरीदाबाद।** आज़ाद विचार पत्रिका के संपादक मोनिक आजाद व सह संपादक नीतू लाम्बा ने द मॉडर्न स्कूल ग्रेटर फरीदाबाद के कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने प्रधानाचार्या नीतू बलेस्ट, कोऑर्डिनेटर मीना मल्होत्रा व रोटरी क्लब दिल्ली की अध्यक्ष राधिका को पत्रिका भेंट कर पंजाबी संस्कृति का प्रचार किया। संपादक मोनिक आज़ाद ने पत्रिका भेंट करते हुए कहा कि आज़ाद विचार पत्रिका का मुख्य उद्देश्य देश की भिन्न-भिन्न संस्कृतियों का प्रचार करना है। सह संपादक नीतू लाम्बा ने कहा कि हम अपनी पत्रिका के अगले अंक में द मॉडर्न स्कूल के कार्यक्रमों को प्रकाशित करेंगे। हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ के अध्यक्ष हरीश चन्द्र आजाद ने पत्रिका के संपादक का धन्यवाद करते हुए कहा कि जिस तरह से पत्रिका में हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ के मुख्य कार्यक्रमों को प्रकाशित किया गया है, उससे समाज को यह संदेश जाता है कि आजाद पत्रिका हर अच्छे कार्य करने वाले संस्थाओं को प्रोत्साहित करता है।

### भूजल सुरक्षा को लेकर गांवों का दौरा किया



**फरीदाबाद।** जिले में लगभग हर घर में भूजल पानी का प्राथमिक स्रोत रहा है। लेकिन क्षेत्र में भूजल के मुद्दों की घटती दर का मुकाबला करने के लिए, जिला कार्यान्वयन भागीदार, मानव रचना संस्थान के उन्नत जल प्रौद्योगिकी और प्रबंधन केंद्र के साथ अटल भुजल योजना जागरुकता पैदा करने और जल सुरक्षा योजनाओं (डब्ल्यूएसपी) की तैयारी में लगी हुई है। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा राज्य में कार्य के क्रियान्वयन एवं निगरानी के लिए नोडल एजेंसी है। परियोजना का उद्देश्य परियोजना की समय सीमा में भूजल की घटती दर को 50 प्रतिशत तक कम करना है। अटल भुजल योजना का महत्वपूर्ण पहलू जल सुरक्षा योजना बनाने में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करना है। इन योजनाओं को जिला कार्यान्वयन भागीदार द्वारा तैयार किया जा रहा है और खोल प्रखंड की 5 ग्राम पंचायतों को पूरा कर लिया है. इन क्षेत्रों में भूजल उपयोग के मांग-पक्ष प्रबंधन और आपूर्ति-पक्ष प्रबंधन दोनों के लिए योजनाओं को शामिल किया गया है। समुदाय के सदस्यों द्वारा मांग पक्ष प्रबंधन योजनाओं जैसे सूक्ष्म सिंचाई (छिड़काव और ड्रिप सिंचाई) और फसल विविधीकरण को शामिल किया गया है; इसी तरह जल पंचायतों में भूजल पुनर्भरण के लिए आपूर्ति पक्षीय प्रबंधन योजना जैसे तालाब कायाकल्प, चेक-डैम, सोक-पिट, वर्षा-जल संचयन की योजना बनाई गई है। उनके द्वारा सामुदायिक भागीदारी एवं जल सुरक्षा योजनाओं को शामिल करना सुनिश्चित करते हुए राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई द्वारा एक क्षेत्र सत्यापन किया गया था, श्री लवकेश ने 27 फरवरी को फरीदाबाद और बल्लभगढ़ ब्लॉक के ताजूपुर, पन्हेरा कलां और नरहोली ग्राम पंचायत का दौरा किया. उन्होंने समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की और गांव में जल-बचत संरचनाओं के साथ-साथ अटल भूजल योजना के लक्ष्यों के साथ-साथ भूजल के प्रभावी उपयोग पर चर्चा की। उनके साथ जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई विशेषज्ञ आतिश एक्का और जिला कार्यान्वयन भागीदार के टीम श्री रवि परमार और श्री राहुल पांडे उपस्थित थे।

### हेल्थ और हाईजीन जागरुकता अभियान चलाया

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के स्ट्रीट आर्ट मॉराल क्लब के बैनर तले महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के निर्देशन में महाविद्यालय द्वारा राजकीय सीनियर सेकेंडरी विद्यालय गांव चंदावली में हेल्थ एवं हाईजीन विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक करने का अभियान चलाया। 'मासिक धर्म स्वच्छता दिवस' के अवसर पर स्ट्रीट आर्ट मॉराल क्लब संयोजिका डॉ. रेखा सैन ने छात्राओं को उनके मासिक धर्म के बारे में जागरूक करने व इन दिनों अधिक साफ-सफाई रखने के बारे में जानकारी दी छात्राओं को मासिक धर्म में गंदे कपड़े के स्थान पर नैपकिन पैड का उपयोग करने और उसका उचित प्रकार से डिस्पोज करने की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर छात्राओं पर नैपकिन पैड और जर्म कंट्रोल वाइप्स वितरित किए। क्लब की छात्रा मनीषा, हीना व हेमलता ने स्कूल विद्यार्थियों को अपने घरों के कूड़े कचरे को डस्टबिन में डालने की जानकारी दी। छात्राओं को अपने घरों के कूड़े कचरे को डस्टबिन में डालने के लिए जानकारी दी गई। हाल ही में डेंगू के बढ़ते हुए प्रकोप से बचने के लिए अपने घरों में लंबे समय से एकत्रित पानी को निकालने के लिए संदेश दिया। अंत में क्लब की सदस्य डॉ. पूजा सैनी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस जागरूकता अभियान में चंदावली स्कूल के प्राचार्य श्री मोहम्मद इकबाल, मैडम सरिता तथा अन्य पर प्राध्यापक गणों का सहयोग रहा। अग्रवाल महाविद्यालय समय-समय पर ऐसे जागरूकता अभियान आयोजित करता रहता है।

### जन सेवा वाहिनी ने लगाया वैक्सिनेशन एवं नेत्र जांच शिविर



**फरीदाबाद।** जन सेवा वाहिनी द्वारा स्वास्थ्य मेले में नि:शुल्क वैक्सीनेशन, नेत्र जांच शिविर एवं होम्योपैथिक जांच एवं दवा का वितरण किया गया। जिसमें जिला स्वास्थ्य विभाग, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी, ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट और होलिस्टिक अवेयरनेस मिशन का विशेष योगदान रहा। स्वास्थ्य जांच शिविर में मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ बतौर मुख्य अतिथि एवं पूनम मिश्रा, दिवाकर मिश्रा, दुष्यंत त्यागी, ललित, हर्ष कौशिक, अनुभव रावत उपस्थित रहे। सेहतपुर नया पुल रोड शनि बाजार स्थित हिंदुस्तान पैथ लैब में सामाजिक संस्था जनसेवा वाहिनी द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मेले में नि:शुल्क वैक्सीनेशन, नेत्र जांच शिविर एवं होम्योपैथी के ईलाज के लिए सरस्वती कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, चौहान कॉलोनी, सेहतपुर, मोती कॉलोनी, इस्माईल पुर, सेक्टर- 91, सूर्या विहार से आए लोगों ने शिविर में स्वास्थ्य लाभ उठाया। सेक्टर- 3 आरसीएच अस्पताल की टीम, ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट से डॉ बी बी गुप्ता और उनकी टीम, होलिस्टिक अवेयरनेस मिशन से डॉ केके तिवारी ने अपनी अपनी सेवाएं दीं।

# जेसी बोस : शिक्षकों के कौशल विकास पर विशेष बल

## कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा कंप्यूटर विजन एंड इमेज प्रोसेसिंग पर पांच दिवसीय कार्यक्रम हुआ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आर्टिफिशियल** इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में उभरती प्रौद्योगिकियों पर अनुसंधान और अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के कौशल विकास कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसी कड़ी में कदम उठाते हुए विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग


जेसी बॉस विश्वविद्यालय का फोटो।

विभाग द्वारा 30 मई से 3 जून 2022 तक कंप्यूटर विजन एंड इमेज प्रोसेसिंग पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) द्वारा प्रायोजित है। इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से 50 से अधिक शिक्षक एवं शोधार्थी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल के कुलपति प्रो. राजेंद्र कुमार अनायत मुख्य अतिथि होंगे। कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने विभिन्न क्षेत्रों में समस्याओं के समाधान और नई संभावनाओं की खोज के दृष्टिगत कंप्यूटर विजन और डीप लर्निंग जैसे उभरते क्षेत्रों में कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करने पर कंप्यूटर इंजीनिरिंग विभाग के प्रयासों की सराहना की है और शिक्षकों को कार्यक्रम के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे कौशल विकास कार्यक्रम उभरते क्षेत्र में शोध में मददगार साबित होते है।

फैकल्टी ऑफ इंफॉर्मेटिक्स एंड कंप्यूटिंग के डीन डॉ कोमल कुमार भाटिया ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए इमेज प्रोसेसिंग, पैटर्न रिकॉग्निशन और इसके विविध अनुप्रयोगों से संबंधित अनुसंधान क्षेत्रों में ज्ञानवर्धन में मददगार होगा।

विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा ने बताया कि पांच दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों जैसे ऑब्जेक्ट डिटेक्शन एंड रिकग्निशन, वीडियो ट्रैकिंग, मोशन डिटेक्शन, जियोस्पेशियल इमेज प्रोसेसिंग, जोकि विभिन्न वैज्ञानिक डोमेन में अनुप्रयोग हैं, पर आईआईटी, एनआईटी तथा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान के विशेषज्ञ चर्चा करेंगे। कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग से डॉ. पारुल तोमर, डॉ. पायल गुलाटी और डॉ. सोनाली गुप्ता द्वारा किया जा रहा है।

# हाईवे पर ट्रक खड़ा करने वालों पर की कार्रवाई

**फरीदाबाद।** शुक्रवार की शाम पुलिस चौकी सेक्टर 11 प्रभारी प्रदीप मोर की टीम एरिया में गश्त कर रही थी थी कि ट्रैफिक पुलिस से सूचना प्राप्त हुई की बाटा फ्लाईओवर के नीचे बल्लभगढ़ से दिल्ली की तरफ जाने वाली सर्विस लाइन पर ट्रैफिक जाम लगा हुआ था।

पुलिस टीम ने वहां पर पहुंचकर जाम हटवाने की कोशिश की परंतु किसी ने अपना 22 टायर ट्रक हाईवे पर बीच सड़क छोड़कर पूरा रास्ता अवरुद्ध कर दिया था। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने ट्रक ड्राइवर की काफी देर तक तलाश की और वहां पर मौजूद लोगों से उसके बारे में पूछताछ की परंतु ट्रक चालक की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। काफी देर पूछताछ करने के पश्चात पुलिस ने वहां पर मौजूद अन्य ट्रक ड्राइवरों की मदद से ट्रक को वहां से हटाया।

# शिविर में 148 लोगों ने कराई नि:शुल्क जांच

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल ओर एडोर हैप्पी होम्स की तरफ से शनिवार को एडोर सोसायटी में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें करीब 148 लोगों ने अपनी जांच कराई। डॉक्टरों ने लोगों को बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों के प्रति जागरुक किया। लोगों ने स्किन ओर दांतों सहित हड्डी रोगों की जांच कराई।

स्किन रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनाली गुप्ता ने बताया कि गर्मियों में लोगों को बताया कि त्वचा रोग गर्मी और बरसात आने पर बढ़ जाता है। चूंकि गर्मी शुरू हो चुकी है। ऐसे में मरीजों का बढ़ना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया कि पहले ओपीडी में 40 से 50 मरीज पहुंचते थे, जिनकी संख्या अब 60 से 85 हो गई है, साथ ही त्वचा रोगियों में 30 से 35



प्रतिशत रोगी फंगल इंफेक्शन वाले हैं, जिनको खुजली और दाद की समस्या है। उन्होंने कहा त्वचा संबंधी बीमारियों से बचने के लिए धूप में कम निकले। बहुत जरूरी काम होने पर छाता लेकर हो घर से बाहर जाएं। शरीर को ढक कर रखें, फुलबाजू के कपड़े पहनें।

दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमेधा बंसल ने बताया कि दांतों की बीमारियों से बचाव के लिए जागरुक होने की जरूरत है। इस समय दांतों में कीड़ा लगने, मसूड़ों में सड़न, खून आना तथा बदबू आने की अधिक शिकायतें आ रही हैं। इनसे बचाव के लिए मीठा अधिक न खाएं। मीठी या चिपचिपी चीजें खाने के बाद मुंह अच्छी तरह से साफ कर लें। उन्होंने कहा कि कई बार बच्चे दूध पीते समय मुंह साफ नहीं करते। इससे भी बाद में परेशानी बढ़ जाती है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. निखिल सचदेवा ने बताया कि लोगों में फिजिकल एक्टिविटी बंद होने से जोड़ों में दर्द की समस्याएं बढ़ी है। समय पर जांच से ही गंभीर बीमारियों की चपेट में आने से बचा जा सकता है।

अस्पताल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ तथा कैथलेब डायरेक्टर डॉ. उमेश कोहली ने बताया कि दंत रोगों से हृदय का भी संबंध है। उन्होंने कहा कि दांतों के आसपास अगर इंफेक्शन है तो इससे हृदय रोग होने का अंदेशा हो सकता है। दंत चिकित्सक के लिए ध्यान देने योग्य बात ये है कि अगर ऐसा कोई मामला आता है तो मरीज को एंटीबायोटिक दवा दिए जाने की जरूरत है। दंत रोगी अगर मधुमेह से प्रभावित है तो भी फिजीशियन से परामर्श लेना चाहिए।

# केन्द्रीय मंत्री ने करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**केन्द्रीय** मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इन्द्रजीत सिंह शनिवार को गुरुग्राम पहुंचे। उन्होंने यहां पर लगभग 33 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इनमें नगर निगम गुरुग्राम के वार्ड-24 में 15 करोड़ रुपये, वार्ड-23 में 4.62 करोड़ रुपये तथा वार्ड-2 में 13 करोड़ रुपये के विकास कार्य शामिल हैं।

इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 2 वर्ष कोविड काल के चलते विकास कार्यों में हालांकि परेशानी आई, लेकिन सभी जनप्रतिनिधियों ने लगातार संपर्क साधते हुए विकास कार्यों की गति को बनाए रखा। उन्होंने तीनों वार्डों के निगम पार्षदों को बधाई दी तथा कहा कि सभी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी शिद्दत से कर रहे हैं। वार्ड के नागरिकों द्वारा रखी गई समस्याओं के बारे में बोलते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इन सभी समस्याओं का

### कहा, दो वर्ष कोविड काल के चलते विकास कार्यों में कुछ परेशानी आई

### राव इंद्रजीत सिंह ने 33 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया

समाधान करवाने का पूरी तरह से प्रयास किया जाएगा तथा कोई कोताही नहीं होगी। जो भी व्यक्ति आशा लेकर मेरे पास आते हैं, उन्हें कभी निराश नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतरूंगा तथा आप भी समय-समय पर मुझसे संपर्क करते रहें। वार्ड निवासियों द्वारा केन्द्रीय मंत्री का पगड़ी एवं फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।


गुरुग्राम के वार्ड में विकास कार्यों का शिलान्यास करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

### मंत्री ने इन कार्यों का किया उद्घाटन

**केन्द्रीय** मंत्री ने वार्ड-24 के नरसिंहपुर में 4.81 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए सामुदायिक केन्द्र का उद्घाटन किया। इसके अलावा, वार्ड-23 में 6 पार्कों का लोकार्पण किया। इन पार्कों के जीर्णोद्धार पर 4.62 करोड़ रुपये की लागत आई है। इनमें भगवान परशुराम उद्यान, महावीर पार्क, आईडीए सेक्टर-37 पार्क, सरदार पटेल पार्क, शहीद भगतसिंह पार्क व गुरू गोबिन्द सिंह पार्क शामिल हैं। केन्द्रीय मंत्री ने गांव मोहम्मदपुर झाड़सा में 2 एमएलडी के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी उद्घाटन किया। इसके निर्माण पर 4.41 करोड़ रुपये की लागत आई है। इसके अलावा वार्ड-2 में 91 लाख रुपये की लागत से तैयार किए गए निगम पार्षद कार्यालय का उद्घाटन भी केन्द्रीय मंत्री द्वारा किया गया।

### इन कार्यों का किया गया शिलान्यास

**केन्द्रीय** मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने शनिवार को वार्ड-24 में गाड़ौली खुर्द के निकट 3.80 करोड़ रुपये से बनाए जाने वाले बादशाहपुर ड्रेन पर चार लेन कल्वर्ट, गांव गाड़ौली खुर्द में 1.91 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बूस्टिंग स्टेशन, पीलिया मंदिर से मुख्य खांडसा रोड तथा गांव मोहम्मदपुर झाड़सा में कनेक्टिंग रोड के निर्माण का शिलान्यास किया, जिस पर 61 लाख रूपए की अनुमानित लागत आएगी। इसी प्रकार वार्ड-2 के गांव कार्टरपुरी में 85 लाख रुपये से जनरल चौपाल के पुनर्निर्माण कार्य, 84 लाख रुपये से बनने वाली हरीजन चौपाल एवं मल्टीपर्पज हॉल, 1.84 करोड़ रुपये की लागत से साईं कुंज में सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी। दो करोड़ रुपये से गलियों का निर्माण किया जाएगा। सेक्टर-23ए में 68 लाख रुपये से सड़कों का पुनर्निर्माण होगा, 1.26 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से नोबल एन्कलेव, सतगुरू फार्म की शेष बची गलियों में स्टैंड पोस्ट से पेयजल आपूर्ति होगी। इसके अलावा 88 लाख रुपये से गांव कार्टरपुरी में शमशान घाट के शेष बचे कार्यों को पूरा किया जाएगा और 79 लाख रुपये की राशि से गांव कार्टरपुरी में गलियों का निर्माण करवाया जाएगा। अवतार प्रॉपर्टीज से मंगल बाजार तक फिरनी रोड के निर्माण पर 81 लाख रुपये खर्च होंगे। 2 करोड़ रुपये से धर्म कॉलोनी की शेष बची गलियों में स्टैंड पोस्ट से पेयजल आपूर्ति की जाएगी। यही नहीं, कृष्णा चौक से कामधेनू गोशाला तक फुटपाथ का निर्माण करवाया जाएगा। जिस पर लगभग 96 लाख रुपये खर्च होंगे। केंद्रीय मंत्री ने आज इन सभी कार्यों की आधारशिला रखी है।

## संक्षिप्त समाचार

### सोहना न्यायिक परिसर में दो करोड़ में बनेंगे 40 चैम्बर्स


शनिवार को सोहना कोर्ट में नये चैम्बर निर्माण के लिए नींव रखते हाईकोर्ट के जस्टिस ऑगस्टिज जौर्ज मसीह।

**सोहना।** सोहना की उपमंडलीय न्यायिक परिसर में दो करोड़ रुपये की लागत से 40 नये चैम्बर बनाएं जाएंगे। इन नये चैम्बरों की हाई कोर्ट के जस्टिस ऑगस्टिज जौर्ज मसीह ने निर्माण कार्य की शुरुआत अपने हाथों से ईट लगाकर की। यह निर्माण कार्य चैम्बर भवन की दूसरी मंजिल पर शुरू किया है। सोहना की उपमंडलीय न्यायिक परिसर में अधिवक्ताओं के लिए चैम्बर की कमी को जल्द ही पूरा किया जाएगा। अभी तक यहां पर धरातल लेकर दूसरी मंजिल के भवन में 119 अधिवक्ताओं को चैम्बर उपलब्ध है। शनिवार को हाई कोर्ट के जस्टिस ऑगस्टिज जौर्ज मसीह 40 नये चैम्बरों की नीव रख दी। इस अवसर पर सत्र न्यायाधीश सूर्य प्रताप सिंह, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विरेन्द्र प्रसाद, सब डिविजन ज्यूडिशियल न्यायाधीश कविता यादव, सिविल जज जूनियर डिविजन प्रियंका जैन और उदिता, मैम्बर बार काउंशिल पंजाब एण्ड हरियाणा अजय चौधरी, स्थानीय बार एसोसिएशन के प्रधान सोमबीर तवंर, अजय राघव, ललित राघव, देवदत्त शर्मा, लखमिन्दर खटाना, मुकेश कुमार, अनुराग यादव आदि मौजूद थे। बार एसोसिएशन के प्रधान सोमबीर तवंर ने बताया कि नये 40 चैम्बरों का निर्माण कार्य करीब 8 माह में पूर्ण हो जाएगा। एक चैम्बर के निर्माण पर 5 लाख रुपये खर्च होंगे। निर्माण कार्य शनिवार से ही शुरु कर दिया है। निर्माण कार्य की अधिवक्ताओं की गठित टीम के द्वारा देख रेख की जाएगी। प्रधान ने बताया कि अभी तक अधिवक्ताओं की जरुरत के अनुसार चैम्बर का निर्माण किया जा रहा है। भविष्य में इनकी संख्या में बढ़ोत्तरी होती रहेगी।

### टोल विवाद में आज होगी घामडौज में महापंचायत

**सोहना।** रविवार को एलीवेटेड मार्ग का घामडौज में बना टोल विवाद में रविवार को होने वाली महापंचायत की तैयारियां शुरू हो गईं हैं। महापंचायत में गुरुग्राम समेत फरीदाबाद, पलवल, नूंह और रेवाड़ी जिले से भारी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद की जा रही है। गुरुग्राम-सोहना के बीच बना एलीवेटेड मार्ग पर घामडौज टोल विवाद में आज होने वाली महापंचायत में हजारों की संख्या में ग्रामीणों के पहुंचने की उम्मीद की जा रही है। महापंचायत के लिए करीब एक एकड़ जमीन पर टोल के साथ लगती जमीन पर टेंट लगाया जा रहा है। इसके साथ टोल विवाद को लेकर 51 लोगों की बनी समिति महापंचायत को सफल बनाने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। समिति सदस्यों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारी को निभाने रहे है। समिति का कंधा से कंधा मिलाकर चल रहे हरीश नन्दा ने बताया कि टोल के साथ लगते गांव भोंडसी, रिठौज, सहजावास, बहलपा, खेड़ला, दमदमा, अभयपुर, गढ़ीबाजीदपुर, अलीपुर, हरियाहेड़ा और घामडौज से भारी संख्यां में लोग आएंगे, क्योंकि समिति की गठित कमेटियों ने ग्रामीणों को उनके जेब से कटने वाले नाजायज पैसे की सुरक्षा का दिलाने का आश्वासन दिया है। सोहना का बाजार पूर्ण रूप से बंद होने के कारण अलग-अलग यूनियन के कार्यकर्ता भारी संख्या में महापंचायत में पहुंचेंगे। जिसको लेकर व्यापार मंडल संघ और व्यापार मंडल ने निर्देश जारी कर दिए हैं।

### विद्यार्थी शिक्षा के साथ रोजगार का हुनर सिखने में माहिर



**सोहना।** हरचंदपुर के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 9 छात्राओं को कौशल रोजगार के तहत किट वितरण की गई। जिनके माध्यम से छात्राएं ब्यूटी एण्ड वैलनेश तथा ऑटोमोबाइल की टूल से अपनी आजीविका कमा सकेंगी। शुक्रवार को कक्षा 10 में पढ़ने वाली 9 छात्राओं को एसएमसी सदस्यों की मौजूदगी में 9 छात्राओं द्वारा बीते दो वर्ष में की गई कौशल रोजगार की पढ़ाई के तहत उन्हें घर पर अपना रोजगार चलाने के लिए किट दी गई। जिसमें ब्यूटी एण्ड वैलनेश तथा ऑटोमोबाइल की टूल की किट थी। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य इंदु बाला ने छात्राओं को कौशल विकास के तहत अपना और अन्य बेरोजगार युवा युवतियों को रोजगार चलाने का हुनर सिखाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा यह स्कूल शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को रोजगार का हुनर देने की योजना भविष्य में कारगर साबित होगी। सरकार नहीं चाहती कि विद्यार्थी पढ़ाई करने के बाद भी बेरोजगार रहे। छात्र व छात्राएं अब कौशलता का ज्ञान लेकर ही स्कूल से जा सकते है। जिन्हे रोजगार प्राप्ती के लिए दर-दर की ठोकरे नहीं खानी पड़ेगी। इस अवसर पर मौजूद एसएमसी के प्रधान सुन्दर सिंह, ज्ञानीराम, वैशली मेहता आदि ने सरकार की योजना को युवाओं को रोजगार का हुनर सिखाने के लिए प्रेरित करने पर बधाई दी।

# हर बच्चा होता है हुनरमंद, उसे तराशना जरूरी : सुंदर लाल यादव

### ब्री बुक्स द्वारा 8 से 16 साल तक के बच्चों के लिए कराई लेखन स्पर्धा


गुरुग्राम में लेखन प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि सुंदर लाल यादव।

**गुरुग्राम।** मानेसर ग्रुप और ब्री बुक्स की ओर से 8 से 16 साल तक के बच्चों के लिए लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसमें करीब 800 बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में वेगा स्कूल के प्रिंसिपल डेनियल कैरी, संजय यादव, धर्मबीर यादव, ममता यादव, सयान देब बोस, स्वरूप दत्ता, रविकान्त शर्मा, अशोक मलिक, प्रदीप रावत, राहुल यादव, अनिल आर्य समेत कई गणमान्य लोग और अभिभावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि हर बच्चा अपने आप में हुनरमंद होता है। यह जरूरी है कि हम उसकी प्रतिभा को तराशें। इसके लिए ऐसे मंच, ऐसे आयोजन बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को किसी भी तरह से कमजोर ना आंके। उनमें छिपी प्रतिभा को बाहर लाने के लिए हम सबके प्रयास जरूरी हैं। बहुत से बच्चे टेलेंटेड होते हैं, लेकिन झिझक के कारण वे खुद को साबित नहीं कर पाते। घर में माता-पिता, स्कूल में शिक्षक और सामाजिक संस्थाओं की ओर से बच्चों को इस तरह का मौका दिया जाना चाहिए। उन्होंने लेखन स्पर्धा में शामिल हुए सभी 800 बच्चों, उनके शिक्षकों व अभिभावकों का धन्यवाद किया।

साथ ही ब्री बुक्स संस्था का भी धन्यवाद किया, जिन्होंने यह बेहतर आयोजन कराया। पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे बच्चयों को ब्री बुक्स की तरफ से टेबलेट और पर्यावरण बचाने के प्रति संदेश देने के लिए पौधे पुरस्कार स्वरूप दिए गए। इस अवसर पर जीएमडीए के अतिरिक्त सीईओ सुभाष यादव ने भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि बच्चों ने यहां बेहतर प्रदर्शन किया है। बच्चों की कला के वे कायल हो गए हैं। ज्ञान, विज्ञान, कला, संस्कृति को अगली पीढ़ी में ले जाने के लिए प्रतियोगिताएं बहुत जरूरी होती हैं। उन्होंने सभी को स्वच्छता के लिए भी प्रेरित किया।

# विधायक ने चकरपुर में लोगों को दिया प्रगति रैली का न्यौता

### गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला चकरपुर पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


प्रगति रैली को लेकर चकरपुर में लोगों को न्यौता देने पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** में रविवार 29 मई 2022 को होने वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल की हरियाणा प्रगति रैली में पहुंचने के लिए गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने शनिवार को चकरपुर में लोगों के बीच जाकर उन्हें अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचने का न्यौता दिया।

उन्होंने लोगों से अपील की कि इस रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर नया रिकॉर्ड गुरुग्राम में बनाएं। यह सिर्फ एक राजनीतिक रैली ना होकर गुरुग्राम के विकास की नई योजनाओं, परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास की रैली है। गुरुग्राम में नए विकास की योजनाओं के रूप में मुख्यमंत्री मनोहर लाल सौगात देंगे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हमें खुद तो रैली में पहुंचना ही है, साथ में अपने आसपास के लोगों को, जान-पहचान वालों को भी रैली में लेकर पहुंचना है। गुरुग्राम जिला में रहने वाले हर व्यक्ति के लिए इस रैली में मुख्यमंत्री कोई ना कोई घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि अब से पहले भी गुरुग्राम के विकास पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का पूरा फोकस रहा है और भविष्य में भी वे यहां विकास की गति को प्रगति देंगे। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल यादव सरपंच, सरस्वती मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, स्वाति टंडन, वंदना जोशी, भावना, सिद्धार्थ सिद्धू, कर्मवीर, मोहित, विजय गुप्ता, सुनील शर्मा, जेके शर्मा, रत्नेश यादव, सुशील यादव, महेश चेयरमैन, जगदीश टंडन, जितेंद्र शर्मा, वेद, सुरेंद्र, सुशील मुरारी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# वसुधैव कुटुंबकम ने स्कूल में भेंट किए मेडिकल बेड व ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर


गुरुग्राम के सेक्टर-4/7 स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मेडिकल बेड, ऑक्सीजन कंसट्रेटर भेंट करते संस्था के सदस्य।

**गुरुग्राम।** राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सेक्टर 4/7 में वसुधैव कुटुंबकम सेवा संस्थान अध्यक्ष डॉ. गगनदीप चौहान व अजय शर्मा द्वारा एक मेडिकल रूम तैयार किया गया है, जिसमें तीन मेडिकल बेड व एक ऑक्सीजन कंसट्रेटर लगाया गया है।

गुरुग्राम में इस तरह का पहला सरकारी स्कूल है, जहां इस स्तर की मेडिकल सुविधा उपलब्ध है। इसका उद्घाटन दो छोटी बच्चियों श्रेयादीप चौहान व राशिदीप चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर 150 छात्राओं को मेडिकल किट व नोट बुक भी दी गई। प्रधानाचार्य सुमन शर्मा ने वसुधैव कुटुंबकम सेवा संस्थान की तारीफ की। समाजसेवी अलीशा तोमर ने कहा कि सरकारी स्कूलों में इस तरह की मेडिकल सुविधा अति आवश्यक है। वसुधैव कुटुंबकम सेवा संस्थान अध्यक्ष डॉक्टर गगनदीप चौहान ने कहा कि मानव सेवा के लिए यह कदम उठाया है। संस्था के सह-संस्थापक सुकेश सैनी ने बताया कि इस अवसर पर दो मेडिकल बेड, ऑक्सीजन मशीन, स्ट्रीमर, मेडिकल किट में साबुन, सैनिटाइजर, सेनेटरी पैड, ओआरएस, विटामिन सी वह 150 विद्यार्थियों को नोटबुक दी गई।

# डेन्यूब प्रॉपर्टीज ने अल फुरजान में एक अल्ट्रा लक्जरियस रेजिडेंशियल माइलस्टोन 'जेम्ज' का अनावरण किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

### बॉलीवुड सुपरस्टार संजय दत्त को डेन्यूब ग्रुप के ब्रांड एंबेसडर के रूप में घोषित किया



**यूएई** स्थित डेन्यूब प्रॉपर्टीज जो लोगों को किफायती संपत्ति प्रदान करने में यूएई की सबसे शानदार निजी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक है, ने आज जेम्ज लांच किया, जोकि पिरामिड के आश्चर्यजनक आर्किटेक्चर वाली 350 मिलियन दिरहम की एक शानदार आवासीय परियोजना है। डेन्यूब प्रॉपर्टीज की जेम्ज परियोजना विशाल घर तथा फ्लोर प्लान की पेशकश करती है। इसकी शानदार फ्लोर प्लान कन्वर्टिबल लेआउट के साथ आती है अर्थात आप 1 बीएचके घर को 2बीएचके और 2बीएचके घर को 3बीएचके में आसानी से बदल सकते हैं।

रिजवान साजन ने खचाखच भरे प्रेस कांफ्रेंस में कहा, दुबई के रियल स्टेट बाजार पर लोगों को गहरा विश्वास है, जहां घरेलू उपयोगकर्ताओं के साथ-साथ भारतीय भी एक दूसरा घर खरीदना चाहते हैं। वीजा और रेजिडेंसी नियमों में नवीनतम सुधार होने से अब निवेशकों और खरीदारों के लिए रेजिडेंस वीजा प्राप्त करना आसान बन गया है और हम बड़ी संख्या में खरीदारों को देख रहे हैं। जो उपयुक्त संपत्ति खरीदना चाहते हैं। लोगों में इस सकारात्मक सोच को देखते हुए, हम अपने प्रोजेक्ट जेम्ज को लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं, जो न केवल विश्व स्तरीय सुविधाओं की पेशकश करता है बल्कि एक शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करता है। जो लोग शहर की हलचल से दूर अपने परिवार का पालन पोषण करना चाहते हैं, जिसके लिए हमारी यह परियोजना एक बिल्कुल सही रणनीतिक स्थान पर है। निर्माण सामग्री में हमारे मजबूत फाइनेंस के समर्थन से, हमारी मौजूदा परियोजनाओं की सभी साइटें प्रगति पर हैं और हर रोज पूरा होने के करीब जा रही हैं। सुपर एक्सक्लूसिव प्रोजेक्ट जेम्ज के 270 शानदार डिज़ाइन किए गए अपार्टमेंट में 30 लक्जरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस परियोजना की सबसे खास बात यह है कि ये डेन्यूब प्रॉपर्टीज के बेहतरीन 1 प्रतिशत मासिक भुगतान योजना के साथ आती है जो इसे 550,000 दिरहम से शुरू होने वाली कीमतों के साथ सबसे अच्छा किफायती लक्जरी सौदा बनाता है। डेन्यूब द्वारा बनाई जा रही जेम्ज परियोजना को अल फुरजान में विकसित किया जाएगा, जो शेख जायद रोड और मोहम्मद बिन जायद रोड के बीच स्थित एक बेहद शानदार आवासीय परिसर योजना है। शेख जायद रोड से केवल चार मिनट की दूरी पर, जेम्ज परियोजना प्रस्तावित मेट्रो लाइन से केवल दो मिनट की दूरी पर सुविधाजनक रूप से स्थित होगी, जबकि अल मकतूम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भी केवल 10 मिनट की दूरी पर स्थित है। डिस्कवरी गार्डन और इब्न बतूता मॉल जैसे शहर के अन्य महत्वपूर्ण स्थान भी क्रमशः केवल चार मिनट और सात मिनट की दूरी पर स्थित हैं। इसके लॉन्च इवेंट में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त जोकि डेन्यूब प्रॉपर्टीज के नए ब्रांड एंबेसडर हैं, एक फुल पैक्ड प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। डेन्यूब समूह के संस्थापक और अध्यक्ष रिजवान साजन ने कहा, उनकी कंपनी सितंबर 2022 से संबंधित मानदंडों को पूरा करने वाले निवेशकों के लिए लंबी अवधि के निवास और गोल्डन वीजा के लिए प्रोसेसिंग शुरू करेगी। जब इस प्रक्रिया की शुरुआत होगी तो इन मानदंडों में 2 मिलियन दिरहम, 5 मिलियन दिरहम और 10 मिलियन दिरहम की सीलिंग होगी।

# हाईकोर्ट का आदेश: शादियों व धार्मिक समारोहों में म्यूजिक या रिकॉर्डिंग चलाने के लिए लाइसेंस जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**नोएडा**-पंजाब और हरियाणा के उच्च न्यायालय के हालिया फैसले में, किसी भी व्यक्ति को शादी या किसी धार्मिक समारोह के दौरान संगीत या ध्वनि रिकॉर्डिंग चलाने के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की आवश्यकता होगी। यह आदेश पूरे देश में लागू है और इसका सबसे ज्यादा असर होटलों पर पड़ेगा। पहले से स्थापित म्यूजिक लेबल के साउंड रिकॉर्डिंग के कॉपीराइट मालिक में से एक नोवेक्स कम्युनिकेशंस, ने 27 अगस्त, 2019 को जारी कॉपीराइट के रजिस्ट्रार के सार्वजनिक नोटिस के खिलाफ उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। नोटिस में कहा गया था कि धार्मिक समारोहों (जिसमें बारात और शादी से जुड़े अन्य सामाजिक उत्सव शामिल हैं) में के किसी भी साउंड रिकॉर्डिंग का उपयोग, कॉपीराइट का उल्लंघन नहीं है और इसलिए लाइसेंस प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है।

20 मई को अपने नवीनतम फैसले में, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने कॉपीराइट के रजिस्ट्रार के सार्वजनिक नोटिस को रद्द कर दिया है। कंपनी के गुड़गांव, जयपुर, गोवा, दिल्ली, पुणे आदि शहरों के होटलों के साथ कई मुकदमे चल रहे हैं। फैसले का सभी मुकदमों पर असर पड़ेगा। हाल के दिनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं। जहां कई होटलों ने लाइसेंस लेने से इनकार कर दिया और इस मामले में मुकदमेबाजी भी हुई है। जस्टिस राज मोहन सिंह ने नोवेक्स कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिए। कंपनी देश के जाने-माने म्यूजिक लेबल्स की कॉपीराइट की मालिक है। इनमें जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड, इरोस इंटरनेशनल मीडिया लिमिटेड, टिप्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेड रिबन एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, एसपीआई म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड, थर्ड कल्चर एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड आदि शामिल हैं और यश राज फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड की अधिकृत एजेंट है।

नोवेक्स कम्युनिकेशंस के अनुसार, होटल, पब, वेन्यू को शादी या धार्मिक कार्यों के लिए सालाना या इवेंट-आधारित लाइसेंस लेने की जरूरत है। हालांकि, उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया और इस नोटिस के बाद, उनमें से कुछ ने भुगतान करना पूरी तरह से बंद कर दिया था और हमें धमकाना भी शुरू कर दिया था। नोवेक्स कम्युनिकेशंस ने इस आधार पर याचिका दायर की कि रजिस्ट्रार के पास विधायी डोमेन में फैसले लेने का कोई अधिकार नहीं है। कंपनी ने तर्क दिया था कि पब्लिक नोटिस पत्र का कुछ कुख्यात तत्वों द्वारा दुरुपयोग किया जा सकता है। वह व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में व्यावसायिक लाभ के लिए साउंड रिकॉर्डिंग चलाकर पैसे कमा सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि लगाया गया सार्वजनिक नोटिस उस प्राधिकरण का खुलासा नहीं करता है जिसके तहत इसे जारी किया गया है। सार्वजनिक नोटिस कॉपीराइट अधिनियम के प्रावधानों को ओवरराइड नहीं कर सकता है और कॉपीराइट अधिनियम, 1957 के उल्लंघन के लिए अदालत में सिविल कार्यवाही शुरू करने के लिए अधिनियम की धारा-55 के तहत याचिकाकर्ता के वैधानिक अधिकार को छीन नहीं सकता है। यह एक बहुत बड़ी स्थिति को जन्म देगा और ऐसी स्थिति में, पुलिस अधिकारी कॉपीराइट के उल्लंघन के अपराध का संज्ञान लेने से इनकार कर सकते हैं।

# तेज आंधी ने उखाड़े 26 पोल बिजली आपूर्ति हुई बाधित

**सोहना।** शुक्रवार की शाम को बारिश से पहले आई तेज आंधी से सोहना से अलग-अलग गांव तथा शहरी क्षेत्र में 26 पोल टूटने से सप्लाई व्यवस्था गुल हो गई। निगम के कर्मचारी ठप बिजली सप्लाई को चालू करने में दिन रात लगे हुए हैं। शनिवार की शाम तक खंड के सभी फ ीडरों पर बिजली सप्लाई को ठीक कर दिया जाएगा।

शुक्रवार की शाम हुई बारिश व उससे पहले आई तेज आई तेज आंधी ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र को जाने वाले 11 हजार वोल्टेज वाली बिजली की लाइनों पर 15 से 20 स्थानों पर 26 पोल टूट गए। आंधी से बिजली की लाइनों पर आकर गिरे पेड़ तथा आंधी के वितरत खड़े पोल उखड़कर जमीन पर जा गिरे। जिससे पीपाका, रामन नगर की ढाणी आरडीएस तथा सिटी एक और दो की लाइनों पर पेड़ गिरने से निगम को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। जिससे सोहना के 66 केवीए पावर हाउस से जाने वाले फीडरों पर बिजली गुल हो गई। रात करीब 12 बजे के बाद से बिजली कर्मियों ने एक बाद एक फ ीडरों को ठप सप्लाई को चालू करने का प्रयास किया। लेकिन शनिवार की सुबह 7 बजे के बाद ठप बिजली सप्लाई को एक बाद एक फीडर को चालू करना शुरू किया। निगम अधिकारी शनिवार की शाम तक सभी फ ीडरों को चालू करने का दावा कर रहे हैं।

> “**तेज** आंधी और बारिश से निगम को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। जिसका अंदाजा खराब सप्लाई को चालू करने के बाद ही लग पाएगा।
>
> **राहुल यादव**
> **( एसडीओ बिजली निगम )**

**पेयजल आपूर्ति हुई ठप:** खराब बिजली सप्लाई के कारण ग्रामीण क्षेत्र के गांव सोहना ढाणी, रामनगर, मौहम्मदपुर गूर्जर, पीपाका, पाटूका, सिटी वन तथा टू की 10 से 12 कॉलोनियों में 8 से 16 घंटा तक बिजली ठप होने के कारण पेयजल की आपूर्ति नहीं हो सकी। जनस्वास्थ्य विभाग की सप्लाई दी गई, लेकिन बिजली न होने से पानी नहीं आया।

# नायका फैशन पर अपना दिल खोलकर खरीदारी करें : थैंक गॉड इट्स सेल!

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**फैशन** के खरीदार इस बात की पुष्टि करेंगे कि उनके कानों में सबसे प्यारी धुन उनके पसंदीदा ब्रांडस पर भारी छुट है! खरीदार, ध्यान से सुनें, भारत का प्रमुख मल्टी-ब्रांड ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म नायका फैशन आपके लिए अपना पहला भव्य फ्लैगशिप शॉपिंग इवेंट #ThankGoditssale (#TGIS) लेकर आया है। 1500 से अधिक ब्रांड, 3 लाख प्रोडक्ट्स + 80त्न तक की छूट, और अन्य चुनिंदा ब्रांड प्लेटफ़ॉर्म के लिए विशेष ऑफ़र प्रदान करते हैं। इस फैशन सेल इवेंट में महिलाओं, पुरुषों, किड्स, लक्स, टेक और होम कैटेगरी में सुपरहिट ब्रांड्स के चुनिंदा क्यूरेशन के साथ एक अलग पेशकश की सुविधा होगी।

ऑफर और कलेक्शन विशेष रूप से नायका फैशन पर उपलब्ध है, आप नायका फैशन पर उपलब्ध ढेरो कलेक्शन से पोपुलर फैशन ब्रांड्स जैसे एडिडास, पूमा, स्केचर्स, जैक एंड जोन्स, और फैबलस्ट्रीट से खरीददारी केर सकते है और उच्च फैशन ब्रांड्स जैसे वीरो मोड़ा, फॉरएवर न्यू, ओनली से भी अपने मन पसंद खरीददारी कर सकते हैं। और इतना भी कम लगता है तो, आप खरीदारी करें और 15 लाख से अधिक मूल्य के प्रोडक्ट्स और वाउचर जीतने का मौका पाएं साथ ही फ्लाइट ट्रैवलरस के लिए डायसन, पावरमैक्स, फ्रेंच कनेक्शन, कैरेरा, वंडरशेफ और IXIGO के वाउचर। एड-ए-मम्मा, बीबा, डब्ल्यू, रेयर रैबिट, वोग आईवियर और गिवा, रितु कुमार, लवी, काजो जैसे ट्रेंड-फॉरवर्ड ब्रांडों के साथ अपनी शॉपिंग कार्ट भरें, और लेबल शौर्य सनाध्या, अच्छो, लावण्या जैसे कस्टमर्स फेवरेट ब्रांड्स भी अपने शौपिंग कार्ट में ऐड करे। और हां, नायका फैशन हाउस ऑफ ब्रांड्स लिखा, Nykd बाय नायका, गजरा गैंग, ट्वेंटी ड्रेसेस, आरएसवीपी, किका, पीपा बेला, आईवाईकेवाईके और बहुत कुछ जिसे अपने शौपिंग कार्ट में ऐड करना न भूले। इस सेल से जुड़े कुछ खास कारण नीचे दिए गए हैं!

**ऑफर जो पहले कभी नहीं देखे:** आप जानते हैं कि एक सेल विशेष होती है जब यह आपको उन ब्रांडों पर ऑफर लाती है जिन पर आप पहले कभी एक पैसा भी नहीं बचा पाए हैं! एड-ए-मम्मा, लिखा, Nykd बाय नायका, पिकोलो, और ओडेटे के रूप में उस स्टाइल स्टेटमेंट को साहसपूर्वक बनाएं, कम से कम 50त्न की छूट और अधिक। **अविश्वसनीय रूप से मेगा छूट:** ऑफर हैं और फिर #TGIS जैसे ऑफर हैं, जो आपको सभी केटेगरी के ब्रांडों पर अविश्वसनीय छूट दे रहे हैं। एडिडास, पूमा और स्केचर्स, यूएस पोलो, लावी और काजो जैसे सदाबहार स्टाइल ब्रांड्स पर 65 फीसदी तक की छूट होगी। **आपकी वार्डरॉब के लिए अंतर्राष्ट्रीय फैशन:** नायका फैशन की अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों की पेशकश और भी मधुर हो जाती है क्योंकि इनमें से कुछ पोपुलर लेबल जैसे एनए-केडी, मिसगाइडेड अब सेल के दौरान कुछ समय के लिए कम से कम 50 फीसदी की छूट पर हैं!

# अपहृत बच्चे को पुलिस ने सकुशल मुक्त कराया, तीन गिरफ्तार, एक फरार

### तावडू पुलिस ने बच्चे को 13 घंटे में अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ाया

### अपहरण कर्ताओं ने परिजनों से मांगी थी 25 लाख रुपये की फिरौती

### आरोपियों से कार और 16 लाख रुपये बरामद, पांच टीमों ने रात भर चलाया ऑपरेशन



पुलिस की गिरफ्त में तीनों आरोपी।

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**बीते** शुक्रवार दोपहर 3ः00 बजे के करीब तावडू शहर के वार्ड नंबर-2 विजय नगर में साथी बच्चों के साथ खेल रहे 10 वर्षीय बच्चे का कार सवार व नकाबपोश अज्ञात बदमाशों ने अपहरण कर लिया था। जिला पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए मात्र 13 घंटे में अपहरणकर्ताओं के चंगुल से बच्चे को सकुशल छुड़ाकर कर परिजनों को सौंप दिया है। अपहरणकर्ताओं ने परिजनों से फिरौती के रूप में 25 लाख रुपये की मांगी रखी। वारदात में संलिप्त तीन बदमाशों को पुलिस ने अवैध हथियार सहित काबू किया है जबकि एक फरार बताया गया है। साथ ही 16 लाख रुपये और वारदात में शामिल कार को भी बरामद कर लिया है। दिनदहाड़े 10 वर्षीय बच्चे की अपरहण से तावडू शहर और क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। जिला पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए 5 टीमें गठित कर रात भर सर्च ऑपरेशन चलाया।

तावडू अपराध शाखा जांच प्रभारी सुरेंद्र सिद्धू ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को शहर के वार्ड नंबर 2 के समीप विकसित की जा रही हुड्डा कॉलोनी में 10 वर्षीय इमरान उर्फ दानिश अपने साथी बच्चों के साथ खेल रहा था। इस दौरान एक कार में सवार नकाबपोश तीन से चार की संख्या में बदमाश आए और बच्चे को अवैध हथियार के बल पर जबरन कार में लेकर फरार हो गए। जिसकी सूचना साथ खेल रहे अन्य बच्चों ने परिजनों को दी। देर रात बदमाशों ने पीड़ित बच्चे के पिता हासम के मोबाइल नंबर पर व्हाट्सएप काल कर फिरौती के रूप में 25 लाख रुपये मांगे। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। अपराध शाखा जांच प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को समझते हुए उनके नेतृत्व में 5 टीमें गठित की और बच्चे की जान की सुरक्षा को देखते हुए बदमाशों को फिरौती की रकम देने का प्लान बनाया गया। पुलिस ने फिरौती की रकम पीड़ित बच्चे के पिता को थमा कर बदमाशों के बताए हुए स्थान पर भेजा। जिसके बाद अपहरणकर्ताओं ने एक स्थान बता कर आंख में पट्टी बांधकर बच्चा छोड़ दिया। देर रात जब बच्चा सकुशल परिजनों के पास पहुंच गया तो पुलिस ने अपने ऑपरेशन की शुरुआत कर दी।

जिला पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने पांच टीमें गठित कर सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। रात भर चले इस ऑपरेशन में पुलिस ने अपहरणकर्ताओं को तावडू उपमंडल के अंतर्गत गांव सीलखो और मण्डारका के बीच से धर दबोचा। जिनकी पहचान अजय पुत्र नरेश निवासी मंडारका, मोहिन पुत्र अली मोहम्मद निवासी विजय नगर तावडू व हरीश पुत्र जय भगवान निवासी गुरनावट थाना सदर तावडू के रूप में हुई। आरोपियों के कब्जे वारदात में प्रयोग की गई वैगनार गाड़ी, दो अवैध देशी कट्टा, दो जिंदा राउंड व फिरौती के रूप में ली गई रकम में से 16.5 लाख रुपये बरामद कर ली। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने पैसों के लालच में आकर वारदात को अंजाम देना कबूला है।

मामले का खुलासा करने के हुई प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पुलिस ने बताया कि पूछताछ पर अपहरणकर्ताओं ने गत 15 फरवरी को तावडू उपमंडल के अंतर्गत द भारत फाईनेंस के कर्मचारी सिकन्दर की लूट व हत्या करने की वारदात को भी स्वीकार किया है। सीआईए प्रभारी के मुताबिक इस वारदात में शामिल आरोपी साहिल फरार है। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार किए गए बदमाशों कई अहम वारदातों का जल्द खुलासा होगा।

## नूंह जिले को देंगे मजबूत कांग्रेस संगठन : मौहम्मद शरीफ



**दीपक कुमार।** नूंह

### नियुक्त चुनाव प्रभारी ने कहा, जिला संगठन की इकाई स्थापित की जाएगी

### विधायक आफताब अहमद ने कहा, जिले में 15000 नये लोगों ने सदस्यता ग्रहण की

**शनिवार** को जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर कांग्रेस पार्टी ने संगठन चुनाव को लेकर मंथन किया। जिसमें प्रदेश कांग्रेस संगठन द्वारा नियुक्त मेवात जिले के डीआरओ मौहम्मद शरीफ के साथ कांग्रेस विधायक दल उप नेता चौधरी आफताब अहमद व पुन्हाना विधायक चौधरी मौहम्मद इल्यास, फिरोजपुर झिरका विधायक चौधरी मामन खान, पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद मौजूद रहे।

बता दें कि कांग्रेस मेंबरशिप अभियान समाप्त होने के बाद अब प्रदेश कांग्रेस में संगठन चुनाव के कवायद तेज हो गई है, प्रदेश के सभी जिलों में संगठन चुनाव संपन्न कराने के लिए पार्टी से नियुक्त किए गए जिला निर्वाचन अधिकारी सभी जिलों में जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं व नेताओं से बैठक कर रहे हैं। मेवात के लिए नियुक्त मौहम्मद शरीफ ने कहा कि मेवात में कांग्रेस पार्टी काफी मजबूत है लेकिन ये मजबूती और आगे बढ़ाना चाहिए। चुनाव कराकर जिला संगठन की इकाई स्थापित की जायेगी। कांग्रेस विधायक दल उप नेता और नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने कहा कि हाल ही में कांग्रेस के सदस्यता अभियान में जिले में 15000 नये लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। हर सच्चे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे बढाया जाएगा। चुनावों के माध्यम से बूथ से लेकर सभी पदों पर पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। पुन्हाना विधायक चौधरी मौहम्मद इल्यास व झिरका विधायक चौधरी मामन खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ साथ पार्टी के तमाम कार्यकर्ता चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बैठक में अब्दुल हफीज जयपुरिया पार्टी प्रभारी निगम चुनाव नूंह, सुरेंद्र लांबा सदस्य प्रदेश कांग्रेस राजस्थान, इब्राहिम इंजीनियर बीसरू, अब्दुल रज्जाज नगीना, शरीफ सरपंच अड़बर, हाजी नईम फिरोजपुर, प्रवीण चेयरमैन इंडरी, अख्तर चंदैनी, मदन तंवर नूह, मकसूद शिकरावा, हाजी वली खां रोजका, शौकत नूह, हाजी सहाबुद्दीन कैराका, शोहराब सरपंच मालब, अर्जन रोजका, राज कुमार सरपंच, बिजेंद्र ठेकेदार उजीना, जन्ना आकेड़ा, ताज मौहम्मद सरपंच टपकन, मुबीन तेड़ यूथ कांग्रेस, हाजी बसीर सालाहेड़ी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दबंगों ने मारपीट कर चार को घायल किया

**तावडू।** उपमंडल के गांव सुनारी में दबंगों द्वारा एक पक्ष के लोगों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। मारपीट में चार लोगों के घायल होने की खबर है। सदर थाना पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर सात नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुनारी निवासी शकूर ने बताया कि गत 24 मई को उनके परिवार का ही परवेज ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। तभी रास्ते में सुनारी निवासी शकील ने ट्रैक्टर को जबरन रुकवा कर परवेज के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर उनके पक्ष के लोग बचाव करने के लिए मौके पर पहुंचे। जिन्होंने किसी तरह उन्हें बचा लिया। आरोप है कि जब वह घर लौटे तो इसके बाद सुनारी निवासी सकील ,रुक्कू, बन्नी, साबिर, हम्मी, अकरम और सालिम लाठी-डंडों, फरसा व पाइप आदि से लैस होकर उनके मकान में आ गए। जिन्होंने आते ही उनके ऊपर हमला कर दिया। हमले में उनके परिवार के चार लोग घायल हो गए। पीड़ित ने बताया कि मारपीट के दौरान दबंग उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायलों को उपचार के लिए तावडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,जहां पर चिकित्सकों ने सभी घायलों को नूंह नलहड़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित ने बताया कि अब तक वह घायलों का उपचार कराने में व्यस्त था। सदर थाना पुलिस ने सभी आरोपी हमलावरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### निकाय चुनाव लड़ने वालों के लिए व्यय सीमा की निर्धारित

**नूंह।** निकाय चुनाव की घोषणा के साथ ही चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए खर्च की सीमा को भी नए सिरे से निर्धारित कर दिया गया है। साथ ही इस बार के निकाय चुनाव में उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का नियम भी लागू होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय कुमार लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अगले माह होने वाले निकाय चुनाव के लिए नियम एवं कानून निर्धारित हैं। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए खर्च कर संशोधित सीमा निर्धारित कर दी गई है और साथ ही शैक्षणिक योग्यता को लेकर भी निकाय चुनाव में नियमों को पालन किया जाएगा। खर्च के लिए निर्धारित की गई सीमा के अनुसार नगर पालिका के अध्यक्ष के लिए चुनाव 10.50 लाख रुपये, नगर परिषद अध्यक्ष के लिए 16 लाख रुपये रहेगी। नगर पालिका सदस्य के लिए चुनाव खर्च की सीमा 2.50 लाख रुपये और नगर परिषद सदस्य के लिए 3.50 लाख रुपये निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि आयोग के नियमों के अनुसार चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को अपने-अपने चुनावी-खर्च का लेखा निर्धारित रजिस्टर में दर्ज करना होगा। चुनाव का परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के अंदर यह ब्यौरा जिला निर्वाचन अधिकारी या राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा कराना होना। ऐसा न करने पर वह उम्मीदवार 5 वर्षों के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

### केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थियों से 31 को पीएम करेंगे संवाद

**नूंह।** उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को केंद्र सरकार की ओर से लागू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ सीधा संवाद करेंगे। इस का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नूंह जिला के शहीद हसन खा मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को जिले में दिखाए जाने वाले लाइव प्रसारण की तैयारियों के मद्देनजर व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का शिमला से सीधा प्रसारण किया जाएगा, जिनमें से चयनित जिले के लाभार्थी के साथ प्रधानमंत्री सीधा संवाद भी करेंगे। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्थानों पर मंत्रीगण अथवा सांसद एवं विधायक मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र की दर्जनों योजनाओं को शामिल किया गया है। जिनके लाभार्थियों को कार्यक्रम के दौरान योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए किसी भी योजना के तहत कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए। पात्र आवेदकों को योजनाओं का पूर्ण लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को पूर्ण रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न केंद्रीय योजनाओं का चयन किया गया है। जिनके लाभार्थियों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। इनमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन एवं अमरूत योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि स्कीम, वन नेशन वन राशन कार्ड, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को शामिल किया गया है।

### जॉब मेले का आयोजन 31 को होगा

**नूंह।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उजीना में 31 मई जॉब मेला का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उजीना में किया जाएगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य इंद्राज सिंह ने 31 मई को प्रातः 11: 00 बजे विभिन्न कंपनियां जैसे रिनॉन मानेसर, सीएससी मानेसर, डाइनेमिक मानेसर, सनबीम मानेसर को आमंत्रित किया गया है। इस जॉब मेले में फिटर, टर्नर, मैकेनिस्ट, इलेक्ट्रिशयन, कोपा वेल्डर आलट्रेड (10 वी व 12 वी पास) से आईटीआई उत्तीर्ण छात्रों का कंपनी में अप्रेंटिस के तौर पर चयन किया जाएगा तथा कंपनी के द्वारा चयनित छात्रों को 11 हजार रुपये स्टीपेंड दिया जाएगा। इस जॉब मेले का आयोजन प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उजीना के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि छात्रों मार्कसीट सनद, रिज्यूमे, आधार कार्ड, फोटो आदि डॉक्यूमेंट साथ लेकर आयें।

### 31 तक बैंक खाते को आधार से लिंक कराएं किसान

**नूंह।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नूंह के किसान सम्मान निधि योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अजय तोमर ने कहा कि बार-बार आग्रह करने व जागरुक किए जाने के बावजूद अनेक किसान अपने बैंक खाते को आधार से लिंक नहीं करवा रहे है और न ही बैंक में जाकर ई-केवाईसी करवा रहे हैं, जिस कारण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 11वी किश्त नहीं डल पा रही है। इसके लिए सरकार द्वारा 31 मई 2022 तक का समय दिया गया है। इसलिए ऐसे किसानों को तुरंत बैंक में जाकर अपना खाता आधार नंबर से लिंक करवाने के साथ-साथ ई. केवाईसी भी करवानी चाहिए ताकि उनको किसान सम्मान निधि की किश्त मिलने में कोई परेशानी न हो। यहां जारी एक प्रेस बयान में डॉ. तोमर ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दो हजार रूपये की पेंशन राशि हर चार माह के अंतराल पर दी जाती है।

# मिड डे मील वर्कर की बेटी ने उत्तीर्ण की एनएमएमएस परीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

### एसडीएम पुन्हाना ने प्रशस्ति पत्र देकर बिटिया को किया सम्मानित

**नीति** आयोग के द्वारा चलाये जा रहे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नूंह जिले के पुन्हाना खण्ड में रायपुर गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 9वीं में अध्ययनरत छात्रा सुवालिया ने नेशनल मीन्स मेरिट स्कॉलरशिप प्रतियोगिता सत्र 2021-22 में चयनित होकर पूरे परिवार/विद्यालय/खण्ड/जिले व प्रदेश का नाम देश स्तर पर रोशन किया है। सुवालिया की मां उसी विद्यालय में मिड डे मील वर्कर भी है। एक मां के लिए इससे गौरवपूर्ण और क्या हो सकता है। सुवालिया के इस उपलब्धि को सक्षम बिटिया अभियान के अंतर्गत मिड डे मील वर्कर की बेटी ने एनएमएमएस परीक्षा में चयनित होकर मां का मान बढ़ाया है।

सुवालिया की इस उपलब्धि को सक्षम बिटिया अभियान के अंतर्गत लड़कियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पीरामल फाउंडेशन (कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन) व जिला शिक्षा विभाग नूंह के संयुक्त प्रयास से विद्यालय स्तर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। एसडीएम मनीषा शर्मा ने सुवालिया को प्रशस्ति पत्र व उज्जवल भविष्य कि आशीर्वाद देते हुए सम्मानित किया। पुन्हाना खण्ड में इस तरह के सरकारी योजनाओं में स्कूल के बच्चों के अधिक-से-अधिक हिस्सा लेने पर बल दिया। जिससे इस दो की संख्या को बड़े अंकों में बदला जा सके। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी पुन्हाना धर्मवीर सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने सुवालिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों से बात करके अपील किया कि आप सभी भी बढ़ चढ़कर ऐसे प्रतियोगिताओं में हिस्सा लीजिये। विद्यालय की प्राचार्य प्रोमिला कुमारी ने अपने खण्ड शिक्षा अधिकारी, सरपंच, एसएमसी चैयरमेन व अन्य सभी ग्रामवासियों का अपने विद्यालय परिवार की तरफ से स्वागत किया। पीरामल फाउंडेशन (कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन) के टीम का विशेष धन्यवाद किया। इस आयोजन को आयोजित करने हेतु इसके साथ ही सुवालिया व उसकी मां को माल्यार्पण करके सम्मानित किया। इस वर्ष व गत वर्ष के सभी तीन चयनित विद्यार्थियों को अपनी तरफ से नगद राशि पुरस्कार के रूप में देकर उत्साहवर्धन किया। रायपुर गांव के सरपंच ने सुवालिया के इस उपलब्धि पर कहा, हम सभी ग्रामवासियों को अपने इस बेटी पर गर्व है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से अपने बेटियों को स्कूल जरूर भेजें।

कार्यक्रम का समापन पीरामल फाउंडेशन (कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन) के प्रोग्राम लीडर चंदन वर्मा ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापन करके किया। जिसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी पुन्हाना, सरपंच रायपुर, एसएमसी सदस्यगण, आंगनबाड़ी, मिडडे मील वर्कर, अभिभावक, विद्यालय परिवार कि प्राचार्य व समस्त शिक्षकगण व प्यारे विद्यार्थी रहे।

# मैं सदरूदीन किसान का बेटा..., देश की खातिर जंग लड़ी थी 1857 में

### प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सदरुदीन मेवाती पर प्रस्तुत किया एक गीत

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह



1857 का संग्राम-हरियाणा के वीरों के नाम नाटक का मंचन करते कलाकार।

**आजादी** के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सूचना, जन संपर्कएवं भाषा विभाग हरियाणा द्वारा शुक्रवार को यासीन मेव डिग्री कॉलेज नूंह के प्रांगण में 1857 का संग्राम-हरियाणा के वीरों के नाम नाटक का मंचन किया गया। देश की आजादी के लिए संग्राम 1857 में शुरू हुआ था। स्वतंत्रता की इस संग्राम में हरियाणा के वीरों की भूमिका का चंडीगढ़ से आए कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से प्रभावशाली रूपांतरण किया।

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अहम योगदान देने वाले सदरूदीन मेवाती पर एक गीत प्रस्तुत किया गया, जिसके बोल थे कि मैं सदरूदीन किसान का बेटा-माहिर सूं फसल ऊगावण में, देश की खातिर जंग लड़ी थी 1857 में। इस कार्यक्रम में वाईएमडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद इम्तियाज खान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ब्रिटिश हुकुमत द्वारा भारतीयों पर किए गए अत्याचारों का इस नाटक के माध्यम से सजीव चित्रण किया गया है। जिससे रोंगटे खड़े हो गए हैं।

नाटक में दिखाया गया कि किस प्रकार स्वतंत्रता सेनानी राजा राव तुला राम ने संघर्ष किया। नाटक के माध्यम से दिखाया गया कि अंबाला की छावनी नंबर नौ और छावनी नंबर 60वीं ने अंग्रेजों के खिलाफ सबसे पहले विरोध किया और लड़ाई शुरू की। कलाकारों ने दर्शाया कि किस प्रकार 1857 में देश ने बहादुरशाह जफर के नेतृत्व में जंग छेड़ दी थी।

कॉलेज के प्राचार्य ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। कॉलेज के सभागार में 1857 का संग्राम-हरियाणा के वीरों के नाम नाटक का मंचन किए जाने के लिए जिला प्रशासन तथा सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापकगण तथा भारी संख्या में छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे।

# हरियाणा में 31 मई को कंपनियों से पेट्रोल-डीजल नहीं खरीदेंगे पंप डीलर

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

### ऑल हरियाणा पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन सरकार, कंपनियों के खिलाफ हुए मुखर

**ऑल** हरियाणा पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन आगामी 31 मई 2022 को किसी भी तेल कंपनी से पेट्रोल, डीजल की खरीद नहीं करेगी। इसे नो पर्चेज नाम दिया गया है। पहले से ही जो स्टॉक होगा, उसी की बिक्री की जाएगी। हालांकि उपभोक्ताओं को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं आने देने का आश्वासन हरियाणा के पम्प डीलर्स ने दिया है। शनिवार को यहां पत्रकार वार्ता में डीलर्स ने कहा कि सरकार और तेल कंपनियों की मनमानी से उन्हें करोड़ों का घाटा हो रहा है।

एसोसिएशन के प्रधान अनिल यादव ने कहा कि अभी 31 मई को तो सप्लाई नहीं लेने का निर्णय है, अगर सरकार ने डीलर्स के हितों की रक्षा नहीं की तो निकट भविष्य में सरकारी वाहनों को उधार में पेट्रोल, डीजल देना भी बंद कर देंगे। जो भी समस्या उत्पन्न होगी, उसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। क्योंकि अपनी मांगों को लेकर एसोसिएशन ने कई बार मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा है, लेकिन मुख्यमंत्री नहीं मिल रहे। खुद प्रधानमंत्री प्रदेश सरकारों से वैट कम करने का आग्रह कर चुके हैं, लेकिन हरियाणा सरकार ने पीएम के निर्देशों की भी अनदेखी की है।

अनिल यादव ने कहा कि पिछले पांच साल में पेट्रोल की कीमत 160 प्रतिशत और डीजल की 150 प्रतिशत बढ़ चुकी है, लेकिन पंप डीलर्स का कमीशन एक बार भी नहीं बढ़ाया गया है। वर्ष 2017 के बाद अब तक पिछले पांच साल में पम्प डीलर्स का कमीशन तेल कंपनियों ने नहीं बढ़ाया है, जबकि नियम यह है कि हर छह महीने के बाद डीलर कमीशन बढ़ाया जाना चाहिए। हकीकत यह है कि जो भी कमीशन पम्प डीलर को मिलता है, उसका 90 फीसदी हिस्सा पम्प चलाने के खर्चों में वहन हो जाता है। भारत सरकार द्वारा गठित अपूर्व चंद्रा कमेटी की रिपोर्ट में भी यह बात मानी गई है।




पत्रकारों से बात करते ऑल हरियाणा पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### बढ़ोतरी को डीलर के बिक्री मूल्य में नहीं जोड़ा

**श्रीयादव** ने कहा कि नवंबर 2021 व मई 2022 में भारत सरकार ने एक्साइज ड्यूटी में 15 से 20 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। जुलाई 2015 में पेट्रोल 17.46 रुपये, डीजल 10.26 रुपये तथा जुलाई 2021 में पेट्रोल 32.90 रुपये, डीजल 31.80 रुपये (कुल पेट्रोल 50.36 रुपये व डीजल 42.06 रुपये) की बढ़ोतरी की है, लेकिन बढ़ोतरी को डीलर के बिक्री मूल्य में नहीं जोड़ा गया है, जबकि घटाई गई एक्साइज ड्यूटी की राशि दोनों बार ही डीलर के बिक्री मूल्य से घटा दी गई हैं, जिससे प्रत्येक डीलर को लाखों रुपये का नुकसान भुगतना पड़ा है जो कि किसी भी प्रकार से न्यायसंगत नहीं है।

### एक्साइज ड्यूटी घटाने से 200 करोड़ का नुकसान

**गुरुग्राम** से डीलर मनीष यादव व राकेश जैन ने बताया कि हरियाणा में 4000 तेल पम्प हैं। प्रत्येक पम्प को कम से कम 5 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इस हिसाब से डीलर्स को 200 करोड़ रुपये से भी अधिक का नुकसान झेलना पड़ा है, जो कि न्यायसंगत नहीं है। कंपनियों की ओर से कोर्ट में केस विचाराधीन की बात कहकर टाल दिया जाता है। जबकि हकीकत यह है कि आज तक किसी भी डीलर की ओर से अदालत की शरण नहीं ली गई है। कंपनियों से जब केस की जानकारी मांगी जाती है तो वे कुछ नहीं दे पाती। इससे साफ है कि तेल कंपनियों की मनमानी से डीलर्स के हक मारे जा रहे हैं।

### पम्प डीलर्स को एक्साइज के घटने-बढ़ने से बाहर रखें: एमसी गुप्ता

**एसोसिएशन** के महसचिव एमसी गुप्ता ने कहा कि पम्प डीलर्स को एक्साइज के घटने-बढ़ने से बाहर रखना चाहिए। डीलर को एक्साइज ड्यूटी का पूरा भुगतान करने पर ही पेट्रोल, डीजल की पूरी सप्लाई दी जाती है। ऐसे में उनके बिक्री मूल्य में से एक्साइज ड्यूटी की राशि वापस कम करना ज्यादगी है। अनिल यादव ने कहा कि इन सब विषयों, समस्याओं को लेकर एसोसिएशन की ओर से तेल कंपनियों के चेयरमैन व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित में अनुरोध किया जा चुका है, लेकिन डीलर्स की समस्याओं का कोई हल नहीं हुआ है। उन्होंने सीमावर्ती राज्यों की तर्ज पर हरियाणा में भी बेसिक रेट कम करने की मांग की है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राहुल जैन, पवन गोयल, महासचिव नकुल अग्रवाल, खजांची अशोक जैन, गुड़गांव अध्यक्ष मनीष यादव के अलावा राकेश जैन, पवन गुप्ता, राज यादव, अनिल आदि मौजूद रहे।

### हिमाचल के बराबर किए जाएं दाम

**एसोसिएशन** की ओर से जानकारी दी गई कि हरियाणा में डीजल का बेसिक मूल्य 74.38 रुपये है, यह 16.80 फीसदी वैट लगाने के बाद 86.88 रुपये में बेचा जाता है। हिमाचल प्रदेश में डीजल की बेसिक मूल्य 74.69 रुपये है, जिसमें वैट प्रतिशत में नहीं, बल्कि मात्र 4.40 रुपये प्रति लीटर लगाया गया है। इसके बाद डीजल की कीमत 79.09 रुपये हो जाती है। मांग है कि हरियाणा में भी हिमाचल जैसी पॉलिसी लागू हो। पेट्रोल का हरियाणा में बेसिक मूल्य 80.30 रुपये है, यह 19.11 प्रतिशत वैट लगने के बाद 95.64 रुपये में बेचा जाता है। वहीं हिमाचल में इसका बेसिक मूल्य 80.62 रुपये है, जहां 13.40 रुपये वैट लगने के बाद यह 94.12 रुपये में बेचा जाता है। हिमाचल के अलावा पंजाब और चंडीगढ़ में भी पेट्रोल, डीजल पर वैट काफी कम है।


## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Sudhir Kumar Sharma R/o Nawada Colony, Pali(13), Faridabad have changed my father's name from Karu Sharma to KARU PARSAD SHARMA.

I, Surender R/o 462/2, Nawada Koh, Faridabad have changed my father's name from Keshwa Nanda to Keshu Ram and my DOB from 6.8.1969 to 15.04.1969

◆ बेदखली सूचना ◆

मैं रामपाल पुत्र श्री रिखन निवासी गांव गुलावद तहसील होडल जिला पलवल ने अपने पुत्र मामराज को चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अपने किसी लेनदेन या झगड़े के लिये वह खुद जिम्मेवार होगा, हम नहीं।

◆ खोया-पाया ◆

मैं, अलकेश कुमार पुत्र गिनना राम निवासी गांव बकाना, जिला यमुनानगर सूचित करता हूं कि मेरे मकान की रजिस्ट्री वसीका नंबर 904/1, दिनांक 3/8/2010 गांव में कहीं गुम हो गई है। मिलने पर मो. 83989-59001 या जितेन्द्र कुमार शर्मा, एडवोकेट, चैंबर नंबर 67-ए, करनाल या मो. 086070-05656 पर सूचित करें।



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# बंदूक की संस्कृति

## बच्चों की हत्या

**रॉब** प्राथमिक स्कूल में नरसंहार ने एक बार फिर अमेरिकी नौजवानों में बंदूक की संस्कृति पर सवाल उठाए हैं। अमेरिका की अपने बारे में धारणायें उलट रही हैं। 'दुनिया के पुलिसमैन' या 9-11 के बाद 'दुनिया के सैनिक' जैसी कहावतें अब उलट गई हैं। हालीवुड में अमेरिकन मैरीन की प्रभावशाली छवि तथा नशे जैसी आदत डालने वाले वीडियो गेमों ने खूनी रूप धारण कर लिए हैं। अमेरिका के 'स्पेशल आपरेटर' को आमतौर से 'अमेरिकन जीवनशैली' का अंग माना जाता है, अब नवीनतम फ्रैंकस्टीन जैसा दानव सिद्ध हो रहा है। यह हत्याकांड टैक्सास में हुआ है जिसे स्वघोषित 'फ्रंटियरमैन' या 'बकेनर्स' की भूमि माना जाता है जो अब भी पुराने चरवाहों या काऊब्वाय जैसी हैट व बूट पहनते हैं, घोड़ों पर सवारी करते हैं तथा उनकी बंदूकें, राइफलें व रिपीटर्स उनकी मर्दवादी छवि मजबूत करते हैं। टेक्सास के उवाल्डे में मंगलवार को घटी नरसंहार की नवीनतम घटना ने अमेरिकनों को एक बार फिर झकझोर दिया है, जिस पर लंबे समय से ध्यान देने की जरूरत है। पहले नरसंहार करने वालों को इस्लामी जिहादी, श्वेत नस्लवादी या दक्षिणपंथी स्थानीय आतंकी बता दिया जाता था। लेकिन आज के अमेरिकन हत्यारे इस किस्म के नहीं हैं। ये अधिकांश पुरुष तथा सामान्य नागरिक हैं, सामान्य पड़ोसी की तरह रहते हैं तथा गरीबी या सामाजिक अलगाव की भावना छिपाते हैं। आमतौर से इनका जीवन बरबाद हो चुका होता है अथवा वे दयनीय रूप से मानसिक विकृति का शिकार होते हैं। इन स्थितियों से परेशान हत्यारे अपनी समझ से न्याय पाने का सर्वोत्तम तरीका बंदूक उठाना समझते हैं। लेकिन पहले ऐसे व्यक्ति को इस भूमिका में आने के लिए टीवी पर्दे की छवि, चीविंग गम रैपर, पहलवान बनाने वाले व्हे टिन तथा एक फिल्म चुननी होती है। वास्तव में हर अमेरिकी विज्ञापन में बंदूक लहराते,




मर्दवादी व स्वघोषित चौकीदार दिखते हैं। इसी प्रकार हत्यारा टैक्टिकल बैटल यूनीफार्म, हैट, वेस्ट, ग्लव्स व कार्गो ट्राउजर्स की व्यवस्था करता है क्योंकि सबसे मजबूत अमेरिकी यही 'वेशभूषा' पसंद करते हैं।

'स्पेशल आपरेटर' ने हथियार के बारे में काफी सोचा होगा। उसने डीडीएम4 राइफल चुनी जो सेना की एम4 कार्बाइन का सिविल रूप है। सौभाग्य से सिविल रूप पूरी तरह स्वचालित नहीं होता है नहीं तो और ज्यादा लोग मारे जाते। एआर-15 राइफल तथा 375 गोलियों पर उसे 400 से 2000 डालर तक खर्च करने पड़े होंगे तथा होलोग्राफिक साइट के 700 डालर और लगे होंगे। इस प्रकार हत्यारा ओलिव-ग्रीन कपड़े पहने अमेरिकन सैनिक सुपरमैन के रूप में आ गया होगा। दुनिया को ऐसी विभीषिकाओं का अनुमान काफी पहले डोनाल्ड ट्रंप के युग में हो गया था जब बिना किसी उद्देश्य के बंदूके लहराते स्पेशल आपरेशन फोर्सेज़-एसओएफ जैसे लोग पूरे देश में अपनी पिकअप पर घूमते देखे जा सकते थे। उरका उद्देश्य केवल हत्यारा दक्षिणपंथी दृष्टिकोण प्रदर्शित करना होता था। दुनिया को उन दंगाइयों की याद है जिन्होंने ट्रंप के आह्वान पर जनवरी में अमेरिकी कैपिटाल पर धावा बोला था। वे कैवलार व धातु के हेल्मेट पहने तथा शानदार हथियार लिए थे। ऐसे 'एक्टिविस्टों' ने कोविड मास्क आदेश का विरोध करते हुए हवा में गोलियां चलाईं। वे बंदूक चला कर यह बताना चाहते हैं कि अमेरिका को प्यार करते हैं। अब अमेरिका में बंदूक की संस्कृति हाशिए से निकल कर मुख्यधारा संस्कृति बन गई है। उत्तेजना फैलाने वाले ऐसे सशस्त्र लोग स्वयं को दक्षिणपंथी 'नायकत्व' के प्रतीक की तरह पेश करते हैं तथा गोलियों से कर्ज का भुगतान करते हैं। रिपब्लिकन जहां बंदूक की संस्कृति को गरिमापूर्ण मानते हैं, वहीं डेमोक्रेट उसे प्रतिबंधित करने के आधे-अधूरे प्रयास करते हैं। अमेरिका को इसका रोज नुकसान उठाना पड़ता है। अमेरिकन सोच फौरन बदलने की जरूरत है। इसका अर्थ केवल बंदूकों की सीमा तय करने के साथ ही मर्दवादी छवि बदलना भी है जिसके कारण परेशान लोग बंदूक उठा लेते हैं। यह आम लोकतांत्रिक समझ के विपरीत है कि बंदूक पर स्वामित्व उदारवादी है।

# चिंतन और मंथन पर अमल ही कांग्रेस की 'प्राणवायु'

## अब समझने का प्रयास करते हैं कि राजस्थान के उदयपुर में आयोजित कांग्रेस के इस तीन दिवसीय संकल्प शिविर में देशभर से आए कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने क्या चिंतन-मंथन किया।



**निशिकांत ठाकुर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं)



**चुनावी** रणनीतिकार प्रशांत किशोर से पिछले दिनों एक निजी खबरिया चैनल के एंकर ने पूछा कि राहुल गांधी की छवि को भारतीय जनता पार्टी ने बुरी तरह डेंट कर दिया है, तो क्या उनकी छवि सुधारी जा सकती है? इस पर प्रशांत किशोर ने कहा कि जब नरेंद्र मोदी जी की छवि वर्ष 2002 के गुजरात दंगों के बाद सुधारी जा सकती हैं तो फिर राहुल गांधी की क्यों नहीं? एक दूसरी बात, जब कुछ बुद्धिजीवियों से बात हुई तो उनका कहना था कि वे भारतीय जनता पार्टी के विचारों और कृत्यों से सहमत नहीं हैं, लेकिन वोट देकर अपने अधिकार का उपयोग करना चाहते हैं, लेकिन वोट दें तो किसे? बराबर में सामने कोई दावेदार नजर ही नहीं आता है। कांग्रेस जैसी पार्टी को देश की जनता इस नजरिए से इस प्रकार देखेगी, उसके प्रति इस तरह के विचार रखेगी शायद इस दल के संगठनकर्ता ने सपने में भी सोचा नहीं होगा। निश्चित रूप से इस दल के नेताओं ने अपने कृत्यों से इसका भारी अहित किया है और अब शायद देश की जनता के समक्ष गुनाहगार की अपनी छवि को बचाने का प्रयास करने लगी है। तभी तो उस दल के नेताओं के लिए कहा जा रहा है कि उसकी डेंट छवि को क्या सुधारा जा सकता है तथा मतदाता यह सोचने लगे हैं कि भारतीय जनता पार्टी को नहीं, तो किस और दल को अपना मतदान करें। पिछले दिनों हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में बुरी तरह फ्लॉप होने के बाद अब उसके बड़े नेताओं की समझ में यह बात आ गई है कि यदि अपनी कमजोरी को समय रहते अच्छी तरह जान—समझकर उसे दूर नहीं किया, तो संभव है कुछ वर्षों बाद इसका कोई नामलेवा भी नहीं बचेगा और भारतीय जनता पार्टी का %कांग्रेस मुक्त भारत% का नारा और सपना, दोनों साकार हो जाएगा। इन्हीं विकट परिस्थितियों के कारण पिछले दिनों राजस्थान के उदयपुर में कांग्रेस ने %चिंतन शिविर% का आयोजन कर यह जानने और समझने का प्रयास किया कि आखिर अपनी गिरती और दिनोंदिन हास्यास्पद होती जा रही स्थिति को कैसे दुरुस्त किया जाए।

सच में मंथन से ही जहर और अमृत, दोनों निकलता है। देखना यह है कि इस %नव संकल्प शिविर% में हुए मंथन के बाद इस दल को क्या और कितना लाभ मिल पाता है और नेताओं की डेंट छवि कितनी सुधर पाती है।

अब समझने का प्रयास करते हैं कि राजस्थान के उदयपुर में आयोजित कांग्रेस के इस तीन दिवसीय संकल्प शिविर में देशभर से आए कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने क्या चिंतन-मंथन किया। पार्टी में विखंडित एकता पर चिंता जताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस बात को स्वीकारा कि पार्टी में एकजुटता अनिवार्य है और संगठन को जीवित रहने के लिए परिवर्तन की भी जरूरत है, इसलिए पार्टी में सुधार भी जरूरी है। पार्टी के कायाकल्प के लिए युवाओं को रिझाने की दिशा में कांग्रेस कार्य समिति से लेकर बूथ स्तर तक संगठन के हर स्तर पर पचास साल से कम उम्र के लोगों के लिए पचास प्रतिशत आरक्षण देने की बात की गई। संगठनात्मक ढांचे में आमूल परिवर्तन के प्रस्तावों को सामने लाया गया। अपवादों को छोड़कर एक परिवार को एक टिकट देने का फार्मूला, पूरे साल जनता के मूड भांपने के लिए पार्टी का अपना सर्वे और आकलन विंग, पांच साल तक संगठन में काबिज रहे पदाधिकारी अनिवार्य रूप से पद त्यागें, 15-20 बूथों का एक मंडल और हर ब्लॉक में तीन से पांच मंडल समितियां बनाने का प्रस्ताव पेश किया गया है। संगठन को नकारा नेताओं से छुटकारा दिलाने और अच्छा काम करने वालों को प्रोत्साहन देने का भी कांग्रेस तंत्र बनाने जा रही है। इसके लिए पार्टी में अलग तंत्र बनाने और अनुशासन को भी सख्ती से लागू करने की भी जरूरत पर बल दिया गया।

सम्मेलन का आयोजन तो %चिंतन शिविर% के रूप में किया गया था, लेकिन कांग्रेस ने शिविर से %चिंतन% शब्द हटा दिया है। पार्टी ने %नव संकल्प शिविर% के बैनर तले इसमें चर्चा की । इस पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि ऐसा इसलिए किया गया है, ताकि हार के कारणों पर कोई चर्चा न हो और सभी पार्टी के भविष्य की नई रणनीतियों पर चर्चा करें। पार्टी के लगभग सभी नेताओं का फोकस इस बात को लेकर रहा है कि आने वाले राज्यों के चुनाव और विशेष रूप से वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव को किस प्रकार लड़ा जाए और जिन कारणों से उनकी पार्टी पीछे चली गई है, उसे फिर से न दोहराते हुए चुनाव जीतने का संकल्प लिया जाए। विभिन्न मुद्दों पर अपनी चर्चा के दौरान ईवीएम का भी मुद्दा उठा, जिसके लिए कहा गया कि इस पर भी विचार किया जाना चाहिए। पार्टी के कई असंतुष्ट नेता संसदीय बोर्ड के गठन की मांग कर रहे थे जिसे एक सुझाव के रूप में पार्टी ने स्वीकार भी कर लिया है। सम्मेलन में यह भी योजना बनी कि विधानसभा चुनावों और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव तक आंदोलन के लिए पार्टी की देशव्यापी योजना कैसे तैयार हो, ताकि आम आदमी के बीच मुद्दों को लेकर बड़ा आंदोलन खड़ा किया जा सके। इसके लिए दल के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने जन जागरण अभियान के लिए भविष्य के कार्यक्रमों का खाका भी पेश किया। इसमें कहा गया है कि हम लोगों के बीच मुद्दे को उठाएंगे, तभी पार्टी के उद्देश्यों का मतलब आमजन की समझ में आएगा। रुपये में गिरावट पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा गया कि सरकार कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि पर महंगाई का ठीकरा नहीं फोड़ सकती, क्योंकि महंगाई रूस--यूक्रेन युद्ध से पहले से बढ़ रही है और डॉलर के मुकाबले रुपयों की कीमत में घोर गिरावट के लिए सरकार की नीतियां ही जिम्मेदार हैं। धर्मस्थलों पर यथास्थिति रखने के लिए भी कहा गया, क्योंकि ऐसा न करने से टकराव की स्थिति बढ़ेगी। नव संकल्प शिविर में अध्यक्ष बनाए जाने का भी मामला उठा, जिसमें कहा गया कि राहुल गांधी को दो वर्ष से अध्यक्ष बनाए जाने के लिए उन्हें मनाने का प्रयास किया जा रहा है, इसलिए प्रियंका गांधी वाड्रा को अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। कई नेता राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाए जाने के पक्ष में थे। दीपेंद्र हुड्डा और रंजीत रंजन का विचार था कि प्रियंका गांधी को उत्तर प्रदेश की राजनीति तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए।

युवाओं में जोश फूंकते हुए पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस और जनता के बीच दूरी बढ़ गई है जिसके संवाद के तारों को जोड़ना ही पार्टी की राजनीति वापसी का एकमात्र रास्ता है। राहुल गांधी का यह कहना था कि कोई क्षेत्रीय दल भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला नहीं कर सकती, क्योंकि उसकी अपनी सीमाएं हैं। केवल कांग्रेस ही राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी को शिकस्त दे सकती है। उन्होंने अपने वरिष्ठ नेताओं को बल देने के उद्देश्य से कहा कि कभी—कभी वे निराश हो जाते हैं, हताश हो जाते हैं, डिप्रेशन में चले जाते हैं, लेकिन उन्हें यह समझना होगा कि लड़ाई आसान नहीं है। राहुल गांधी ने भाजपा के लिए कहा कि उनकी पार्टी (कांग्रेस) के कार्यकर्ताओं और नेताओं को जनता के बीच जाकर उन्हें बताना होगा भाजपा देश को बांट और तोड़ रही है और कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो सबकी है और इस देश में कोई ऐसी जाति धर्म नहीं है, जो यह कह सके कि कांग्रेस ने उसके लिए अपने दरवाजे बंद कर लिए हैं। जातिवाद के मामले में उन्होंने क्षेत्रीय दलों पर करारा प्रहार किया। उन्होंने भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेसी सड़कों पर उतरे और भाजपा-संघ की विचारधारा का पूरे जोश से दम लगाकर विरोध करें और लड़ें।

शिविर में जो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, उनमें अहम बात यह रही कि सबने मिलकर युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक चुनाव में कुल टिकटों में से 50 से कम उम्र के लोगों आधे टिकट देगी। जनता से जुड़ाव के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पदयात्रा निकालेंगी। महत्वपूर्ण बात यह भी रही कि नव संकल्प शिविर में जो निर्णय लिए गए हैं, उन सुधारों को लागू करने के लिए टास्क फोर्स का भी गठन किया गया है। तीन दिन चले मंथन के बाद संगठन में अहम सुधार, जनता से जुड़ाव तथा सड़क पर संघर्ष के मूल मंत्र का संकल्प लेते हुए वर्ष 2024 में अपनी राजनीतिक वापसी के लिए लड़ाई का रोडमैप तैयार कर लिया है। यदि चुनाव के समय इस प्रकार की बात पार्टी के शीर्ष नेताओं तथा घोषणा—पत्र में इन बातों की घोषणा की जाती तो उसे जानता चुनावी जुमला ही मानती, लेकिन देश के सबसे बड़े और आजादी के लिए मर मिटने वाली पार्टी ने यह निर्णय लिया है तो यह माना जा सकता है कि अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिए इस प्रकार का निर्णय अपने मंथन शिविर में कांग्रेस ने जो लिया है, जिसे झुठलाया भी नहीं जा सकता और चुनावी जुमला भी नहीं कहा जा सकता। अब थोड़ा इंतजार जनता को भी करना होगा और देखना होगा कि इस नव संकल्प शिविर में हुए घनघोर मंथन का क्या असर कांग्रेस पार्टी पर पड़ता है, क्योंकि सब कुछ करना तो उन्हीं जमीन से जुड़े नेताओं को है। इसलिए उन्हें सामने आना ही होगा और अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिए जो निर्णय उदयपुर के नव संकल्प मंथन में लिया गया है, उन्हें जमीन पर उतारने के लिए कटिबद्ध होना ही पड़ेगा। यदि ऐसा नहीं करेंगे तो अपने नेता राहुल गांधी की डेंट छवि को वह कितना सुधार पाते हैं, अब प्रतीक्षा इसकी हमें करनी चाहिए।

# ...पर उपदेश कुशल बहुतेरे

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)



**पर** उपदेश कुशल बहुतेरे, जे आचरहिं ते नर न घनेरे'। गोस्वामी तुलसीदास की यह चौपाई हर युग में हर काल में प्रासंगिक रही है। इसका अर्थ है कि दूसरे को उपदेश देना सरल है पर खुद उस पर अमल करना कठिन। इस समय उपदेशक ज्यादा हैं और उन पर अमल करने वाले कम। अगर व्यक्ति स्वयं आदर्शों का पालन करने लगे तो उसे उपदेश देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यहां इस चौपाई को राजनीतिक संदर्भों में उद्धृत किया गया है। यूं तो इससे वाबस्ता किरदार एक से ज्यादा हैं लेकिन शुरुआत पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से जो शुरू से जुझारू रही हैं और अपनी राजनीति के प्रारम्भिक काल में ही उन्होंने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के दिग्गज सोमनाथ चटर्जी को हराकर सनसनी फैला दी थी। ममता आज भी जुझारू हैं। यह अलग बात है कि वह उन्हीं मुद्दों की मुखालफत से जूझ रही हैं जिनको लेकर वह खुद जब-तब गिले शिकवे करती रहती हैं। मतलब यह कि 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' की कहावत उन्हीं पर चरितार्थ हो रही है।

ममता बनर्जी की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में राज्य के विश्वविद्यालयों के चांसलर यानी कुलाधिपति को लेकर नया व अभूतपूर्व निर्णय किया गया। नई व्यवस्था के तहत अब राज्यपाल के स्थान पर मुख्यमंत्री प्रदेश के विश्वविद्यालयों की चांसलर होंगी। इस संबंध में जल्दी ही राज्य विधान सभा में एक विधेयक पेश किया जाएगा। विधानसभा में इसका पारित होना महज औपचारिकता होगी और यूं राज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में आने वाला सबसे महत्वपूर्ण व व्यवहारिक दायित्व उनसे छिन जाएगा।

यह बात सर्वविदित है कि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनकड़ व ममता बनर्जी के बीच छत्तीस का आंकड़ा है और यह हर दूसरे तीसरे व चौथे दिन परिलक्षित होता रहता है। ममता के इन आरोपों को भी सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता कि जगदीप धनखड़ केंद्र के इशारे पर ममता सरकार को परेशान करने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देना चाहते। राज्यपाल व मुख्यमंत्री के बीच ऐसा टकराव कोई नया नहीं है। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री रहते तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक से उनके संबंध बहुत सहज नहीं थे और विधान परिषद के लिए मनोनयन व लोकायुक्त के चयन के मुद्दे पर क्या क्या हुआ यह भी देखा व समझा जा चुका है। बहरहाल असहज रिश्तों के बावजूद तत्कालीन अखिलेश सरकार ने राज्यपाल के अधिकार व दायित्व में कटौती करने या यूं कहें कि राज्यपाल



के पर कतरने की कोई कोशिश नहीं की। अतीत ऐसे प्रसंगों से भरा पड़ा है जब राज्यपाल व मुख्यमंत्री के बीच तल्खी देखी गयी और यह सिलसिला आज भी जारी है। इसकी प्रमुख वजह केंद्र व राज्य में अलग अलग दलों की सरकारों का होना ही है। पश्चिम बंगाल के बाद इसकी बानगी महाराष्ट्र में भी देखी जा सकती है जहां उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार ने करीब दो साल पहले विधान परिषद में मनोनयन के लिए जो सूची राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को भेजी थी वह आजतक ठंडे बस्ते में पड़ी है और विवाद सुप्रीम कोर्ट की चौखट तक जा चुका है। बावजूद तल्खी के महा विकास अघाड़ी सरकार ने वैसा कोई अतिवादी कदम नहीं उठाया जैसा ममता बनर्जी ने उठाया है।

ममता बनर्जी का यह कदम इसलिए भी ध्यान आकर्षित करता है क्योंकि ममता का आचरण उसके बिल्कुल उलट है जिसको लेकर वह खूब जोर से शोर मचाती हैं। यानी 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे'। ममता बनर्जी के नेतृत्ववाली तृणमूल सरकार से केंद्र की राजग सरकार के रिश्ते कभी भी सौहार्दपूर्ण नहीं रहे। शायद ही कोई हफ्ता बीतता होगा जब ममता बनर्जी केंद्र पर यह आरोप न लगाती हों कि नरेंद्र मोदी सरकार भारत के संघीय ढांचे को नष्ट कर रही है। यूं तो ममता की ओर से और भी कई आरोप नियमित तौर पर लगाए जाते हैं लेकिन संघीय ढांचे पर प्रहार व मोदी की तानाशाही सूची में सर्वोपरि हैं। और ममता के लिए जबरदस्त विरोधाभास यही है कि यही दोनों आरोप खुद उन पर भी चस्पा होते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या राज्यपाल की जगह खुद विश्वविद्यालयों का चांसलर बनना क्या देश के संघीय ढांचे को मजबूत करता है? क्या अधिकारियों या फिर कुलपतियों को बुलाए जाने पर भी राजभवन न जाने देकर ममता बनर्जी संघीय ढांचे को और मजबूत करने के लिए खाद पानी दे रही हैं? लोग भूले नहीं हैं कि विगत में राज्य के दौरे पर गए पीएम नरेंद्र मोदी की बाढ़ समीक्षा बैठक में कैसे प्रोटोकाल की धज्जियां उड़ाई गईं और जिसके चलते उपजे विवाद के संदर्भ में पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्य सचिव का मामला अभी भी दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित है। लोग यह भी नहीं भूले हैं कि किस तरह सीबीआई को अपना काम करने से रोका गया था और देश की सर्वोच्च अन्वेषण संस्था को शासकीय दायित्व निभाने के दौरान पश्चिम बंगाल की पुलिस ने बंधक बना लिया था। और इस मामले में भी कोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा था।

ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में कांग्रेस व सीपीएम के नेतृत्व वाले लेफ्ट फ्रंट को चुनाव की मुख्य स्पर्धा से बाहर कर दिया है और उनका मुकाबला सिर्फ भाजपा से है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने टीएमसी को कड़ी टक्कर दी थी लेकिन पिछले साल ममता बनर्जी ने विधान सभा चुनाव में इसका बदला सूद सहित लिया और राजनीतिक हल्कों में यह कहा और महसूस किया जाता है कि चुनाव में मिली शानदार सफलता ने ममता के व्यक्तित्व में एक अधिनायक को जन्म दे दिया है। अगर बहस के लिए मान लें कि पीएम मोदी में भी अधिनायकवादी तत्व मौजूद हैं तो फिर यह कहने से कोई गुरेज नही होगा कि ममता बनर्जी का अधिनायकवाद मोदी से कहीं आगे है।

ममता बनर्जी की राजनीतिक महत्वाकांक्षा किसी से छिपी नहीं है। वह मोदी को सत्ता से हटाने के लिए आतुर व व्याकुल हैं। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर गठजोड़ बनाने की संभावनाओं को भी वह तलाशती रहती हैं। अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति की दौड़ में वह खुद भी उन्हीं कृत्यों व प्रवृत्तियों को आत्मसात कर चुकी हैं जिनके लिए वह दूसरों पर उंगली उठाती रहती हैं। राज्य व राज्य के मुख्यमंत्री की भूमिका व सार्थकता तभी है जब वह पीएम के प्रति भी आदर का भाव रखें। यह एक तरह 'गिव एंड टेक' जैसा रिश्ता है जिसमे दोनों एक दूसरे के पूरक हैं न कि विरोधी। और ऐसा न होने पर तो ममता बनर्जी के लिए यही कहा जाएगा 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे, जे आचरहिं ते नर न घनेरे।'

## आप की बात

### सदन की गरिमा

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा के चलचित्र सामान्य जनमानस ने देखे। भूतकाल में सदनों में घटी घटनाओं का भी जनता ने खूब स्वाद लिया है, बॉलीवुड फिल्मों की तरह। पहले अतीत में भी कई विस्मयकारी रूप देखने को मिल चुके हैं। आज मर्यादाओं को भूलते हुए फिर नेता प्रतिपक्ष सदन की गरिमा को तोड़ते नज़र आए। जहां दूसरी बार नियुक्त उपमुख्यमंत्री का अपमान करते नेता प्रतिपक्ष को सबने देखा। अपने आप को फारेन रिटर्न बुद्धिजीवी कहलवाने वाले युवा नेता प्रतिपक्ष को सत्तासीन दल के उपमुख्यमंत्री के लिए क्या असंसदीय भाषा शोभा देती है। ये तो अच्छा है कि उत्तर प्रदेश की सत्ता में बैठे लोग वर्षों के संघर्ष से परिपक्व हो गए हैं, वरना यदि अन्य विधायकगणों की और से ऐसी ही प्रतिक्रिया सामने से आ जाती तो पुन: आप लोग सदन की गरिमा को तार-तार करने में कोई कोताही न बरतते। जमीनी संघर्ष आपने देखा ही नहीं, पर जिसे आप शायद बड़प्पन समझ रहे हैं वो जनता की नज़र में कहीं बदतमीजी तो नहीं? माना आप मुँह में चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए हैं, पर सदन की गरिमा बनाये रखना आपका कर्तव्य है।

- **मनोज,** मेरठ

### ज्ञानवापी प्रकरण

**ज्ञानवापी** मस्जिद के मामले के साथ-साथ मथुरा की ईदगाह का मामला भी अदालत पहुंच चुका है। हालांकि पूजा स्थल अधिनियम यह कहता है कि 1947 में जिस धर्मस्थल का जो स्वरूप था, उसे बिल्कुल नहीं छेड़ा जाएगा। इसके बावजूद यह सिलसिला जारी है और हैरतअंगेज तौर पर निचली अदालतें इस कानून के रहते मस्जिदों पर हिन्दुत्ववादी तत्वों के दावों को सुनवाई के लिए स्वीकार कर रही हैं। जो बात कानून के मामूली जानकारों को मालूम है, वह न्यायधीशों को नहीं मालूम, ऐसा तो नहीं हो सकता। लेकिन ऐसी याचिकाओं को स्वीकार करने से जनता के एक बड़े हिस्से में न्यायपालिका की छवि खराब हो सकती है । सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद के मामले की सुनवाई के दौरान संतुलन बनाए रखने की बात कही है। क्या यह उचित नहीं होगा कि उसकी ओर से यह स्पष्ट निर्देश दिया जाए कि ज्ञानवापी मस्जिद मामले में दोनों पक्षों को हिन्दू और मुस्लिम पक्ष न लिखा जाए तथा अयोध्या रामजन्मभूमि मामले की तरह ज्ञानवापी स्थल को विवादित स्थल बताया जाए। इस विवाद से वाराणसी में पर्यटन व होटल उद्योग प्रभावित हो रहा है।

- **डॉ हेमंत कुमार,** भागलपुर


### समान नागरिक संहिता

**हमारे** देश के संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 44 में यह भावना व्यक्त की थी कि देश के सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून बनाना चाहिए जिसमें सरकार से अपेक्षा की गई कि वह पंथ, जाति, क्षेत्र, भाषा जैसे विभाजनकारी आधार की चिंता किए बिना सभी के लिए समान कानून बनाएगी। विडंबना है कि जब समान नागरिक संहिता की बात हुई तो प्रचार हुआ कि इससे अल्पसंख्यकों के मजहबी अधिकार छिन जाएंगे। जबकि यह ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी कानून किसी मजहब के विरुद्ध हो तो वह कानून सुप्रीम कोर्ट में खारिज हो जाएगा। समान नागरिक संहिता लाने की घोषणा के साथ-साथ ही उसका विरोध शुरू हो गया है। विरोध में यही तर्क है कि यह संविधान-विरोधी है इसमें ज्यादातर विरोध मुस्लिम संगठनों का ही है जिससे लगता है कि इससे उन्हें बड़ा नुकसान होगा तब इस कानून को लाने से पहले इस पर हर धर्म में बहस करना बेहद जरूरी है ताकि उनकी भी इस विषय में आंखें खुल सके क्योंकि यह कानून तो सभी के लिए महत्वपूर्ण है और सभी के लिए लाभदायक भी है।

.- **राज,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हम** केवल सरकार चलाना जानते हैं। हम वोटबैंक की राजनीति नहीं करते हैं।

- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

**इस** मूर्खतापूर्ण युद्ध को आपके पुतिन ने शुरू किया है। यह युद्ध झूठ पर खड़ा है।

- **अलेक्सेई नवाल्नी**
क्रेमलिन के आलोचक





**राहुल** ने फिर ब्रिटिश एमपी जेरेमी कार्बिन से मुलाकात की। वे भारत से घृणा व उसे नापसंद करने वाले तथा कश्मीरी अलगाववाद के पैरोकार हैं।

- **किरन रिजिजू**
केन्द्रीय मंत्री

# जरा संभलकर... धरती से प्रतिदिन निकाल रहे एक अरब लीटर पानी

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**कुदरत** से खिलवाड़ के चलते देश के कई हिस्सों में वेव हीट चल रही है, कई जगह पेयजल संकट खड़ा हो चुका है। बावजूद प्रतिदिन जिला में प्रतिदिन खेती, घेरेलू सहित औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिदिन एक अरब लीटर से अधिक पानी धरती से खींचा जा रहा है।

अगर धरती से पानी खींचने की यही रफ्तार रही तो आने वाले दिनों में भीषण पेयजल संकट पैदा हो जाएगा, तब शायद बहुत देर हो चुकी होगी। जहां किसान धान की खेती का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं, दूसरी ओर आमजन करोड़ों लीटर पयजल मुर्खतापूर्वक बर्बाद कर देते हैं। सरकार की पेयजल बचाव की नीतियां कागजों तक सीमिट कर दम

### पानी के बचाव के प्रति गंभीर नहीं प्रशासन

तोड़ देती है। हालांकि पेयजल बचाने की जिम्मेदारी अकेले सरकार की न होकर हर व्यक्ति की है, जो आने वाली पीढ़ियों को भीषण जल संकट से बचाना चाहती हैं। सरकारी आकड़ों अनुसार पिछले 10 सालों में जिला में 15 लीटर तक भू-जल स्तर नीचे खिसक चुका है, जो लगातार घटता जा रहा है।

प्राकृतिक संसाधनों को बचाने की बजाय कुदरत से लड़ने के लिए अधिकतर योजनाएं बनाई जा रही हैं। पूरा शहर कंक्रीट का जंगल बना दिया, जिस गति से जिले में रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगने चाहिए थे, वे धीमी से लग रहे हैं। प्रति साल



खरबों लीटर वर्षाजल मानव निर्मित कंक्रीट के जंगलों से होता हुआ नालों, सीवरेज सिस्टम से होता हुआ बर्बाद हो जाता हैं। दूसरी ओर विकास के नाम शहर के आसपास से हजारों पेड़ों को काट दिया गया। स्थिति इतनी विकट कि वन विभाग के पास पौधे रोपित करने के लिए जगह तक नहीं बची है। इन सबके बीच कुदरत से बिना कुछ दिए ही लगातार प्रतिदिन एक अरब से लीटर पानी निकालकर रोजमर्रा की आवश्यकताओं को पूरा करने में जुटे हैं। सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर कब तक कुदरत के पानी बैंक से पानी मिलता रहेगा? कभी न कभी पेयजल बैंक पानी देना बंद कर देंगे, तब क्या होगा?

### दस हजार एकड़ में होगी धान की सीधी बिजाई

**भूजल** स्तर की चिंताओं के चलते जिले में इस बार दस हजार एकड़ में धान की सीधी बिजाई कराने का लक्ष्य रखा गया है। कृषि विभाग ने इसकी तैयारी कर ली है। प्रति एकड़ के लिए किसान को चार हजार रुपये प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए किसान को 30 जून तक मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर आवेदन करना होगा। 25 मई के बाद किसान धान की सीधी बिजाई कर सकते हैं। यहीं नहीं सरकार पेयजल संकट को गहराने से रोकने के लिए किसानों को लगातार जागरूक कर रही है, हर हल्के में 8-8 कैंप लगाएं जा चुके हैं। कृषि अधिकारी किसानों को जागरूक कर रहे हैं कि अगर किसान धान की बजाए खेत में चारा उगाएंगे या खेत को खाली छोड़ेंगे तो उन्हें प्रति एकड़ मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत सात हजार रुपये दिए जाएगे।

### ये है जिले की स्थिति

**जिले** में करीब 5.30 लाख एकड़ से अधिक सिंचित भूमि है, इसे सिंचित करने के लिए सरकार द्वारा किसानों को 74 हजार 375 ट्यूबवेल कनेक्शन जारी किए हुए हैं, जो प्रति घंटा 36 हजार लीटर पानी धरती से निकाल रहे हैं। इसके अलावा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 935 ट्यूबवेल लगे हैं, प्रति ट्यूबवेल प्रतिदिन करीब छह लाख लीटर पानी धरती से खींच रहे हैं।

**पानी बचाव के लिए... निभाएं अपनी भूमिका नहीं पानी पर होगा पहरा :** हर एक व्यक्ति को पानी बचाने में अपनी भूमिका निभानी होंगी, नहीं तो आने वाले दिनों में पानी के स्त्रोतों पर पुलिस फोर्स का पहरा होगा। उस वक्त कोई चाह कर भी कुछ नहीं कर पाएगा। ऐसी नौबत न आए, इसलिए जरूरत के अनुसार ही पेयजल का इस्तेमाल करें, ज्यादा से ज्यादा संख्या में रेन वाटर हारवेस्टिंग सिस्टम लगाकर वर्षाजल को धरती में पहुंचाएं। किसान धान से तौबा कर वैकल्पिक फसलें लगाएं। जिसमें कम पानी का प्रयोग हो।

# अरविंद केजरीवाल करेंगे धर्मनगरी से विजय शंखनाद : विशाल खुब्बड़

### रैली को लेकर पूरे प्रदेश के लोगों में उत्साह

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**आप** पार्टी के उत्तरी जोन के उपाध्यक्ष विशाल खुब्बड ने बताया कि 29 मई को धर्मनगरी के ऐतिहासिक ब्रह्मसरोवर के मेला ग्राउंड पर आयोजित अब बदलेगा हरियाणा रैली में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ रैली में शामिल होंगे।

शनिवार को मीडिया से बातचीत करते हुए विशाल खुब्बड ने कहा कि आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आप पार्टी की विजय का शंखनाद करेंगे। उन्होंने कहा कि अब बदलेगा हरियाणा रैली को लेकर पूरे प्रदेश में कार्यकर्ताओं के साथ साथ जनता में भारी उत्साह है। जनता का सैलाब रैली में उमड़ेगा और इस बात का सबूत देगा कि आज हरियाणा में आप पार्टी की परिवर्तन की लहर चल निकली है। परिवर्तन की यह लहर



पत्रकारों से बातचीत करते आप के उत्तरी जोन के उपाध्यक्ष विशाल खुब्बड ।

आने वाले विधानसभा चुनाव में आप पार्टी की सरकार बनाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल एकमात्र देश के नेता हैं जो वे कहते हैं उसे करके दिखाते हैं। दिल्ली में बतौर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जो वहां की जनता के साथ वादे किए थे। उन्हें पूरे करने का काम किया बल्कि वायदों से आगे जाकर दिल्ली की जनता को अनेकों सौगात देने का काम किया। विशाल ने कहा कि धर्मनगरी के ऐतिहासिक मैदान से आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचारी रुपी भाजपा सरकार को उखाड़ने के लिए शंखनाद करेंगे। जिसके बाद जहां जहां भी भाजपा की सरकारें हैं उन्हें उखाड़ने के लिए एक आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल अब देश की जनता के लोकप्रिय नेता बन चुके हैं। उनकी लोकप्रियता से विरोधियों में बौखलाहट है लेकिन इन विरोध के बावजूद अरविंद केजरीवाल का भ्रष्टाचार महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। लोगों को उनकी इस मुहिम में सहभागी बनने के लिए आगे आना होगा। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र जिला चैयरमेन जवाहर गोयल, गुंजन मदान, विकास तोमर, सुमित हिंदुस्तानी, दिलिप दड़वा, योगेश सेठी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पार्किंग का किया प्रबंध

**आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य सुरेंद्र मित्तल, आप के जिला संयोजक जवाहर गोयल व आम आदमी पार्टी के नेता दलबीर मलिक ने कहा कि रविवार को रैली में जनसैलाब उमड़ेगा। उन्होंने बताया कि पांडाल से बाहर पार्किंग का विशेष प्रबंध किया गया है और जनता से अपील की गई है कि रैली में आने वाले सभी अपनी-अपनी गाड़ियों को पार्किंग में ही खड़ा करें ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। पांडाल में जमीन पर रंग-बरंगे शानदार मैट बिछाए गए हैं। सारे पंडाल में लोगों के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। रैली स्थल पर मीडिया कर्मियों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की गई है। रैली स्थल पर लगा शानदार पंडाल और वीआईपी के लिए बैठने हेतु शानदार मंच लगाया गया है जोकि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का स्वागत करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

# आम आदमी पार्टी की रैली को लेकर प्रचार वाहन रवाना



प्रचार वाहन को रवाना करते आम आदमी पार्टी के पंचायती राज उत्तरी जोन संयोजक प्रवीण चौधरी

### भ्रष्टाचार से मुक्ति दिला सकती है आप

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के पंचायती राज उत्तरी जोन संयोजक व पूर्व जिला परिषद चेयरमैन प्रवीण चौधरी ने शनिवार को आम आदमी पार्टी की 29 मई को होने वाली रैली को लेकर प्रचार वाहन को रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह प्रचार वाहन कुरुक्षेत्र में गांव व शहर के वार्डो में जाकर रैली के लिए लोगों को निमंत्रण देगा।

चौधरी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो भ्रष्टाचार से मुक्ति दिला सकती है। उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी ने खुद के मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत आने पर तुरंत कार्रवाई करते हुए जेल भिजवाया। यह पंजाब के इतिहास में पहली बार हुआ है। प्रवीण ने कहा कि भाजपा केवल भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की बातें करती है लेकिन हकीकत में भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। एचपीएससी भर्ती परीक्षा मामले में जब बड़े नेताओं के नाम सामने आने लगे तो जांच के नाम पर लीपापोती कर दी गई। वहीं आम आदमी पार्टी ने साबित कर दिया है कि भ्रष्टाचार को किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यही कारण है कि अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचार का काल कहा जाता है। इस मौके पर संजय चौधरी, रमेश सहित कई लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### बच्चों ने मिट्‌टी से बनाई विभिन्न प्रकार की आकृतियां



**कुरुक्षेत्र।** किड्जी स्कूल सेक्टर-3 में रेत और मिट्टी से विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की गई। नर्सरी कक्षा के बच्चों ने अपनी अध्यापिका मोनिका और दीपा के साथ बच्चों ने रेत से भिन्न-भिन्न आकृतियां बनाई और बच्चों ने रेत के साथ खेल में आनंद लिया। इसी तरह जूनियर केजी अध्यापिकाएं, निशा, प्रभजोत, शिप्रा ने अपने बच्चों को खेल-खेल में अक्षर की बनावट भी सिखाई और बच्चे रेत से खेले और खुश हुए। सीनियर केजी अध्यापिकाएं, श्वेता, रजनी और सुरभि ने बच्चों को प्राकृतिक चीजों से खेलने का अनुभव कराया और उन्हें रेत के माध्यम से महत्वपूर्ण पाठ, जैसे कि घर बनाने के लिए किन-किन चीजों का उपयोग किया जाता है, इस बारे में समझाया। इस मौके पर स्कूल की समन्वयक, आयशा ने पूरी व्यवस्था का सुचारू रूप से ध्यान रखा और बिना किसी रुकावट के कार्य को पूर्णता की और ले गए। इस व्यवस्था में स्कूल के निर्देशक परमिंदर सिंह ने बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया और रेत और मिट्टी का महत्व बताया और बच्चों को रेत में खेलने की प्रेरणा दी। उनके मार्गदर्शन से यह कार्य बच्चों द्वारा सुचारू रूप से किया गया। इसमें ज्योति, पूजा और शशि भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### सपलैश पूल में बच्चों ने मनाया फन-डे



**कुरुक्षेत्र/शाहबाद।** अल्पाइन पब्लिक स्कूल शाहाबाद में कक्षा प्री-नर्सरी से केजी तक की सपलैश पूल एक्टिविटी आयोजित की गई। इसमें नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने अपनी कक्षा अध्यापिकाओं के निदेर्शों का अनुशासन से पालन किया। उन्होंने संगीत की धुन पर डांस करते हुए एवं पूल में स्विमिंग करते हुए आनंद लिया और अपना फन-डे मनाया। विद्यालय के प्रिंसीपल दीपक सिंघल ने बच्चों की प्रतिभागिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों का मानसिक और सामाजिक विकास होता हैं। को-आर्डिनेटर प्रोमिला, शैली, किरण, कविता, सुमन, कमनीत और पूनम सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### बच्चों को अच्छा और बुरा स्पर्श पहचानने की शिक्षा दी



**कुरुक्षेत्र।** किडजी स्कूल सेक्टर-3 में जूनियर केजी और सीनियर केजी के बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श को पहचानने की शिक्षा दी और उन्हें अनजान व्यक्तियों के व्यवहार को समझने के लिए वीडियो द्वारा अध्यापिकाओं श्वेता, रजनी सुरभि ने अवगत कराया। उन्हें अपने डर पर काबू करके कैसे उस स्थिति से बाहर आना है और अपने माता-पिता एवं अध्यापिकाओं को अपनी उस विकट परिस्थिति के बारे में बताना चाहिए। बच्चों को बिना किसी डर के आवाज उठाना सिखाया। जूनियर केजी के अध्यापिकाओं प्रभजोत, निशा व शिप्रा ने बच्चों को अपनी शारीरिक स्वच्छता के बारे में वीडियो के द्वारा समझाया। आयोजन पर स्कूल के समन्वयक आयशा ने भी बच्चों को निडर बनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शशि और ज्योति भी उपस्थित रहे। इस मौके पर स्कूल के निर्देशक परमिंदर सिंह ने बच्चों को अपनी परिस्थिति के अनुरूप अपनी सूझबूझ का प्रयोग करने की प्रेरणा दी। किडजी स्कूल की इस पहल से बच्चों के माता-पिता बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने स्कूल की शिक्षा के माध्यम की प्रशंसा की।

### पर्यटकों ने किया कुरुक्षेत्र के तीर्थ स्थलों का भ्रमण

**कुरुक्षेत्र।** महाराष्ट्र से दो बसों में 106 पर्यटक महाभारत की ऐतिहासिक स्थली कुरुक्षेत्र के धार्मिक स्थलों के भ्रमण करने के लिए पहुंचे। यात्रियों ने कुरुक्षेत्र के दार्शनिक स्थलों कुरुक्षेत्र, इस्कॉन मंदिर, भीष्म कुंड नारकतारी, हर्षवर्धन का टीला, स्थानेश्वर महादेव मंदिर, गीता स्थली ज्योतिसर,मां भद्रकाली मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, ब्रह्म सरोवर, तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद यात्री माता वैष्णो देवी के दर्शनों हेतु रवाना हो जाएंगे। इनको कुरुक्षेत्रा दर्शन के संस्थापक गुरदयाल सिंह यात्री सूचना एवं सुविधा केंद्र नजदीक गीता द्वार पिपली से रविवार सुबह 9 बजे झंडी देकर रवाना करेंगे।

# मां लक्ष्मी जन आशीर्वाद रथयात्रा पहुंची सोनीपत



मां लक्ष्मी के चरणों में पुष्प अर्पित करते श्रद्धालु।

### श्रद्धालुओं ने मां लक्ष्मी जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर लिया आशीर्वाद

रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत

**मां** लक्ष्मी जी की जन आशीर्वाद रथ यात्रा का अग्रसेन भवन सेक्टर 14 में पहुंची, जहां से शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए शिव नगर स्थित गोपाल कीर्तन भवन मंदिर में पहुंचने पर शिव नगर व आसपास के लोगों ने मां लक्ष्मी जी के चरणों में पुष्प अर्पित कर मत्था टेका।

इसके बाद मां लक्ष्मी जी जन आशीर्वाद रथ यात्रा अनाज मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में पहुंची। मां लक्ष्मी जन आर्शीवाद रथ यात्रा की बाजारों में जगह-जगह आरती की गई और लोगों में मां लक्ष्मी के चरणों पुष्प अर्पित कर नमन किया।

समाज सेवी संजय सिंगला ने बताया कि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा अग्रोहा शक्तिपीठ से अखंड ज्योत लेकर पूरे प्रदेश में सुख, शांति, समृद्धि व सद्धभावना का संदेश लेकर कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद रथ यात्रा निकाली जा रही है। शनिवार को सोनीपत में मां लक्ष्मी जी की जन आशीर्वाद रथ यात्रा सेक्टर-14 स्थित अग्रसेन भवन पहुंची। शहर के विभिन्न मार्गों पर रथयात्रा का जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सुभाष जिंदल, यशपाल गोयल, पवन जैन, महावीर बंसल, सुनील गोयल, पवन कुमार शास्त्री, राजकुमार, राजू जैन, राकेश गोयल, अशोक गुप्ता, अनिल गर्ग आदि मौजूद रहे।

### सेंट थोमस कान्वेंट स्कूल में आज लगेगा नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर

**कुरुक्षेत्र।** सेंट थोमस कान्वेंट स्कूल में रविवार को अरोड़ा डेंटल क्लीनिक द्वारा स्कूल परिसर लोटस ग्रीन सिटी सेक्टर 9 के परिसर में स्कूल के अभिवावकों व आमजन के लिये निशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। कैंप में डॉ केशव, डॉ अलोक व डॉ अंकिता की टीम आमजन का निशुल्क जांच करेगी। स्कूल की प्रबंध निदेशिका अंजलि मारवाह ने बताया कि स्कूल परिसर में चार दिवसीय निशुल्क दंत चिकित्सा लगाया गया था जिसमें स्कूल के 1500 से अधिक बच्चों की जांच करके बच्चों बताया कि दांतो की नियमित साफ-सफाई रखनी चाहिए। इसके लिए सुबह और रात को सोने से पहले ब्रश जरुर करना चाहिए। जांच शिविर में सभी बच्चों को स्कूल की तरफ से पेस्ट भी दिए गए। डॉ केशव ने बच्चो को अपने संबोधित करते हुए कहा स्वस्थ दांतों के लिए स्वस्थ खान-पान जरुरी है।

# आठवें योग दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**आगामी** 21 जून को होने वाले 8वें अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर हैबीटेट क्लब में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम की शनिवार को शुरूआत की गई, जिसमें अधिकारियों-कर्मचारियों तथा शिक्षकों ने पूर्ण रूचि व उत्साह के साथ योगाभ्यास किया।

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. दिलीप मिश्रा ने बताया कि उपायुक्त ललित सिवाच के निर्देशानुसार हैबीटेट क्लब में 28 मई से 30 मई तक तीन दिवसीय योगाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसका पहला दिन शनिवार को संपन्न हुआ। रविवार (29 मई) को भी सुबह 6 से साढ़े सात बजे तक योगाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। योगाभ्यास में आम जनमानस भी



अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते शहरवासी।

हिस्सा ले सकते हैं। पतंजलि योगपीठ प्रशिक्षकों के नेतृत्व में सफलता के साथ योगाभ्यास कराया जा रहा है। डा. मिश्रा ने कहा कि पतंजलि योगपीठ प्रशिक्षकों ने प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया। उन्होंने सभी योगासनों के विषय में विस्तार से जानकारी भी दी।

योगासनों के फायदों के बारे में बताते हुए उन्होंने विभिन्न बिमारियों से ग्रस्त लोगों को कुछ योगासन न करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि योग करने से रोग दूर भागते हैं, किंतु गर्भावस्था में तथा कमर के दर्द व गर्दन दर्द आदि स्थितियों में कुछ योग नहीं करने चाहिए। योगासनों के साथ-साथ उन्होंने प्राणायाम आदि का भी प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि यह योगाभ्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सभी उपमण्डलो तथा सभी ब्लॉकों पर किया जा रहा है।

## खाद्य शिखर सम्मेलन का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**खाद्य** प्रसंस्करण उद्योग और जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने भारत के पहले संयंत्र आधारित खाद्य शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया, जो भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद द्वारा मिलकर किया है। निर्यात विकास प्राधिकरण समिट का आयोजन प्लांट बेस्ड फूड्स इंडस्ट्री एसोसिएशन और गुड फूड इंस्टीट्यूट इंडिया द्वारा नई दिल्ली में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस मौके पर डॉ. सुधांशु, सचिव - एपीडा, संजय सेठी, कार्यकारी निदेशक - पीबीएफआईए, इनोशी शर्मा की उपस्थिति में श्वेत स्थिति पत्र पौधे आधारित युग की सुबह - वैश्विक खाद्य सुरक्षा और पोषण के लिए भारत का मार्ग जारी किया। कार्यकारी निदेशक, नियामक अनुपालन - एफएसएसएआई, राचेल ड्रेस्किन, सीईओ - प्लांट बेस्ड फूड्स एसोसिएशन, यूएसए, अभिनव सिंह, प्रमुख खाद्य प्रसंस्करण और सीआईएफटीआई-फिक्की, अभिषेक सिन्हा, सह-संस्थापक और सीईओ गुडडॉट, और आशु फाके, हेड (जमे हुए और ताजा खाद्य पदार्थ) - आईटीसी शामिल हुए।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा, यह वास्तव में बहुत ही महत्वपूर्ण है कि एमओएफपीआई, एपीडा और पीबीएफआईए भारत के पहले प्लांट आधारित खाद्य शिखर सम्मेलन का आयोजन करने के लिए एक साथ आए हैं। मैं इस आयोजन की शानदार सफलता से खुश हूं, जिसमें सभी हितधारकों की भागीदारी है जो हमारे लिए बेहद फायदेमंद हैं, हम यहां एक नई क्रांति लाने के लिए आए हैं। आज हम सब यहां विश्व के बदलते विचारों पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए हैं। जैसा कि वादा किया गया था कीआई मैं भारत में एक मजबूत प्लांट-आधारित खाद्य उद्योग बनाने के लिए अपना पूरा समर्थन दूंगा क्योंकि यह मेरे लिए व्यक्तिगत हित मे है कि मैं किसी भी तरह के भोजन से खुद को दूर करूं जसमें किसी भी तरह की क्रूरता शामिल है।

## अवैध पिस्तौल सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल की सीआईए वन की टीम द्वारा अवैध पिस्तौल सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही रोहित सीआईए वन की अध्यक्षता में टीम अपराध रोकथाम के लिए निलोखेड़ी से होते हुए निगदू की तरफ जा रहे थे। जब टीम भुखापुरी बस अड्डा पर पहुंची तो टीम को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि मलखान सिंह व देवेन्द्र सिंह वासियान भुखापुरी जिला करनाल, जिनके पास नाजायज हथियार है। मलखान सिंह ने अपने फोन में नाजायज हथियार को लेकर फोटो भी खींची हुई है। टीम ने डेरा देवेन्द्र सिंह पर पंहुचकर मौका से दोनों आरोपियों मलखान सिंह व देवेन्द्र सिंह को काबू कर लिया। आरोपी देवेन्द्र के कब्जे से एक अवैध पिस्तौल .315 बोर बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ थाना निगदू में मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा खुलासा किया गया कि हर साल उन दोनों के खेत पर बिहार से मजदूर काम करने आते हैं और काम खत्म करके वापस बिहार चले जाते हैं।

## विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर कैंप का आयोजन किया गया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**28 मई** को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर, गुरुग्राम के सेक्टर 53 स्थित स्लम एरिया में श्री राम स्कूल मौलसारी की छात्रा 16 वर्षीय तान्या नारंग द्वारा कैंप का आयोजन किया गया। तान्या नारंग अपनी पहल फुल स्टॉप के अंतर्गत मासिक धर्म स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाना चाहती हैं।

फुल स्टॉप यह सुनिश्चित करने के लिए एक पहल है कि हर एक महिला के पास मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों तक पहुंच हो जो उनकी आवश्यकताओं को पूरा करते हों। मासिक धर्म के विषय पर मिथकों और वर्जनाओं को दूर करने के साथ, तान्या नारंग आशा कार्यकर्ताओं के साथ हरियाणा के स्कूलों और गांवों में सुरक्षित मासिक धर्म उत्पादों तक पहुंच के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए शैक्षिक शिविर आयोजित करती हैं।

तान्या नारंग ने वह साहस किया है जो कई भारतीय सोच रहे हैं, क्योंकि वह मासिक धर्म स्वास्थ्य



प्रबंधन के बारे में जागरुकता बढ़ाने के अपने अभियान के साथ आगे बढ़ रही है।

अपनी पहल फुल स्टॉप की स्थापना के अलावा, वह पहले से ही गुड़गांव के पास एक गांव में शिविर आयोजित कर चुकी है, जबकि अगले दो महीनों मे कुछ और गांवों में भी वह अपनी पहल को आगे बढ़ाना चाहती हैं। अधिक से अधिक भारतीय महिलाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता को सक्षम करने के अपने दृढ़ विश्वास के साथ, वह अपना अभियान जारी रखे हुए हैं और 28 मई को विश्व मासिक धर्म दिवस पर एक झुग्गी क्षेत्र में एक शिविर का आयोजन कर रही है।

पूरे भारत में मासिक धर्म स्वच्छता में महत्वपूर्ण बदलाव लाने के अपने दृष्टिकोण के साथ, उन्होंने सभी युवा भारतीय लड़कियों के लिए स्वच्छता उत्पाद प्रदान करने के लिए एक कानून पारित करने के लिए एक चेंज.ऑर्ग अभियान याचिका भी शुरू की है। अभियान में 4 दिनों के भीतर 1200 हस्ताक्षर हो चुके हैं।

फुल स्टॉप का प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि महिलाओं के पास मासिक धर्म के समय उनकी पसंद के उत्पादों तक पहुंच हो, चाहे वह टिकाऊ, एकल उपयोग, पुन: प्रयोज्य या पुन: प्रयोज्य मासिक धर्म पैड, कप, टैम्पोन या उनकी जरूरत के अनुसार कोई अन्य उत्पाद हो।

## प्रेरणा



पायनियर हरियाणा हमेशा सच के साथ

**विकेश भारतीय**
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

सब कुछ बिक जाए, बिखर जाए, चला जाए,
बस उम्मीद के दामन को पकड़ कर रखेंगे,
यहां बाजियों के दौर हैं, अभी कई दौर चलेंगे,
आज हार गए तो क्या, कल जीत का मजा चखेंगे।

# भाजपा चुनाव जीतने के लिए ही नहीं उतरती बल्कि सेवा भाव में भी तत्पर रहती है : बेदी

## बेदी ने गिनवाए भाजपा प्रधान बनने के फायदे

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र /शाहाबाद

**मुख्यमंत्री** हरियाणा के राजनीतिक सचिव एवं पूर्व राज्यमंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि भाजपा केवल चुनाव जीतने के लिए ही मैदान में नहीं उतरती, बल्कि जीतने के उपरांत सेवा भाव से काम करने में भी तत्पर रहती है। अपने निवास पर विशेष भेंट में बेदी ने कहा कि जब 8 सालों से देश का प्रधानमंत्री वही है, प्रदेश में मुख्यमंत्री वही है, फिर शाहाबाद के विकास कार्यों में ग्रहण क्यों लगा है। इसलिए अब भाजपा ने शाहाबाद से हेल्पर सोसायटी के प्रधान तिलक राज अग्रवाल को नगर पालिका प्रधान पद के लिए मैदान में उतारा है।

बेदी ने कहा कि वे रिकॉर्ड के साथ बता रहे है कि जब वे राज्य मंत्री थे, तब शाहाबाद के विकास कार्यों हेतु 42 करोड़ रुपये नगर पालिका में विकास हेतु लेकर आए थे। नाले के निर्माण के उपरांत उन्हें उम्मीद है कि 29-30 करोड़ रुपये अभी भी नगरपालिका में ऐसे ही पड़े है। उन्होंने कहा कि 3 साल में विधायक रामकरण के कार्यकाल में नगरपालिका ने 12-13 करोड़ ही खर्च किए है, क्योकी बिना नगरपालिका सचिव, जेई और एमई के विकास कार्य संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर यहां अधिकारी नहीं होंगे, तो कौन प्रपोजल बनाएगा, कौन इंजीनियर बुलाएगा, कौन विकास कार्यों को पास करेगा। ऐसे में विकास कार्य होंगे, तो कैसे होंगे। इसलिए उनका मानना है कि शाहाबाद में अभी तक रुके हुए तमाम विकास कार्यों को सिर्फ और सिर्फ भाजपा का नगरपालिका प्रधान ही पूरा करवा सकता है।



मुख्यमंत्री हरियाणा के राजनीतिक सचिव एवं पूर्व राज्यमंत्री कृष्ण बेदी जानकारी देते हुए।

### बेदी ने अपने कराए विकास कार्य गिनवाए

**बेदी** ने कहा कि वे शाहाबाद के चाहे किसी भी इलाके में चले जाएं, सब यही कहते हैं कि बेदी जी, गलती हो गई, अब पछतावा हो रहा है। बेदी ने कहा कि शाहाबाद की जनता के पास अपनी गलती को सुधारने का अब यही सही समय है। उन्होंने कहा कि जब मैं शाहाबाद से विधायक था, तब गांव रतनगढ़ से लेकर मारकंडा नदी तक नेशनल हाईवे पर पानीपत की तरह एलिवेटर पुल बनाने की योजना थी। जिसके लिए उन्होंने केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री और कुरुक्षेत्र से सांसद से इस योजना को हरी झंडी देने के बारे में चर्चा की थी। बेदी ने बताया कि उनके कार्यकाल में ही दयाल नगर अंडर पास बना, मारकंडेश्वर हॉकी स्टेडियम का नवीनीकरण हुआ, 100 करोड़ रुपये की राशि से शुगर मिल में नया प्लांट लगा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन बन कर तैयार हुआ है।

### कांग्रेस का प्रधान बनने पर मुख्यमंत्री बदलना मुमकिन नहीं

**बेदी** ने कहा कि नगरपालिका प्रधान पद के लिए कांग्रेस का उम्मीदवार हरीश कवातरा दौड़ में है। शाहाबाद की जनता को चाहिए कि वह जब वोट मांगने आए, तब उससे लिखवा ले कि प्रधान बनने के उपरांत वे यह नहीं बोलेंगे कि भूपेंद्र हुड्डा या दीपेंद्र हुड्डा मुख्यमंत्री बनें, तब वे विकास कार्य करवाएंगे। उन्होंने कहा कि अब यह तो मुमकिन नहीं है कि शाहाबाद में कांग्रेस का प्रधान बनने के बाद प्रदेश का मुख्यमंत्री बदला जाए, कुरुक्षेत्र का सांसद बदला जाए। इसलिए शाहाबाद की जनता को सोच समझ कर नगर पालिका प्रधान चुनना चाहिए, ताकि नगर का विकास निरंतर होता रहे।

# हरियाणा में पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू

## चुनाव आयोग ने तय की खर्च की नई सीमा

## सरपंच के लिए खर्च दो लाख रुपये तय

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** में भले ही पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर अभी कोई कार्यक्रम जारी नहीं किया गया हो लेकिन चुनाव आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। ऐसे में साफ हो गया है कि हरियाणा निकाय चुनाव के तुरंत बाद ही पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव होंगे। आयोग ने चुनाव लड़ने के चाहवानों के लिए खर्च की नई सीमा को तय कर दिया है।

हरियाणा में बीती 23 मई को चुनाव कार्यक्रम का ऐलान हो चुका है। हरियाणा में 19 जून को निकाय चुनाव होने हैं। हरियाणा में पिछले करीब सवा साल से पंचायती राज संस्थाओं का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट में पंचायती राज संस्थाओं के आरक्षण को लेकर लगाई गई रोक हटा ली गई है। हरियाणा सरकार द्वारा चुनाव आयोग को पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर हालही में क्लीयरेंस दी जा चुकी है। प्रदेश में मतदाता सूचियों के संशोधन का काम 25 जुलाई तक चलेगा।

ऐसे में माना जा रहा है कि प्रदेश सरकार निकाय चुनाव के बाद आचार संहिता समाप्त होते ही ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कई बड़ी परियोजनाओं का ऐलान कर सकती है।

प्रदेश में 15 अगस्त के कार्यक्रमों के आयोजन के बाद पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों का ऐलान हो सकता है। इस बीच चुनाव आयोग ने चुनाव लड़ने के चाहवानों के लिए खर्च की नई सीमा भी तय कर दी है। चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक इस चुनाव में पंचायत सदस्य के लिए खर्च की सीमा 50 हजार रुपये तय की गई है।

सरपंच पद का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी दो लाख तथा पंचायत समिति सदस्य का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी तीन लाख 60 हजार रुपये खर्च कर सकेंगे। यही नहीं जिला परिषद सदस्य के लिए चुनाव खर्च की सीमा छह लाख रुपये तय की गई है। चुनाव आयोग द्वारा इस संबंध में नई गाइडलाइन प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को भेज दी गई है।

# एथेनॉल के पेट्रोलियम पदार्थों में मिश्रण से कच्चे तेल के आयात में आएगी कमी

**करनाल।** पिछले कुछ वर्षों में देश में चीनी का उत्पादन चीनी की खपत से बहुत ज्यादा हुआ है, इस कारण चीनी की कीमतों में इजाफा नहीं हो पा रहा है और चीनी मिलें लागत से कम भाव पर चीनी को बाजार में बेचने पर मजबूर हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चीनी का उत्पादन जरूरत से ज्यादा होने की वजह से इसके विक्रय मूल्य में भी कमी आती है।

विचार विमर्श करने के लिए नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज नई दिल्ली द्वारा आयोजित चीनी और एथेनॉल की खपत के विषय में एक सेमिनार का आयोजन मुंबई में हुआ। हरियाणा स्टेट शुगर फेडरेशन के प्रतिनिधि के रूप में करनाल शुगर मिल के प्रबंध निदेशक अदिति ने इस सेमिनार में हिस्सा लिया। देश की जरूरत के हिसाब से चीनी का उत्पादन किया जाए और बाकि अतिरिक्त चीनी को एथेनॉल में परिवर्तित कर दिया जाए। एथेनॉल के पेट्रोलियम पदार्थों में मिश्रण करने से कच्चे तेल के आयात में कमी आएगी और विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी। एथेनॉल एक प्रदूषण रहित ईंधन है जिसके इस्तेमाल से निकलने वाली प्रदूषित गैसों की मात्रा में भी कमी होगी और इसके उपयोग से वातावरण भी शुद्ध रहेगा।

मिल के कार्य प्रदर्शन के बारे में करनाल सहकारी चीनी मिल की प्रबंध निदेशक अदिति ने बताया कि गत वर्षों में की तुलना में इस वर्ष मिल के प्रदर्शन में आशातीत वृद्धि हुई है, किसानों का गन्ना समय पर पिराई कर लिया।

# बदलाव के बावजूद थम नहीं रही कांग्रेस की कलह

## आज की रैली पर किरण चौधरी ने उठाए सवाल

## पोस्टरों में कार्यकारी अध्यक्षों की फोटो नहीं लगने से नाराज

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** कांग्रेस में बदलाव के बावजूद कलह थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को फतेहाबाद में होने वाली रैली को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे पोस्टरों में कार्यकारी अध्यक्षों की फोटो के स्थान पर दीपेंद्र हुड्डा की फोटो होने को लेकर किरण चौधरी ने आपत्ति जता दी है। किरण चौधरी का तर्क है कि यह प्रोटोकॉल के विरुद्ध है।

हरियाणा कांग्रेस में बदलाव के बाद पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पसंद से अध्यक्ष व कार्यकारी अध्यक्ष लगाए गए हैं। नई नियुक्तियों के बाद कुलदीप बिश्नोई जहां शांत बैठे हुए हैं वहीं भूपेंद्र सिंह हुड्डा रविवार को पहली बार फतेहाबाद में विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहे हैं। हुड्डा इस श्रृंखला में पहले पांच कार्यक्रम कर चुके हैं लेकिन कांग्रेस में बदलाव के बाद यह उनका पहला कार्यक्रम है।

इस कार्यक्रम को लेकर वायरल किए जा रहे पोस्टरों में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के अलावा प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी तथा कांग्रेस प्रभारी विवेक बंसल के फोटो लगाए गए हैं। इसके अलावा एक बड़ा सा फोटो दीपेंद्र हुड्डा का लगाया गया है। इन पोस्टरों के माध्यम से दीपेंद्र हुड्डा को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दीपेंद्र हुड्डा ने फतेहाबाद रैली का न्योता देने के लिए जैसे ही यह पोस्टर वायरल किया तो कांग्रेस विधायक दल की पूर्व नेता किरण चौधरी ने री-टवीट करके इस पर आपत्ति जता दी। किरण चौधरी ने कहा कि यह उचित नहीं है। दीपेंद्र हुड्डा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नहीं हैं। किरण चौधरी के इस ट्वीट के बाद हरियाणा कांग्रेस में नई चर्चाओं ने जन्म ले लिया है।




हरियाणा कांग्रेस में फेरबदल के बाद पार्टी हाईकमान द्वारा एक पत्र जारी करके सभी नेताओं को निर्देश दिए गए थे कि भविष्य में किसी भी बोर्ड, होर्डिंग या फ्लैक्स पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी के अलावा पार्टी प्रभारी, नेता प्रतिपक्ष, पार्टी अध्यक्ष तथा कार्यकारी अध्यक्षों के फोटो लगाए जाने हैं।

# दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बीए अंतिम वर्ष के खिलाड़ियों ने मारी बाजी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भगवान** परशुराम कॉलेज में इंट्रा म्यूरल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की आठ टीमों के लगभग 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूनार्मेंट नॉकआउट पद्धति से खेला गया जिसमें एमएससी तथा बीए तृतीय की टीमों के बीच फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच के उद्घाटन सत्र में कॉलेज के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे तथा खिलाड़ियों से परिचय कर उनको फाइनल मैच की शुभकामनाएं दी।

एमएससी ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। बीए तृतीय वर्ष की टीम निर्धारित ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर विजेता बनी। बीए तृतीय वर्ष की ओर से रोहित को मैन ऑफ द मैच चुना गय। कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. कैलाश शर्मा ने बच्चों को खेलों के माध्यम से स्वयं को जानने का प्रयास करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा खेल खिलाड़ी के व्यवहार में पर सकारात्मक परिवर्तन करता है। विद्यार्थी अपनी ऊर्जा को खेलों में लगाकर समाज और राष्ट्र में की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है। खिलाड़ी सिर्फ खेलने की भावना से ही खेल खेलता है न की जीतने की भावना से खेल समिति के संयोजक डॉ. हीरा लाल ने इस आयोजन पर प्राचार्य का धन्यवाद ज्ञापित किया। खेल विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. सौरभ त्रिखा तथा डॉ. दिलबाग सिंह को इस सफल आयोजन की बधाई दी। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शीशपाल, डॉ. कैलाश शर्मा, डॉ. सुरेश पराशर, डॉ. मालाराम बंसल, डॉ. कर्मजीत संधू, डॉ. नंदकिशोर, डॉ. सुरेश शर्मा, डॉ. सतीश, डॉ. प्रवीण शर्मा, प्रो शक्ति भारद्वाज, प्रो वासवदत्ता, प्रो सुमन शर्मा, प्रो मालविका, प्रो सरिता राय, डॉ. भारती, डॉ. सुषमा, प्रो कुशदीप, प्रो गौरव, प्रो वीरेंद्र, प्रो प्रवीन तथा खेल विभाग की ओर से डॉ. हीरालाल, प्रतियोगिता के कन्वीनर डॉ. सौरभ त्रिखा तथा प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डॉ. दिलबाग मौजूद रहे।



प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी।

## लद्दाख हादसे में घायल जवानों का चंडीगढ़ में हो रहा इलाज

**चंडीगढ़।** लद्दाख हादसे का शिकार हुए सेना के घायल जवानों को शुक्रवार देरशत एयर लिफ्ट करके चंडीमंदिर स्थित कमांड अस्पताल में लाया गया। जहां डाक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। लद्दाख की श्योक नदी में ट्रक गिरने से सेना के सात जवानों की मौत हो गई थी जबकि 19 घायल हो गए थे। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद शुक्रवार की देर रात एयर लिफ्ट करके चंडीमंदिर स्थित सेना की पश्चिमी कमान के कमांड अस्पताल में पहुंचाया गया।

यहां पर सेना के डॉक्टरों और स्टाफ ने घायलों का उपचार शुरू कर दिया है। कमांड अस्पताल प्रवक्ता के अनुसार तीन घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है जबकि अन्य घायलों की हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि हादसे के समय घायलों को पहले प्रतापपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां से उन्हें चंडीमंदिर शिफ्ट किया गया। उन्होंने बताया कि घायलों को चंडीमंदिर लाए जाने से पहले ही अस्पताल में वार्ड तथा आपात सेवाएं मुहैया करवाए जाने की तैयारी हो चुकी थी।

# प्रवीन वर्मा बने लायंस क्लब के प्रधान



नवनियुक्त प्रधान का फूल माला से स्वागत करते क्लब के सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**लायंस** क्लब सोनीपत की एक बैठक मुरथल जीटी रोड एक ढाबे पर आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रवीन वर्मा को लायंस क्लब सोनीपत का प्रधान चुना गया। इसके अलावा लायंस आरके गुप्ता को सेक्रेटरी, शिव शंकर शर्मा को कैशियर चुना गया। इस अवसर पर अनिल सेठ ने सबको बधाई दी।

लायंस विजेंद्र गोयल को जोन का चेयरमैन मनोनित किया। मीटिंग में लायंन आकाश गुप्ता, लायंन मदन बत्रा, लायंन सुभाष वशिष्ठ, लायंन राकेश शर्मा, लायंन संजीव मलिक मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने नवनियुक्त टीम को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की और प्रधान व अन्य का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। नवनियुक्त प्रधान प्रवीन वर्मा ने कहा कि क्लब के सदस्यों ने जो उनकों जिम्मेदारी सौंपी है, वे उसे पूरी निष्ठा के साथ क्लब के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे और पूरी टीम को साथ लेकर चलेंगे।

# प्राचीन श्रीशिव मंदिर में आयोजित अमृतबेला में उमड़ा जनसैलाब

## कार्यक्रम में नगर के रसिकों ने बांधा समां

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र /शाहबाद

**नगरपालिका** के पूर्व प्रधान हरीश कवातरा एवं पूर्व पार्षद ममता कवातरा द्वारा प्राचीन श्री शिव मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम अमृतबेला का आयोजन किया गया। शिव मंदिर के विद्वान विप्र पंडित सुनील शर्मा ने कवातरा परिवार से पूरे विधि विधान से पूजन करवाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अजय मोंगा व मयंक तुली ने महामंत्र ओम नमः शिवाय की मधुर धुन के साथ किया। प्रदीप करावा द्वारा गणेश वंदना करने के उपरांत भजनों की श्रृंखला में मनीष भाटिया, शिवम नारंग, त्रिलोक आहूजा, गुलशन मयूर, गंगा रमन, रवि राज व सागर कोहली ने एक के बाद एक सुंदर भजन प्रस्तुत कर समां बांध दिया। शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित इस अमृतबेला कार्यक्रम में उपस्थित सैंकड़ों श्रद्धालु खुशी में झूमते रहे।

सागर कोहली द्वारा गाए भजन मैंने राधा नाम की पकड़ी फुलवाड़ी..., के पत्ता पत्ता श्याम बोलदा... ने जहां श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश किया, वहीं रवि राज द्वारा गाए कव्वाली रूपी भजन भोले गिरिजा पति हूं तुम्हारी शरण..... पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। प्रसिद्ध गायक गंगा रमन द्वारा गाए भजन बम भोले बम भोले बम बम बम, प्रेम से जपोगे तो मिटेंगे सारे गम..... पर श्रद्धालुओं ने शिवलिंग दरबार के समक्ष जम कर नृत्य किया। श्री मारकंडेश्वर महादेव शिव मंदिर सभा के सह सचिव विजय शर्मा ने मंच संचालन का कार्य बखूबी निभाते हुए इतिहास केसरी मास्टर नत्था सिंह की रचनाओं तथा कविताओं के माध्यम से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

अमृतबेला कार्यक्रम के आयोजक हरीश कवातरा एवं ममता कवातरा ने अपने परिवार के सदस्यों गगन एवं भाविका कवातरा, जगदीश एवं प्रभा सभरवाल, गौरव एवं अर्श सभरवाल, सौरव एवं तान्या सभरवाल तथा नेहा एवं विकास कोहली के साथ गणमान्य व्यक्तियों पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, पूर्व मंत्री खरैती लाल शर्मा, श्रीमद् देवी भगवती बाला सुंदरी मंदिर के प्रधान पवन गर्ग तथा अमृतवेला कार्यक्रम में विशेष रुप से पधारे विश्वविख्यात कथावाचक एवं सिख धर्म के प्रचारक ज्ञानी साहिब सिंह सहित सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

आरती से पूर्व ज्ञानी साहिब सिंह व राष्ट्रीय पंजाबी महासभा हरियाणा के महासचिव राकेश भल्ला ने अमृतबेला के आयोजक हरीश कवातरा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम उपरांत श्रद्धालुओं के लिए नाश्ते प्रसाद की व्यवस्था की गई, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद स्वरूप नाश्ता ग्रहण किया। कार्यक्रम में मलिक विजय आनंद, नवीन आहूजा, रोहित वधवा, संजीव चोपड़ा, सुनील गुप्ता, हर्षवर्धन कोहली, प्रहलाद भगत अदलखा, डा. छवि प्रकाश शर्मा, त्रिलोचन सिंह हांडा, टोनी मल्होत्रा, बिट्टू बतरा, राज मक्कड़, गौरव राय अरोड़ा, सुरेंद्र वधवा, सुभाष चकवालिया, संजय बतरा, प्रवेश शर्मा, शत्रुघ्न भसीन, ढूंढ राज आनंद, कमल भ्याना, लकी चड्ढा, विक्की गंभीर, रमन चड्ढा, पिंटू खुराना, भगत विनोद साहनी, सुभाष मदान, रॉकी मुल्तानी, हैप्पी कवातरा, दीपक आनंद, आकाश आनंद, संजीव शर्मा, संजीव स्वामी, विजय तुली, अनिल डावर, संदीप आनंद, गुलशन सतीजा, भगवंत सिंह, राजू कोहली, वीरेंद्र मनचंदा, राजकुमार सलूजा, जमना दास भारद्वाज, नीरज चावला, अर्जुन तनेजा, प्रभजीत सिंह तनेजा, मनीष आहूजा, सुरेंद्र नागपाल, श्रीकृष्ण सलूजा, सुभाष बहल, मोहन चावला और पुनीत चड्ढा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।



नगरपालिका के पूर्व प्रधान हरीश कवातरा को स्मृति चिह्न भेंट करते अंतरराष्ट्रीय गुरबाणी कथावाचक ज्ञानी साहिब सिंह व अन्य।

## गुरु दक्ष प्रजापति के नाम कौशल विवि कुरुक्षेत्र में बनाया जाए

**कुरुक्षेत्र।** प्रजापति जागरूक सभा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार रंबा ने कुरुक्षेत्र में सिरसला रोड स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सबका साथ सबका विकास की नीति से कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सच्चाई, ईमानदारी से संघर्षशील होकर कार्य कर रहे हैं और सभी के गुरुओं के नाम की जयंती व उनकी जीवनी पर प्रकाश डालकर बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित धूमधाम से मनाई जा रही है। रामकुमार रंबा ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी तौर पर समस्त प्रदेश में बड़े स्तर पर कार्यक्रम कर उनकी जयंती मनाने का कार्य कर रही है। रंबा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पिछड़ा वर्ग का छात्रावास बनाने के लिए कुरुक्षेत्र क्षेत्र में कहा था तभी कुछ दिन के बाद पलवल में कौशल विश्वकर्मा विश्वविद्यालय पिछड़े वर्ग की सभी ट्रेडों को खोला गया।

# संक्षिप्त-समाचार

## मानवता की सेवा में कार्य कर एक मिसाल कायम की



**करनाल।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ द्वारा एक राज्य स्तरीय रिव्यू मीटिंग का आयोजन जिमखाना क्लब करनाल में किया गया। जिसकी अध्यक्षता वाइस चेयरपर्सन हरियाणा रेडक्रॉस सुषमा गुप्ता व मुकेश अग्रवाल, महासचिव, हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा की गई। मीटिंग में सभी जिला रेडक्रॉस ब्रांच से आए सचिव, सह सचिव व जिला प्रशिक्षण अधिकारियों ने अपने-अपने जिलों में रेडक्रॉस द्वारा संचालित सभी गतिविधियों से अवगत करवाया। महासचिव हरियाणा रेडक्रॉस मुकेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में रेडक्रॉस की गतिविधियों को मानवता की सेवा में और तेजी से कार्य करने वाले सभी जिलों को विभिन्न सुझाव व निर्देश दिए गए तथा महासचिव ने सभी जिलों के सचिवों को और मानवता की सेवा से सम्बंधित गतिविधियां तथा संस्था की आमदनी बढ़ाने वाले प्रोजेक्ट चलाने के भी निर्देश दिए। वाइस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता ने सभी जिला रेडक्रॉस सचिवों की सराहना करते हुए बताया कि कोविड-19 में रेडक्रॉस द्वारा मानवता की सेवा में कार्य कर एक मिसाल कायम की। मीटिंग के समापन में रेडक्रॉस सोसाईटी करनाल के सचिव कुलबीर मलिक ने मीटिंग में आए सभी अधिकारियों का धन्यवाद किया। हरियाणा रेडक्रॉस से अनिल जोशी, संयुक्त सचिव, संजीव धीमान, स्टेट ट्रेनिंग ऑफिसर, विजय कुमार, प्रोग्राम ऑफिसर, रोहित शर्मा प्रोग्राम ऑफिसर मौजूद रहे।

## नाटक समझदार लोग ने किया सामाजिक बुराइयों पर कटाक्ष

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा कला परिषद द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित साप्ताहिक संध्या में नाटक समझदार लोग का कला कीर्ति भवन में मंचन करवाया गया, जिसमें सुरेंद्र शर्मा द्वारा लिखे नाटक की रंगप्रयास नाट्य संस्था हिसार के कलाकारों द्वारा लोकेश मोहन खट्टर के निर्देशन में प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर हरियाणा कला परिषद के निर्देशक संजय भसीन उपस्थित रहे। मंच का संचालन हरियाणा कला परिषद के मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने किया। नाटक में एक पागलखाने का दृश्य दिखाया गया, जहां कुछ पागल विभिन्न सामाजिक मुद्दों को दर्शकों के सामने प्रस्तुत करते नजर आए। कलाकारों ने जहां एक ओर भ्रष्टाचार से संलिप्त लोगों पर कटाक्ष किया, वहीं नेताओं की मनमानियों को भी अपने अभिनय के माध्यम से दिखाते हुए भाई-भतीजावाद पर व्यंग्य किया। इसके अलावा महिलाओं के साथ हो रहे शोषण को भी कलाकारों ने उजागर करते हुए समाज को आईना दिखाने का प्रयास किया। एक के बाद एक गम्भीर मुद्दे के साथ नाटककर्मियों ने सामाजिक बुराईयों के प्रति जागरुक करने का प्रयास किया। कलाकारों के अभिनय और प्रस्तुति ने लोगों का मन मोहा। नाटक के संदर्भ में अपने विचार रखते हुए संजय भसीन ने कहा कि कलाकार समाज का आईना होता है, जो समाज में घटने वाली घटनाओं से लोगों को रुबरु करवाते हैं। इसके अलावा संजय भसीन ने हरियाणा कला परिषद में लगने वाली अभिरुचि कक्षाओं के लिए भी लोगों को आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा कला परिषद निरंतर कला और संस्कृति के विस्तार के लिए कार्य कर रही है, जिसके अंतर्गत जून माह में ग्रीष्मकालीन कार्यशालाएं लगाकर विद्यार्थियों को कला की बारीकियां सिखाने का प्रयास किया जाएगा। नाटक के अंत में नाटक निर्देशक लोकेश मोहन खट्टर को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

## किसानों ने समाजसेवी संदीप गर्ग को किया सम्मानित




**कुरुक्षेत्र।** लाडवा के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान और उनके साथ आए कई जिलों के किसानों ने शनिवार को स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग को गत एक अप्रैल से लाडवा रसोई व 14 मई से बाबैन रसोई चलाने को लेकर स्मृति चिह्न व पटका पहना कर सम्मानित किया। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जो यह नेक कार्य किया जा रहा है, इसकी प्रशंसा पूरे प्रदेश भर में हो रही है। संदीप गर्ग द्वारा जो एक समय का प्रति व्यक्ति पांच रुपये में भरपेट भोजन देने की योजना शुरू की गई है, उसकी तारीफ जितनी की जाए उतनी कम है। कुरूक्षेत्र, यमुनानगर, करनाल, कैथल से आए जिलाध्यक्षों ने भी अपने संबोधन में समाजसेवी संदीप गर्ग की नेक कार्य के लिए प्रशंसा की। इससे पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व अन्य जिलों से आए पदाधिकारियों द्वारा उनको स्मृति चिन्ह व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने भारतीय किसान यूनियन के सभी पदाधिकारियों व प्रदेशाध्यक्ष का उनको जो सम्मान और विश्वास दिलाया है, उसके लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि 28 जून को लाडवा हल्के में स्टालवार्ट फाउंडेशन की ओर से अनेक योजनाएं शुरू की जाएगी। जैसे कि 28 जून को लाडवा क्षेत्र में कई रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा लगभग तीन हजार पौधे भी लाडवा क्षेत्र में लगाए जाएंगे। मौके पर मंडल अध्यक्ष बलदेव, जिलाध्यक्ष रामकुमार खैरा, अश्वनी शर्मा, सुनील गर्ग, सतपाल धीमान, राजू खुराना, महेश, अमित खुराना, रामधारी भूरा, सुरेन्द्र, सुभाष गुर्ज्जर, जसबीर जैनपुर, राजेश खाकट सहित अनेक किसान मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री मोदी गांव मिजार्पुर में किसानों से करेंगे संवाद

**कुरुक्षेत्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को सुबह करीब 10 बजे गांव मिजार्पुर में किसानों से सीधा संवाद करेंगे। इस सीधे संवाद कार्यक्रम का आयोजन कंट्री साइड मैरिज पैलेस में सुबह 10 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम में लगभग 100 किसानों को आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम की सूचना मिलते ही किसानों में उत्साह देखने को मिला है। यह जानकारी भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर मिजार्पुर ने दी है।

## सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ. एस. एन. भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

### दस्तूर

क्यूँ हमें याद करे छोड़ के जाने वाला
उसने अपना लिया दस्तूर ज़माने वाला
हमने हर दर्द ख़ुशी मान के अपनाई है
कुछ भी बाक़ी नहीं अब हमको रुलाने वाला

# उत्तराखंड : आधी से अधिक कछुआ की प्रजातियां वैश्विक स्तर पर खतरे में

## जेडएसआई की वैज्ञानिक डा. अर्चना बहुगुणा ने कहा, उत्तराखंड में मीठे पानी के कछुआ की 12 प्रजातियां

### उत्तराखंड के कछुओं को आईयूसीएन रेड लिस्ट ने लुप्तप्राय जीव के रूप में शामिल किया

एजेंसी। कोलकाता

**भारतीय** प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) के एक अध्ययन में बताया गया है कि उत्तराखंड में मीठे पानी के कछुओं की 12 प्रजातियां हैं, जिनमें से आधी से अधिक प्रजातियां वैश्विक स्तर पर खतरे में हैं।

जेडएसआई की वैज्ञानिक डॉ अर्चना बहुगुणा ने अपने व्यापक सर्वेक्षणों के आधार पर उत्तराखंड में कछुओं की प्रजातियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा, वे दुनिया के सबसे लुप्तप्राय प्राणी हैं। जिनकी वैश्विक स्तर पर आधी से अधिक प्रजातियां आईयूसीएन रेड लिस्ट में खतरे वाले प्राणियों में शामिल हैं।

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की निदेशक डॉ धृति बनर्जी ने शनिवार को बताया कि प्रदूषण, आवास का टूटना, भोजन के लिए अंधाधुंध शिकार और पारंपरिक चीनी चिकित्सा में इन जीवों के उपयोग के कारण इन्हें गंभीर खतरों का सामना करना पड़ता है।



बनर्जी ने कहा कि उत्तराखंड में पाए जाने वाले अधिकांश कछुओं को आईयूसीएन रेड लिस्ट ने लुप्तप्राय जीव के रूप में शामिल किया है और वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत संरक्षित हैं। औषधि में इस्तेमाल होने के साथ ही खोल के सजावट के लिए उपयोग के कारण इनका दुनिया के विभिन्न हिस्सों में भी कारोबार किया जाता है। उत्तरी क्षेत्रीय केंद्र, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की वैज्ञानिक बहुगुणा, माटी जैव विविधता संरक्षण और सामाजिक अनुसंधान संगठन, देहरादून की वैज्ञानिकों डॉ अंकिता राजपूत तथा डॉ वेद कुमार ने उत्तराखंड के कछुओं की प्रजातियों के लिए डीएनए बारकोड तैयार किया। बनर्जी ने कहा कि ये प्रजातियां भारत के अन्य हिस्सों में भी मौजूद हैं।

उन्हें देश के अन्य हिस्सों में मौजूद प्रजातियों से, विशेष रूप से पूर्वोत्तर भारत से अलग करने के लिए भौगोलिक आनुवंशिक हस्ताक्षर भी विकसित किया गया है। माना जाता है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में कछुओं की विभिन्न प्रजातियां बड़ी संख्या में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य कछुओं की विभिन्न प्रजातियों की पहचान करने और जब्त किए गए कछुए के मांस की उत्पत्ति का पता लगाने में उपयोगी है। जेडएसआई की निदेशक ने कहा कि यह अध्ययन फॉरेंसिक साइंस इंटरनेशनल : रिपोर्ट्स में हुआ है। उन्होंने कहा कि यह मीठे पानी के कछुओं और उन पर आणविक अध्ययन करने में भी उपयोगी है।

# सबसे सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सा पर्यटन का केंद्र बन रहा भारत : राष्ट्रपति


## कोविंद ने कहा, पिछले दो-ढाई साल से दुनिया गुजरी है अदृश्य कोरोना महामारी से

### राष्ट्रपति ने वैक्सीन विकसित करने के लिए देश के वैज्ञानिकों और चिकित्सकों की प्रशंसा की

एजेंसी। भोपाल

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि भारत दुनिया में सबसे सस्ती दरों पर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करा रहा है और विदेशों, विशेषकर पड़ोसी देशों, से लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए भारतीय अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत चिकित्सा पर्यटन का केंद्र बन रहा है।

कोविंद ने यहां आरोग्य भारती संस्था द्वारा वन नेशन, वन हेल्थ सिस्टम विषय पर आयोजित आरोग्य मंथन सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा, दुनिया में सबसे सस्ती चिकित्सा सुविधाएं भारत में उपलब्ध हैं और अस्पतालों, विशेषकर दिल्ली, में स्थानीय मरीजों की तुलना में पड़ोसी देशों के लोग अधिक इलाज करवा रहे हैं।



कोविड-19 महामारी का जिक्र करते हुए कोविंद ने कहा कि दो-ढाई साल से दुनिया अदृश्य महामारी से गुजरी है, संभवत: केवल एक-दो प्रतिशत लोग ही इससे बचे हों। किसी न किसी रूप में सभी इससे प्रभावित हैं। उन्होंने कोविड-19 से लोगों की जान बचाने वाली वैक्सीन विकसित करने के लिए देश के वैज्ञानिकों और चिकित्सकों की प्रशंसा करते हुए कहा, वास्तविकता यह है कि यदि वैज्ञानिक व चिकित्सक न होते, तो क्या होता। कोविड वैक्सीन से दुनिया में मानवता का व्यापक हिस्सा बच गया, जबकि सौ साल पहले जब महामारी आई थी तो उसमें असंख्य लोग गुजर गए थे।

उन्होंने कहा कि हाल ही में जमैका और सेंट विंसेट देश की अपनी यात्रा के दौरान वह आठ कार्यक्रमों में शामिल हुए, जिनमें उन देशों के शासनाध्यक्षों ने जरूरत के समय उन्हें कोविड-19 रोधी वैक्सीन उपलब्ध कराने के लिए भारत की बार-बार प्रशंसा की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमैका और सेंट विंसेट को 50-50 हजार कोविशील्ड वैक्सीन की खुराक मुफ्त भेजी थी। दोनों देशों के शीर्ष नेता भारत की इस मानवीय पहल की प्रशंसा करते नहीं अघाते थे।

राष्ट्रपति ने कहा कि जहां भारत उन देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करता था, वहीं वे भारत की चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी लेने में अधिक रुचि रखते थे। उन्होंने कहा कि भारत चिकित्सा पर्यटन का केंद्र बन रहा है और यहां स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं और संस्थागत उपचार आसानी से उपलब्ध हैं।

देश में स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए केरल में स्थापित आरोग्य भारती की प्रशंसा करते हुए कोविंद ने कहा कि इस संस्था की टीम देश के 85 प्रतिशत जिलों में सक्रिय है। राष्ट्रपति ने वन नेशन-वन हेल्थ सिस्टम शुरू करने के सरकार के कदम की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम को मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी संबोधित किया।

# पिछले आठ वर्षों में देश की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी। राजकोट (गुजरात)

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उन्होंने पिछले आठ वर्षों में देश की सेवा करते हुए कोई कसर नहीं छोड़ी और ऐसा कोई काम नहीं किया। जिससे लोगों का सिर शर्म से झुक जाए।

मोदी गुजरात के राजकोट जिले के एटकोट में 200 बिस्तरों वाले मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैंने पिछले आठ वर्षों में राष्ट्र की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मैंने न तो इसकी अनुमति दी है और न ही व्यक्तिगत रूप से ऐसा कोई काम किया है जिससे आपको या भारत के किसी भी व्यक्ति का सिर शर्म से झुक जाए।

उन्होंने कहा, पिछले आठ वर्षों में हमने उस भारत के निर्माण के लिए



ईमानदार प्रयास किए हैं, जिसका सपना महात्मा गांधी और सरदार पटेल ने देखा था। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अवधि में सरकार ने गरीबों के उत्थान के लिए काम किया है। उन्होंने कहा, हमने गरीबों की मदद के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से देश के गरीबों की सेवा की और उनके जीवन को बेहतर बनाने की कोशिश की। महामारी के दौरान सरकार ने गरीबों के लिए अन्न का भंडार खोल दिया।

### जम्मू: बस के तवी नदी में गिरने से दो लोगों की मौत

**जम्मू।** जम्मू में पुल पार करते समय एक बस के तवी नदी में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना शुक्रवार देर रात बिक्रम चौक के पास हुई। पुलिस ने कहा कि तवी पुल पार करते समय उसने वाहन से नियंत्रण खो दिया। बस पहले पुल पर पक्की दीवार से टकराई और इसके बाद नदी में गिर गई। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई। एक अन्य घटना में शनिवार को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर उधमपुर जिले में बट्टल बलैन पुल पर एक तेज रफ्तार बस के पलट जाने से 27 यात्री घायल हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल शहीद पुलिसकर्मी के परिवार से मिले

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बारामूला जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए पुलिसकर्मी मुदस्सिर शेख के आवास का शनिवार को दौरा किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सिन्हा के साथ पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। उपराज्यपाल ने उत्तरी कश्मीर जिले के उरी में शेख के परिजनों से मुलाकात की। अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने शहीद हुए पुलिसकर्मी के परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत की और संवेदना व्यक्त की। बारामूला के क्रीरी इलाके में 25 मई को नजीभात चौराहे पर हुई मुठभेड़ में शेख शहीद हो गए थे। पुलिस के अनुसार, मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के तीन पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए थे।

### मिजोरम पुलिस ने मुक्त कराए 468 विदेशी जीव-जंतु

**आइजोल।** मिजोरम पुलिस ने चम्फाई जिले से 468 विदेशी जीव-जंतुओं को मुक्त कराया है। संदेह है कि इन जीव-जंतुओं को म्यांमा से तस्करी करके लाया गया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने म्यांमा की सीमा से सटे चम्फाई जिले के ख्वाकवन जांच द्वार पर इन जीव-जंतुओं को मुक्त कराया। वन्य जीवों की तस्करी के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारी के मुताबिक, मुक्त कराए गए जीव-जंतुओं में चार कछुए, 11 सांप, 442 छिपकली और अन्य जीव शामिल हैं। इन जीव-जंतुओं के अलावा गिरफ्तार किए गए पांचों लोगों को भी सीमाशुल्क प्रतिरोधी बल के हवाले किया गया है।एक अन्य अधिकारी के अनुसार, वन्य जीवों की तस्करी को रोकने के लिए मिजोरम पुलिस ने पुलिस अधीक्षकों से जिला वन्य जीव अपराध नियंत्रण विभाग की सभी इकाइयों को सतर्क करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि बृहस्पतिवार को लुंगलेई जिला वन्य जीव नियंत्रण विभाग की सभी इकाइयों की एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें वन्य जीवों से जुड़े अपराधों की रोकथाम, उनका पता लगाने और जांच करने से संबद्ध लोगों के बीच समन्वय को मजबूत करने पर गहन विचार-विमर्श किया गया था।

### नफरत फैलाने वाले देश के दुश्मन और गद्दार है : मदनी

**देवबंद।** देश के प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत-उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने देश में नफरत फैलाने वालों को देश का दुश्मन और गद्दार बताया साथ ही नफरत को मोहब्बत से खत्म करने का लोगों को पैगाम दिया। मदनी ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद में जमीयत-उलेमा-ए-हिंद की प्रबंधक समिति के अधिवेशन को संबोधित करते हुए यह बात कही। मदनी ने देश में हाल में हुई कुछ साम्प्रदायिक घटनाओं का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए कहा, देश में बहुमत उन लोगों का नहीं है जो नफरत के पुजारी हैं और अगर हम उनके उकसावे में आकर उसी लहजे में जवाब देंगे तो वे अपने मकसद में कामयाब हो जाएंगे। उन्होंने कहा, देश में नफरत की दुकान चलाने वाले मुल्क के दुश्मन हैं, गद्दार हैं। उन्होंने कहा कि नफरत का जवाब कभी भी नफरत से नहीं दिया जाता बल्कि मोहब्बत से दिया जाता।

### सरकार के संरक्षण में बहुसंख्यकों में घोला जा रहा है जहर

**देवबंद।** देश के प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत-उलेमा-ए-हिंद ने कथित तौर पर मुल्क में बढ़ती साम्प्रदायिकता पर चिंता व्यक्त की। कहा कि सभाओं में अल्पसख्यकों के खिलाफ कटुता फैलाने वाली बातें की जाती हैं लेकिन सरकार ने इस ओर आंखें मूंदी हुई हैं। मुस्लिम संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि देश के बहुसंख्यक समुदाय के दिमाग में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के संरक्षण में जहर घोला जा रहा है। जमीयत ने दावा किया कि छद्म राष्ट्रवाद के नाम पर राष्ट्र की एकता को तोड़ा जा रहा है, जो ना सिर्फ मुसलमानों के लिए बल्कि पूरे देश के लिए बेहद खतरनाक है। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देवबंद में जमीयत-उलेमा-ए-हिंद की मज्लिसे मुंतजिमा (प्रबंधक समिति) की बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें केंद्र सरकार से उन तत्वों पर और ऐसी गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाने का आग्रह किया गया है।

# आर्यन को जिस सदमे से गुजरना पड़ा उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा : चिदंबरम





एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने मादक पदार्थ मामले में अभिनेता शाहरुख खान के पुत्र आर्यन खान को क्लीन चिट मिलने के बाद शुक्रवार को कहा कि इस नौजवान को जिस सदमे से गुजरना पड़ा, उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। उन्होंने यह दावा भी किया कि जांच के बाद गिरफ्तारी होनी चाहिए, लेकिन आजकल बहुत सारे मामलों में इसका उल्टा हो रहा है।

चिदंबरम ने ट्वीट किया, यह अब स्पष्ट हो चुका है कि आर्यन खान के खिलाफ कोई सबूत नहीं था। इस नौजवान को जिस सदमे से गुजरना पड़ा, उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? उन्होंने कहा, जांच के बाद गिरफ्तारी होनी चाहिए. दुखद है कि कई मामलों में पहले गिरफ्तारी होती है फिर जांच होती है। यह कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के विपरीत है।

कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने आर्यन के मामले का हवाला देते हुए सरकार पर निशाना साधा और दावा किया, सरकारी एजेंसियां खबरें गढ़ रही हैं, बिना सबूत के लोगों की प्रतिष्ठा धूमिल की जा रही है, बिना सुनवाई के लोगों को दोषी ठहराया जा रहा है। यही नया भारत है। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को क्रूज जहाज पर मादक पदार्थ मिलने के मामले में शुक्रवार को क्लीन चिट दे दी।

## पवार ने मांसाहार की वजह से बाहर से दगदूशेठ गणपति के दर्शन किए : राकांपा नेता

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार प्रसिद्ध दगदूशेठ गणपति मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए पुणे पहुंचे थे, लेकिन उन्होंने परिसर के बाहर से ही भगवान के दर्शन किए, क्योंकि उन्होंने मांसाहारी भोजन किया था। पार्टी की पुणे इकाई के अध्यक्ष प्रशांत जगताप ने यह जानकारी दी।दगदूशेठ गणपति मंदिर से सटी जमीन को मंदिर ट्रस्ट को सौंपे जाने की लंबे समय से चली आ रही मांग के बीच पवार शुक्रवार को पुणे में इस जमीन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। यह जमीन राज्य के गृह विभाग की है, जिसका प्रभार वर्तमान में राकांपा नेता दिलीप वालसे पाटिल के पास है।

पवार के मंदिर परिसर में प्रवेश नहीं करने और बाहर से दर्शन करने के बाद इसे लेकर सवाल उठने लगे थे। हालांकि, शाम को पत्रकारों से बातचीत में जगताप ने इस बारे में सफाई दी। उन्होंने कहा, शरद पवार ने मंदिर जाने की योजना बनाई थी। हालांकि, उन्होंने बाहर से दर्शन करना पसंद किया, क्योंकि उन्होंने मांसाहारी भोजन किया था। जगताप ने कहा, पवार साहब ने मुझे बताया कि चूंकि उन्होंने दिन में मांसाहारी भोजन किया था, इसलिए उन्हें लगा कि मंदिर के अंदर जाना उचित नहीं है और इसके बजाय उन्होंने बाहर से दर्शन किए।

# गुजरात के मंत्री ने धार्मिक कार्यक्रम में खुद को जंजीरों से पीटा

## कहा, मंत्री इस तरह की हरकतों से अंधविश्वास को दे रहे हैं बढ़ावा


एजेंसी। अहमदाबाद

गुजरात के मंत्री अरविंद रैयानी शुक्रवार को इंटरनेट और सोशल मीडिया पर एक वीडियो के प्रसारित होने के कारण विवादों में घिर गए। इस वीडियो में वह एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान खुद को धातु की जंजीरों से पीटते दिख रहे हैं। इस पर विपक्षी दल कांग्रेस ने मंत्री पर आरोप लगाया है कि वह इस तरह की हरकतों से अंधविश्वास को बढ़ावा दे रहे हैं।

रैयानी और सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के दावों को खारिज करते हुए कहा कि आस्था और अंधविश्वास में अंतर है। वीडियो में परिवहन, नागरिक उड्डयन और पर्यटन मंत्री खुद को जंजीर से पीटते दिख रहे हैं। संवाददाताओं से बातचीत में रैयानी ने कहा कि उनके कुल देवता की प्रार्थना के लिए एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन राजकोट जिले में बृहस्पतिवार को उनके पैतृक गांव में किया गया था।

मंत्री ने कहा, मैं बचपन से ही अपने देवता का परम भक्त रहा हूं। मेरा परिवार पैतृक गांव में इस तरह के





### मंत्री अरविंद रैयानी ने कहा, हम केवल अपने कुल देवता की कर रहे हैं पूजा

धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कराता रहता है। आप इसे (मेरा कृत्य) केवल अंधविश्वास नहीं कह सकते, हम केवल अपने कुल देवता की पूजा कर रहे हैं। गुजरात कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष दोषी ने अंधविश्वास फैलाने के लिए भाजपा नेता की खिंचाई की है।

दोषी ने कहा, मंत्री होने के बावजूद रैयानी ने अवैज्ञानिक कृत्य करके अंधविश्वास फैलाने का काम किया। वह एक ओझा की तरह अंधविश्वास फैला रहे थे, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे लोग गुजरात सरकार के मंत्री के रूप में काम कर रहे हैं। अपने मंत्री का बचाव करते हुए गुजरात भाजपा के प्रवक्ता यग्नेश दवे ने कहा कि कांग्रेस को आस्था और अंधविश्वास में फर्क समझने की जरूरत है। दवे ने कहा, यह किसी के निजी धार्मिक विश्वास का मामला है। आस्था और अंधविश्वास के बीच बहुत महीन रेखा है। हर व्यक्ति अलग तरह से अपने अराध्य देव की आराधना करता है। पारंपरिक कर्मकांड को अंधविश्वास नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस को धार्मिक आस्था को चोट पहुंचाने से बाज आना चाहिए।

# महाराष्ट्र : बस हादसे में मृत व्यक्ति के परिजनों को मिले 13 लाख रुपये मुआवजा

एजेंसी। ठाणे (महाराष्ट्र)

**ठाणे** मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन उपक्रम (बेस्ट) को 2017 में एक सड़क हादसे में उसकी बस की चपेट में आकर जान गंवाने वाले 20 वर्षीय व्यक्ति के परिवार को 13.21 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। बेस्ट मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे और मीरा भयंदर क्षेत्रों में बस परिवहन सेवाएं प्रदान करता है।

19 मई को पारित आदेश में एमएसीटी के सदस्य एमएम वलीमोहम्मद ने बेस्ट को दावा दायर करने की तारीख से सात प्रतिशत सालाना ब्याज दर के साथ दो महीने के भीतर दावेदारों को भुगतान करने का आदेश दिया। न्यायधिकरण ने स्पष्ट किया कि आदेश के पालन में विफल रहने पर उसे दावेदारों को भुगतान किए जाने की अवधि तक आठ प्रतिशत की दर से ब्याज देना होगा। दावेदारों में पीड़ित की मां मीना वसंत पाटिल (51) और भाई विवेक वसंत पाटिल (30) शामिल हैं। दोनों महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले की पनवेल

### आदेश के पालन में विफल रहने पर दावेदारों को आठ प्रतिशत की दर से ब्याज देना होगा

तहसील में स्थित अदाई गांव के निवासी हैं। उनके वकील संबाजी टी कदम ने न्यायाधिकरण को बताया कि 19 दिसंबर 2017 को मृतक नीरज वसंत पाटिल मोटरसाइकिल से नवी मुंबई के सीवुड्स की ओर जा रहा था, तभी सीवुड्स की ओर से आ रही बेस्ट बस अचानक मुड़ी, जिससे पाटिल ने अपनी मोटरसाइकिल पर नियंत्रण खो दिया और मोटसाइकिल बस से टकरा गई। उन्होंने बताया कि बस की टक्कर से पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। वकील ने न्यायाधिकरण को यह भी बताया कि पाटिल एक जल आपूर्ति एजेंसी में अनुबंध कर्मचारी के रूप में काम करता था और प्रति माह 12,000 रुपये कमाता था। पाटिल के परिजनों ने दावा दायर किया और कहा कि पाटिल की मृत्यु के बाद उन्हें संपत्ति, प्रियजन और उसके स्नेह का नुकसान हुआ है।

# बच्चों की गुमशुदगी के मामले बढ़े : गैर-सरकारी संगठनों ने सतर्कता बढ़ाने की मांग उठाई

## -बीबीए के कार्यकारी निदेशक धनंजय टिंगल ने बताया, दो वर्षों में देशभर में 12,000 बच्चों को बचाया

एजेंसी। नई दिल्ली

**बाल** अधिकारों की दिशा में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने पिछले दो वर्षों में कोविड-19 महामारी के सामाजिक प्रभाव के कारण बच्चों की गुमशुदगी के मामलों में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की है। स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए इन संगठनों ने ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण समितियों को तत्काल मजबूत करने और अभिभावकों को संवेदनशील बनाने तथा उन्हें जरूरी प्रशिक्षण देने का आह्वान किया है। उन्होंने सरकार से इस बाबत पर्याप्त बजट आवंटित करने का आग्रह भी किया है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के हालिया आंकड़ों के मुताबिक, साल 2020 में भारत में 59,262 बच्चे लापता हुए थे, जबकि पिछले वर्षों में खोए 48,972 बच्चों का पता नहीं लगाया जा सका था, जिससे देश में गुमशुदा बच्चों की कुल संख्या बढ़कर 1,08,234 पर पहुंच गई थी।

एनसीआरबी के अनुसार, साल 2008 से 2020 के बीच बच्चों की गुमशुदगी के सालाना मामले लगभग 13 गुना बढ़ गए। 2008 में देश में लापता हुए बच्चों की संख्या 7,650 थी। कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन की सहयोगी संस्था बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के कार्यकारी निदेशक धनंजय टिंगल ने बताया कि पिछले दो वर्षों में बीबीए ने देशभर में लगभग 12,000 बच्चों को बचाया है। टिंगल ने कहा, हमारे पास यह साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि महामारी की



दस्तक के बाद बाल तस्करी कई गुना बढ़ गई है। एनजीओ चाइल्ड राइट्स एंड यू (क्राई) की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2021 में मध्य प्रदेश में रोजाना औसतन 29 और राजस्थान में 14 बच्चे लापता हुए। यह रिपोर्ट सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत दायर एक आवेदन से मिली जानकारी पर आधारित है। टिंगल ने कहा, कुछ बच्चों की तस्करी उनके माता-पिता की सहमति से की जा रही थी, जबकि कुछ अपनी मर्जी से तस्करों के साथ गए। बहरहाल, इनमें से अधिकांश बच्चे लापता हैं। उन्होंने रेलवे, रोडवेज और अन्य परिवहन सेवाओं के कर्मचारियों से आग्रह किया कि अगर उन्हें कोई अकेला बच्चा या भीख मांगने वाला बच्चा दिखता है तो वे तुरंत इसकी सूचना दें। टिंगल ने कहा, ऐसे बच्चों को सरकारी सुरक्षा के दायरे में लाया जाना चाहिए। सेव द चिल्ड्रन में बाल संरक्षण से जुड़े मामलों के उप-निदेशक प्रभात कुमार ने कहा, बढ़ती गरीबी बच्चों के लापता होने या तस्करी का शिकार बनने का एक प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा तक पहुंच न होने और कोविड-19 के कारण सीखने की प्रक्रिया बाधित होने के कारण भी स्थिति खराब हुई है।

उन्होंने कहा कि मास्क के इस्तेमाल की अनिवार्यता से अक्सर तस्करों और अपहरणकर्ताओं की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। मोइत्रा के अनुसार, संबंधित सरकारी विभागों को स्थानीय प्रशासनिक निकायों और नागरिक समाज संगठनों के सहयोग से बच्चों की शिक्षा के महत्व को लेकर जागरूकता फौलाने के लिए नियमित रूप से आगे आना चाहिए।

### मात्र चार माह में 59,262 बच्चों की लिखी गुमशुदगी

**साल 2020** में लगभग चार महीने (मार्च से जून तक) पूर्ण लॉकडाउन होने के बावजूद कुल 59,262 बच्चों की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी, जिनमें 13,566 लड़के, 45,687 लड़कियां और नौ ट्रांसजेंडर शामिल हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, लापता लड़कियों की संख्या 2018 में लगभग 70 प्रतिशत से बढ़कर 2019 में 71 प्रतिशत और 2020 में 77 प्रतिशत हो गई। दूसरी ओर, पिछले वर्षों में लापता बच्चों की संख्या 2018 में कुल गुमशुदा बच्चों का लगभग 42 प्रतिशत, 2019 में 39 प्रतिशत और 2020 में 45 प्रतिशत थी।

### कोराना से बाल तस्करी, श्रम और बाल विवाह बढ़े

संस्था क्राई की क्षेत्रीय निदेशक (उत्तर) सोहा मोइत्रा ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में कई परिवार पहले से ही कर्ज में डूबे थे। महामारी के कारण उन पर आर्थिक बोझ और बढ़ गया है। ऋण वापस करने के दबाव ने ऐसे परिवारों के बच्चों की तस्करी, बाल श्रम और बाल विवाह को बढ़ावा दिया है।

## मुख्यमंत्री को विवि की कुलाधिपति बनाने के प्रस्ताव पर प्रतिक्रियाएं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को राज्यपाल की जगह प्रदेश के विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति बनाने के प्रस्ताव पर शिक्षक संगठनों की मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है।

जादवपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संगठन (जेयूटीए) और वाम झुकाव वाले पश्चिम बंगाल कॉलेज एवं विश्वविद्यालय शिक्षक संगठन (डब्ल्यूबीसीयूटीए) जैसे संगठनों ने इस कदम की निंदा की और किसी भी प्रख्यात शिक्षाविद को कुलाधिपति के पद पर नियुक्त करने का आह्वान किया है। वहीं एबीयूटीए जैसे संगठन का कहना है कि इस कदम से शिक्षण संस्थान राजनीति का अड्डा बन जाएंगे। लेकिन पश्चिम बंगाल कॉलेज एवं विश्वविद्यालय प्रोफेसर संगठन (डब्ल्यूबीसीयूपीए) ने कहा कि राज्यपाल जगदीप धनखड़ के असहयोगी रवैए के कारण यह आवश्यक था।

# ग्रेनो में 44 कंपनियां 8000 करोड़ करेंगी निवेश

## फूड प्रोसेसिंग, रोबोटिक्स, हेल्थ केयर के बनेंगे उत्पाद

- 70 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

आगामी 3 जून को लखनऊ में प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में ग्रेटर नोएडा की 44 कंपनियां हिस्सा ले रहीं हैं। ये कंपनियां ग्रेटर नोएडा में करीब 8000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी और 70 हजार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। इस ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए ग्रेटर नोएडा ने फू ड प्रोसेसिंग, रोबोटिक्स, हेत्थकेयर व इलेक्ट्रॉनिक्स की तरफभी कदम बढ़ा दिया है। इससे यहां निवेश व रोजगार के नए आयाम बनेंगे।

उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के मकसद से प्रदेश सरकार आगामी 3 जून को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन कर रही है। जमीन लेकर अपना इकाई स्थापित करने जा रहीं देश-विदेश की तमाम कंपनियां इसमें हिस्सा ले रही हैं। नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण एरिया में जमीन प्राप्त कर इकाई लगाने जा रहीं कंपनियां भी इसमें हिस्सा ले रहीं हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ दीप चंद्र ने बताया कि ग्रेटर नोएडा से 44 कंपनियां इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रहीं हैं। इनमें यशोदा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, शारदा हॉस्पिटल का ट्रॉमा सेंटर, इंद्र प्रस्थ गैस लिमिटेड, लुलु ग्रुप का फूड प्रोसेसिंग पार्क, प्रमुख रोबोटिक्स निर्माता कंपनी एडवर्ब टेक्नोलॉजी जैसी नामचीन कंपनियों शामिल हैं।

यही नहीं, 'ग्रेटर नोएडा कोरिया व कई अन्य देशों की कंपनियों के लिए औद्योगिक निवेश का गढ़ बन गया है। सैमक्कांग इंडिया लिमिटेड, स्टेरियोन इंडिया लिमिटेड, ड्रीम .टेक इलेक्ट्रॉनिक्स, एलेनटेक इंडिया लिमिटेड जैसी विदेशी कंपनियां यहां बढ़-चढ़कर निवेश कर रहीं हैं।' ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ सुरेंद्र सिंह ने शुक्रवार को अपने अधीनस्थों के साथ बैठक कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए तैयारियों की समीक्षा की। प्राधिकरण ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हिस्सा लेने वाली इन कंपनियों की सूची शासन को भेज दी है।

कार्यक्रम में प्राधिकरण के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण हिस्सा लेंगे। औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण लगातार प्रयास कर रहा है। प्राधिकरण ने जिन कंपनियों को जमीन आवंटित की है, वे अपनी इकाई शीघ्र स्थापित कर सकें, इसके लिए हर संभव कोशिश कर रहा है, ताकि रोजगार का सृजन हो। यहां के युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार मिल सके।

### ग्राउंड ब्रेकिंग में शामिल होने वाली कंपनियां

| कंपनी संस्था का नाम | सेक्टर | निवेश | रोजगार |
|---|---|---|---|
| यशोदा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर | इकोटेक-12 | 525 | 5000 |
| फेयर एक्सपोर्ट लुलु ग्रुप | इकोटेक10 | 500 | 1500 |
| एडवर्ब टेक्नोलॉजी | इकोटेक-10 | 500 | 2000 |
| सैमक्कांग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स | इकोटेक-10 | 440 | 4000 |
| स्टेरिऑन इंडिया | इकोटेक-10 | 400 | 6000 |
| आईजीएल | केपी-फाइव | 400 | 240 |
| शारदा ट्रॉमा सेंटर | केपी-थ्री | 400 | 1600 |
| एलेनटेक इंडिया 2 प्लॉट | इकोटेक वन | 200 | 1600 |
| ड्रीमटेक इलेक्ट्रॉनिक्स | इकोटेक-10 | 250 | 6000 |
| रुविक बिल्डटेक | इकोटेक-8 | 350 | 2100 |

*नोट=निवेश की रकम करोड़ रुपये में है*

# पुलिस ने बिल्लू दुजाना और राकेश दुजाना को मार गिराया

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



- दोहरे हत्याकांड को दिया था अंजाम

गाजियाबाद पुलिस ने बीती रात गौतमबुद्धनगर के गैंगस्टर अनिल दुजाना गैंग के दो कुख्यात बदमाशों को मुठभेड़ में मार गिराया है। इंदिरापुरम में पिछले दिनों हुए दोहरे हत्याकांड के लिए पुलिस इन दोनों की तलाश कर रही थी। इनमें से एक पर एक लाख रुपये और दूसरे पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

बता दें कि 2 दिन पहले ही आईपीएस मुनिराज को गाजियाबाद का एसएसपी नियुक्त किया गया है। इससे पहले उनके पास एडिशनल चार्ज था। मुनिराज ने गाजियाबाद में परमानेंट चार्ज हासिल करते हुए कुख्यात अपराधियों के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। शनिवार तड़के पुलिस से हुई मुठभेड़ में दो बदमाश ढेर हो गए। मुठभेड़ में एक सिपाही को भी गोली लगी है।


वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में मारे गए दोनों बदमाश बिल्लू दुजाना और राकेश दुजाना वेव सिटी में हुए दोहरे हत्याकांड मामले में वांछित चल रहे थे। पुलिस दोनों की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। एसएसपी ने बताया कि शनिवार सुबह पुलिस की बिल्लू से इंदिरापुरम और राकेश से मधुबन बापूधाम क्षेत्र में मुठभेड़ हुई है।

मुठभेड़ के बाद पुलिस दोनों घायल बदमाशों को अस्पताल लेकर पहुंची। चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों बदमाशों के को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल सिपाही को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# भौंकने पर कुत्ते को पड़ोसी ने मार दी गोली

- आरोपी युवक को तलाश रही पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा में घर के बाहर घूमने निकले युवक पर पड़ोसी का कुत्ता भौंकने लगा। युवक इस कदर आक्रोशित हो गया कि उसने तमंचे से कुत्ते गोली मार दी। कुत्ते की हालत गंभीर है और उसका इलाज अस्पताल में करवाया जा रहा है। मामले में पुलिस को शिकायत दी गई है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक की तलाश की जा रही है। उसे जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा की जेवर कोतवाली क्षेत्र के नीमका गांव में यह वारदात हुई है। नीमका के निवासी युवक ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात करीब 9:30 बजे उसका पालतू कुत्ता रॉकी घर के बाहर घूम रहा था। उसी वक्त पड़ोसी मोनू पुत्र देवू घर के बाहर आया। रॉकी ने मोनू पर भौंकना शुरू कर दिया। कुत्ते को रोका लेकिन मोनू गुस्से में आग बबूला हो गया। उसने तमंचा निकाला और रॉकी को गोली मार दी। वादी ने अपने पालतू कुत्ते को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है।

पुलिस ने आईपीसी और पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में आरोपी युवक ने कुत्ते पर अवैध आग्नेयास्त्र तमंचे से गोली चलाई है। एफआईआर में 429, 506 और पशु क्करूरता निवारण अधिनियम की धाराओं 3 और 11 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

# नकली क्रिकेट का बल्ला बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़

- तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नामी कंपनियों के स्टीकर लगाकर ऑनलाइन साइट पर नकली बल्लों की बिक्री करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए नंदग्राम पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने दो मकानों से 2159 बल्ले तथा 1181 स्टीकर बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी कच्चा माल मेरठ के एक कारोबारी से लेते थे। उसकी तलाश की जा रही है। नंदग्राम एसएचओ अमित कुमार काकरान ने बताया कि नामी बल्ला कंपनी एसजी के गुड़गांव स्थित कार्यालय के अन्वेषण अधिकारी सोमित सिंह ने सूचना दी थी कि नंदग्राम क्षेत्र में उनकी कंपनी के नकली बल्ले बनाकर ऑनलाइन बेचे जा रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए सेवानगर स्थित मकान नंबर 1172 व 856 पर छापा मारा तो वहां नकली बल्लों का स्टॉक मिला।

आरोपी नकली बल्ले तैयार करके उन पर नामी कंपनियों के स्टीकर चिपकाकर ऑनलाइन बेचते थे। एसएचओ ने बताया कि गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों की पहचान दीपक और अभिषेक निवासीगण सेवानगर थाना नंदग्राम तथा सुरेंद्र शर्मा निवासी मीतनगर थाना ज्योतिनगर दिल्ली के रूप में हुई है। तीन आरोपी सेवानगर निवासी आकाश उसका भाई अविनाश तथा सूरजकुंड मेरठ निवासी सुरेंद्र फरार हैं। जबकि तीन आरोपी फ रार हैं। इनमें आकाश, अविनाश और सुरेंद्र निवासी मेरठ है। एसपी सिटी निपुण अग्रवाल ने बताया कि गैंग के सदस्य कंपनियां बनाकर नकली माल ऑनलाइन बेचते थे।

## दुष्कर्म में बुजुर्ग को पांच साल की सजा

**गाजियाबाद।** पोक्सो कोर्ट ने बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोप में 70 साल के बुजुर्ग को पांच साल की सजा सुनाई है। अभियुक्त पर बच्ची को नशीला पदार्थ पिलाकर हरिद्वार ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप है। मामला विजय नगर थाना क्षेत्र का है। आरोपी बुजुर्ग सुरजीत पर पोक्सो कोर्ट प्रथम के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद विश्वकर्मा ने शुक्रवार को इस मामले में अंतिम फैसला सुनाया।

अदालत में बुजुर्ग सुरजीत ने 12 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म करने का जुर्म कबूल कर लिया था। इसके बाद अदालत ने अभियुक्त को 5 साल की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक हरीश कुमार ने बताया कि विजय नगर थाने में 7 मई 2017 को पीड़िता के परिजन ने इस संबंध में मुकदमा लिखाया था। आरोप था कि मोहल्ले में ही रहने वाला बुजुर्ग सुरजीत उसकी 12 साल की बच्ची को बहला-फु सलाकर ले गया था। बच्ची ने अपने बयान में कहा कि सुरजीत अंकल ने उसे मां के बुलाने के बहाने ले गया था।

# संदिग्ध हालात में छत से गिरी महिला, उपचार के दौरान मौत

## गमले में पानी डालने के दौरान हुआ हादसा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा सेक्टर 11 में मंगलवार की शाम को एक महिला अपनी छत पर गमलों को ठीक करते हुए संदिग्ध हालात नीचे गिर गई। जिस कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने आनन-फानन में महिला को पास के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जिसके बाद गुरुवार को देर रात महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार 48 वर्षीय महिला का नाम सोनिया है। सेक्टर 11 स्थित अपने घर पर मंगलवार शाम को अपने मकान की छत पर गमलों को ठीक कर रही थी और पानी दे रही थी। इसी समय महिला संदिग्ध हालात में अपनी छत से नीचे गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला के गंभीर रूप से घायल होने के बाद परिजनों द्वारा उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां महिला की उपचार के दौरान देर रात मौत हो गई। मौत के बाद सेक्टर 24 थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना प्रभारी ज्ञान सिंह ने बताया कि महिला के उपचार के दौरान मौत हो गई है।

छत से गिरने के कारण महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी और उसकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई थी। जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला की मौत का सही कारण का पता चल सकता है।

## आंसू गैस का गोला फटने से थाने में लगी आग

**नोएडा।** नोएडा के एक पुलिस स्टेशन में बृहस्पतिवार को अचानक मालखाने में आग लग गई। इस घटना के बाद स्टेशन परिसर के भीतर अफ रा-तफ री का माहौल बन गया। दरअसल, थाना सेक्टर 24 में बने मालखाने में अचानक आग लगने की वजह, वहां रखा आंसू गैस का गोला फटने की वजह बना है। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर 24 के पुलिस थाना कार्यालय के ऊपर मालखाना बना है। मालखाने में दंगे को नियंत्रित करने में इस्तेमाल होने वाला सामान रखा है। बृहस्पतिवार को इसमें अचानक आग लग गई थी और मालखाने में रखा आंसू गैस का गोला फट गया। उन्होंने बताया कि इससे आग बुझाने के काम में लगे पुलिस कर्मियों में भगदड़ मच गई और उनकी आंखों में जलन होने लगी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई है।

# प्राधिकरण ने बिल्डर का आवंटन किया रदद

- करोड़ों रुपये बकाए पर की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण प्लॉट के एवज में बकाया धनराशि का भुगतान न करने वाले डिफॉल्ट आवंटियों को अब और राहत देने के मूड में नहीं है। जिसके चलते प्राधिकरण में अजनारा बिल्डर को एक बड़ा झटका दिया है। प्राधिकरण ने बिल्डर के ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एक प्लॉट के आशंकित हिस्से का आवंटन निरस्त कर दिया है। बिल्डर पर प्राधिकरण का करोड़ों रुपए का बकाया है।

वहीं, बिल्डर ने ना तो 11 साल से परियोजना को पूरा कराया है और ना ही प्राधिकरण के बकाए का भुगतान कर रहा है। जिसके चलते प्राधिकरण ने अजनारा बिल्डर के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई की है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई डिफॉल्टर बिल्डरों के खिलाफ जारी रहेगी। बिल्डरों द्वारा परियोजनाओं को समय से पूरा न करने पर घर खरीदारों को दिक्कत होती है और साथ ही प्राधिकरण को भी नुकसान होता है।

अब से सबसे पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण उद्योग न लगाने पर सेक्टर ईकोटेक वन एक्सटेंशन वन में औद्योगिक भूखंड का आवंटन निरस्त कर चुका है। वहीं, अब प्राधिकरण ने अजनारा रियलटेक के ग्रेटर नोएडा वेस्ट सेक्टर 16 स्थित प्लॉट नंबर जीएच 2 के आशंकित हिस्से के आवंटन को निरस्त कर दिया है। बिल्डर ने अभी तक प्राधिकरण के बकाए का भुगतान नहीं किया है। जिसके चलते प्राधिकरण ने यह कदम उठाया। जल्द ही प्राधिकरण आवंटन निरस्त की गई जमीन को अपने कब्जे में लेगा।

## कांग्रेस महानगर अध्यक्ष को नोटिस जारी

**गाजियाबाद।** विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान कांग्रेस छोड़कर सपा का दामन थामने वाले पार्षद जितेंद्र पाल को दोबारा कांग्रेस में शामिल कराने पर महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी को पार्टी ने अनुशासनहीनता माना है। पार्षद को कांग्रेस में लेने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति ने महानगर अध्यक्ष को नोटिस भेजा है। जिसका जवाब उन्हें सात दिन के भीतर देना होगा। नगर निगम चुनाव के दौरान वार्ड 69 से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े जितेंद्र पाल को जीत मिली थी। फिर विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। इन्हें दोबारा कांग्रेस में शामिल करने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति को लगी तो समिति के सदस्य व पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला ने शुक्रवार को पार्षद को अवसरवादी मानसिकता का व्यक्ति बताते हुए महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी को अनुशासनहीनता का नोटिस भेज दिया।

# आग लगने की घटना में मालिक पर मुकदमा दर्ज

## शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ था हादसा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



**निठारी** में स्थित चौधरी हंसराज टावर कॉम्प्लेक्स में बीते 23 मई को आग लग गई थी। अब इस मामले में शुक्रवार को फायर ऑफिसर ने पुलिस को शिकायत दी है। जिसके बाद सेक्टर-20 कोतवाली में चौधरी हंसराज टावर कॉम्प्लेक्स के मालिक पर मुकदमा दर्ज हुआ है। हंसराज टावर के मालिक सुनील कुमार के खिलाफधारा 285 और धारा 427 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चौधरी हंसराज टावर कॉम्प्लेक्स में 23 मई की दोपहर 1:21 बजे आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलने के बाद 7 मिनट के भीतर 1-28 बजे नोएडा पुलिस के आला अधिकारी और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। जिस समय फायर टेंडर मौके पर पहुंचे थे, उस समय आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। पुलिस टीम ने 1:40 बजे पूरे इलाके से रूट डायवर्ट करवाया, जिससे कोई जनहानि ना हो सके। उसके बाद 2:00 बजे तक नोएडा के डीसीपी और एडिशनल डीसीपी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे इलाके की घेराबंदी करके लोगों को सुरक्षित करवाया। सड़क पर चल रहे लोगों को कोई नुकसान ना हो, इसको लेकर भी डायवर्जन किया गया और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। जांच के दौरान पता चला है कि 4 मंजिला मार्केट कॉम्प्लेक्स में करीब 40 से भी ज्यादा दुकानें और गोदाम है। इनमें से निचली मंजिल पर स्थित 10 दुकानों में आग लगी। आग सबसे पहले एक गोदाम में लगी थी। बताया जा रहा है कि एक गोदाम में शॉर्ट सर्किट हुआ था और उसके बाद आग लग गई।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और काफी तेजी के साथ फैलती गई। जिस समय बिल्डिंग में आग लगी थी, उस समय 100 से भी ज्यादा लोग बिल्डिंग में मौजूद थे। दमकल विभाग की करीब 12 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर 6 घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था।

# गंगाजल प्रोजेक्ट में देरी से प्राधिकरण सीईओ सख्त

- समय पर नहीं हुआ काम तो लगेगा जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शहर के गंगाजल पहुंचाने में जमीन की रूकावट आ गई है। गाजियाबाद में इस परियोजना के लिए पूरी जमीन मिलने पर अडंगा आने से काम रूका हुआ है। ऐसे में नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ने अर्जेंसी क्लॉज के जरिए जमीन अधिग्रहण के निर्देश देते हुए सितंबर 2022 तक काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। ऐसा नहीं करने पर नोएडा प्राधिकरण की ओर से जुर्माना लगाने की चेतावनी दी गई है। इस परियोजना के शुरू होने से करीब छह लाख लोगों को गंगाजल मिल सकेगा।

गाजियाबाद से 50 क्यूसेक क्षमता की गंगाजल लाइन बिछाई जा रही जिसमें से 37.5 क्यूसेक गंगाजल नोएडा को मिलना है। इस परियोजना की शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने समीक्षा की। समीक्षा बैठक में आई परियोजना की निर्माण एजेंसी और जल निगम के अधिकारियों से देरी पर सवाल किया गया। इसके साथ ही सितंबर तक काम पूरा करने के निर्देश दिए।

जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के लिए गाजियाबाद के डासना में 85 मीटर लंबाई में 1500 मिमी व्यास पाईपलाइन बिछाने का काम नहीं हो पा रहा है। जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया गाजियाबाद के जिलाधकारी के माध्यम से चल रही है। अधिकारियों ने काम में देरी की अन्य वजहें भी बताई। गंगाजल 2 पाइप लाइन की इस परियोजना का काम मार्च 2018 में शुरू हुआ था। करीब 304 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना में आवास विकास परिषद गाजियाबाद की भी हिस्सेदारी है। परियोजना को पूरा कराने का जिम्मा यूपी जल निगम के पास है। नोएडा प्राधिकरण इस परियोजना पर करीब 228 करोड़ रुपये खर्च करेगा।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

आज समय परिवार वालों के साथ व्यतीत करेंग। फैसला करना कठिन हो सकता है। पैसा कहीं रुक भी सकता है। जीवनसाथी के साथ घूमने का प्लान बनाएंगे, रिश्ते मजबूत होंगे। ऑफिस में काम ज्यादा होने की संभावना है। उन लोगों से सावधान रहने की जरूरत है, जो आपको गलत राह पर ले जाने की सोचते हैं पिता के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखें। पुराना रोग परेशान कर सकता है।

**( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**

**भाग्यांक : 2**

**विशेष :** सूर्य देव को लाल गुलाब के फूल अर्पित करें।

### वृष

व्यावसायिक जीवन में सफलता पहले से अधिक सहजता के साथ आएगी। छात्र दिलचस्प परियोजना में शामिल हो सकते हैं। व्यापार में तेजी आएगी और नए रास्ते खुलेंगे। साझेदारी भी फायदेमंद रहेगी। छोटे व्यवसायी विरोधाभासी रूप से बड़े लोगों की तुलना में अधिक लाभ लाएंगे। कड़ी मेहनत से अतिरिक्त प्रोत्साहन मिलेगा। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

**( ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो )**

**भाग्यांक : 2**

**विशेष :** मां दुर्गा के मंदिर में घी का दीपक जलाएं।

### मिथुन

ऑफिस में बेहतर काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से काम में सफलता जरूर मिलेगी। समारोह में शामिल होने का मौका मिल सकता है। बच्चों के साथ उनके किसी दोस्त के घर जा सकते हैं। विदेशी कंपनी में इंटरव्यू देने के लिए दिन शुभ है। सफलता सुनिश्चित होगी। घर के जरूरी काम का निपटारा आज आसानी से होगा। आप अपनी जिम्मेदारियों को अच्छे से निभाएंगे।

**( का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा )**

**भाग्यांक : 9**

**विशेष :** धार्मिक किताबों का दाना करें।

### कर्क

आज आप व्यवहार को निखारने की कोशिश करें। भावनात्मक तौर पर खालीपन महसूस हो सकता है कुछ मामलों में जिद्दी भी हो सकते हैं, नुकसान हो सकता है। धन की कमी महसूस हो सकती है। नया काम करने से बचना चाहिए। रोजमर्रा के कामों को पूरा करने में मेहनत और भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ सकती है, आप ही को फायदा होगा। छोटे बच्चे को कुछ गिफ्ट करें। सभी परेशानियों का अंत होगा।

**( ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो )**

**भाग्यांक : 3**

**विशेष :** कुत्ते को रोटी डालें।

### सिंह

ऑफिस में बदलाव होने के योग बन रहे हैं। इसका असर दिनचर्या पर पड़ सकता है। जो भी काम करेंगे, उससे फायदा जरूर मिलेगा। कारोबार में आगे बढ़ने के मौके भी मिलेंगे। दोस्तों के साथ घूमने-फिरने के लिए दिन अच्छा है। ऐसी नई बात सीख सकते हैं, जो आने वाले दिनों में बड़ा लाभ दिलाएगी। बच्चे अपने काम समय पर करने की कोशिश करेंगे। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। समाज से जुड़ कर कार्य करना लाभदायक हो सकता है। सभी परेशानियां दूर होगी।

**( मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे )**

**भाग्यांक : 2**

**विशेष :** विष्णु मंदिर में ध्वजा का दान करें।

### कन्या

आप नियमों का पालन करने के लिए बाध्य हैं। इससे परियोजनाओं में देरी हो सकती है। वरिष्ठ खुले तौर पर अनैतिक हो सकते हैं और संभावनाओं को अवरुद्ध करने का प्रयास कर सकते हैं। प्रत्यक्ष टकराव के बजाय, कूटनीति और चतुराई का प्रयोग कर चीजों को नियंत्रित करने का प्रयास करें। आर्थिक रूप से चीजें स्थिर रहेंगी। पारिवारिक-जीवन सुचारू बना रहेगा। शांति और धैर्य को बनाए रखें। माताजी की सेहत-स्थिति बिगड़ सकती है।

**( टो ,पा, पी, पू, ष, श, ण, ठ, पे, पो )**

**भाग्यांक : 9**

**विशेष :** ब्राह्मण के पैर छूकर आशीर्वाद लें।

### तुला

आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। नाम और शोहरत हासिल करेंगे। विरोधी निष्क्रिय रहेंगे। महत्पूर्ण अधिकारियों से पूर्ण सहयोग मिलेगा। प्रयासों में सफलता मिलेगी। महत्वाकांक्षाएं पूरी होंगी। जीवनसाथी के साथ संबंध सुखद रहेंगे। रिश्तेदारों के साथ मतभेद हो सकता है। बच्चों का स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रह सकता है। स्वास्थ्य भी प्रभावित हो सकता है, अपना ध्यान रखिए।

**( रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**

**भाग्यांक : 2**

**विशेष :** आदित्य हृदय स्त्रोत का पाठ करें।

### वृश्चिक

खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। केमिकल इंजीनियर्स के लिए दिन शानदार रहने वाला है। लोगों का सपोर्ट मिलेगा। आने वाले समय में महत्वकांक्षाएं और बढ़ने की संभावना है। आज लोग बातों से प्रभावित दिखेगा। जल्द ही कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है। धार्मिक कार्यों में रूचि लेंगे। सेहत बेहतर बनी रहेगी। मनोकामना पूरी होगी। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें।

**तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**

**भाग्यांक : 4**

**विशेष :** चिड़ियों को दाना खिलाएं।

### धनु

व्यावसायिक संदर्भ में लाभकारी विकास संभव है, जो भविष्य में अच्छे परिणाम देगा। पसंद की जगह पर स्थानांतरित किया जा सकता है। छात्र ध्यान उचित प्रयासों में लगाएं। आर्थिक रूप से आप समृद्ध रहेंगे और नवीन सौदों से भी लाभ होगा। परिवार और दोस्तों से अच्छा सहयोग मिलेगा। अविवाहितों के लिए शादी की घंटी जल्द ही बज जाएगी। पवित्र स्थान की यात्रा भी कर सकते हैं। संतान का स्वास्थ्य चिंता का विषय हो सकता है।

**( ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे )**

**भाग्यांक : 1**

**विशेष :** सूर्य देवता को जल दें।

### मकर

आज उम्मीद से अधिक फायदा होगा। कुछ जरूरी काम पूरे होंगे। कोई उलझा हुआ मामला सुलझ जाएगा। कामकाज से संबंधित अच्छे आईडिया मिलेंगे। घर के काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। थोड़ी मेहनत से बड़े धन लाभ का योग है। नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को बड़ी कंपनी में जॉब मिलेगी। लोगों का सहयोग मिलता रहेगा। आपको काम में सफलता जरूर मिलेगी।

**( भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी )**

**भाग्यांक : 1**

**विशेष :** गाय को रोटी खिलाएं।

### कुंभ

मां की स्वास्थ्य-स्थिति चिंतित बनाए रखेगी। बच्चों का स्वास्थ्य भी चिंताजनक हो सकता है, भौतिक एवं आर्थिक समृद्धि के लिए दिन लाभदायक है। विभिन्न स्रोतों से लाभ होगा। शत्रु मित्र के रूप में भेष बदलकर नुकसान पहुंचा सकते हैं। सावधान रहें। पारिवारिक सन्दर्भ में पूर्ण सहयोग मिलेगा और सामाजिक रूप से आप अधिक लोकप्रिय हो सकते हैं। नए अधिग्रहण हो सकते हैं। आपको प्रसन्नता होगी।

**( गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा )**

**भाग्यांक : 8**

**विशेष :** सूर्य के मंत्रों का जाप करें।

### मीन

व्यावसायिक और आर्थिक सन्दर्भ में निराशा का अनुभव कर सकते हैं। दुश्मन मुसीबतें खड़ी कर सकते हैं। आय कम हो सकती है। निवेश ठहराव के चरण में जा सकते हैं। व्यवसाय के संबंध में यात्रा फल नहीं देगी। शीघ्र पैसा कमाने की योजनाओं में निवेश करने से बचना चाहिए। दोस्त मददगार नहीं रहेंगे कमिटमेंट करने से पहले दो बार सोचना ठीक रहेगा। चिकित्सा और व्यर्थ व्यय बचत को क्षीण कर सकते हैं।

**( दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची )**

**भाग्यांक : 6**

**विशेष :** गायत्री मंत्र का जप करें।

**नोट :** कुंडलियों व राशियों के ग्रहों के आधार पर जीवन में घटित हो रही घटनाओं में भिन्नता हो सकती है। जानकारी के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

# यह अलग विराट है, इतनी गलतियां पूरे करियर में नहीं की : सहवाग

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के पूर्व धुरंधर बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि विराट कोहली अपने चिर परिचित रंग में नहीं हैं जिसके लिए उन्हे जाना जाता है और एक आईपीएल सत्र में उन्होंने इतनी गलतियां की जितनी 14 वर्ष के अंतरराष्ट्रीय करियर में नहीं की।

पिछले ढाई साल से शतक नहीं बना सके कोहली अपने सबसे खराब दौर से जूझ रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में 16 मैचों में 22.73 की औसत से 341 रन बनाए जिसमें दो अर्धशतक शामिल थे। अधिकांश मैचों में उन्होंने पारी का आगाज किया। सहवाग ने कहा, यह वह विराट कोहली नहीं है जिसे हम जानते हैं। इस सत्र में दूसरा ही विराट खेल रहा है वरना एक सत्र में इतनी गलतियां की जितनी उसने अपने पूरे करियर में नहीं की। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि भारत का यह नंबर वन बल्लेबाज अलग अलग रणनीति अपनाने के चक्कर में आउट हुआ। उन्होंने कहा, जब रन नहीं बनते तो ऐसा होता है। आप रन बनाने के कई तरीके तलाशने लगते हो और उस





चक्कर में विकेट गंवा देते हो। इस सत्र में कोहली के साथ भी ऐसा ही हुआ। दूसरे क्वालीफायर में कोहली तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर बल्ला अड़ाकर विकेट के पीछे कैच दे बैठे। सहवाग ने कहा, जब आपका फॉर्म खराब होता है तो आप हर गेंद को छेड़ने की कोशिश करते हैं। बल्लेबाज को लगता है कि गेंद को पीटकर आत्मविश्वास लौट आएगा। उन्होंने कहा, विराट ने ट्रेंट बोल्ट के पहले ओवर में कई गेंद छोड़ी लेकिन फॉर्म खराब होने पर ऐसा होता है। आप आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों को भी नहीं छोड़ते। ऐसे में किस्मत खराब हो तो पीछे लपके जाने की पूरी आशंका रहती है। सहवाग ने कहा कि कोहली ने अपने लाखों प्रशंसकों को निराश किया जो अपने सितारों से बड़े मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं।

उन्होंने कहा, उसने सभी को निराश किया। हम अपेक्षा करते हैं कि बड़े मैच में बड़ा खिलाड़ी चलेगा। उसने अपने आपको नहीं बल्कि उसके और आरसीबी के लाखों प्रशंसकों को निराश किया।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व कपः आस्टेलिया ने 29 सदस्यीय टीम का ऐलान किया

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया ने कतर में जून में होने वाले आखिरी विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर के लिए 29 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है जिसमें हाल ही में यूरोप में अपने क्लबों के साथ खिताब जीतने वाले दो खिलाड़ी शामिल हैं।एडिन रस्टिक यूरोपा लीग चैम्पियन एनट्राश फ्रेंकफर्ट टीम का हिस्सा हैं जबकि टॉम रोजिक ने सेल्टिक एफसी के साथ स्कॉटिश प्रीमियर लीग जीता। खिलाड़ी अगले तीन दिन में दोहा पहुंच जाएंगे। आस्ट्रेलिया की नजरें लगातार पांचवीं बार विश्व कप में जगह बनाने पर है। उसे सात जून को संयुक्त अरब अमीरात से प्लेआफ मैच खेलना है। उसे जीतने पर 13 जून को पेरू से सामना होगा। तीनों टीमों में से जो भी विजई रहेगी, वह 21 नवंबर से 18 दिसंबर तक होने वाले विश्व कप में ग्रुप डी में फ्रांस, डेनमार्क और ट्यूनीशिया से जुड़ेगी।

### गेंदबाजों का सामना सीखने के लिए गावस्कर के वीडियो देखें

**कराची।** मैदान पर उनकी खट्टी मीठी नोकझोक भारत-पाक क्रिकेट किवदंतियों का हिस्सा रही है लेकिन जब सम्मान की बात आती है तो जावेद मियांदाद की नजर में तेज गेंदबाजों का सामना करने की तकनीक और तेवर के मामले में सुनील गावस्कर का कोई सानी नहीं है।मियांदाद का मानना है कि मौजूदा खिलाड़ियों को गावस्कर के वीडियो देखने चाहिए कि कैसे उन्होंने माइकल होल्डिंग, एंडी रॉबटर्स, मैल्कम मार्शल, इमरान खान, रिचर्ड हैडली और डेनिस लिली जैसे दुनिया के सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों का सामना किया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी एक वीडियो में उन्होंने कहा, यह अद्भुत था कि इतना कम कद होने के बावजूद वह दुनिया भर में क्या खूब खेले। उनके प्रदर्शन में निरंतरता कमाल की थी। उन्होंने कहा, आज के खिलाड़ी उनके वीडियो देखकर बहुत कुछ सीख सकते हैं। उन्होंने छोटे कद के बावजूद तेज गेंदबाजों का सामना कैसे किया। उस समय वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान में काफी खतरनाक तेज गेंदबाज थे लेकिन वह सबके सामने कामयाब रहे। गावस्कर के साथ अपने संबंधों के बारे में उन्होंने कहा, मुझे उनकी बल्लेबाजी देखने में मजा आता था। मैं उनके करीब फील्डिंग करता था और बोलता रहता था ताकि उनकी एकाग्रता टूटे। कई बार उनका फोकस तोड़ने में कामयाब रहा। वह मैदान से मुझे गालियां देते हुए निकलते और मुझे बड़ा मजा आता।

### भगत के साथ चार अन्य भारतीय सेमीफाइनल में

**दुबई।** पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद भगत ने शनिवार को यहां चौथे फाजा दुबई पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2022 में साथी जूनियर खिलाड़ी नेहल गुप्ता की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की की। हाल ही में बहरीन पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2022 में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले भगत ने पुरुष एकल एसएल3 स्पर्धा में पहले गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 18-21 21-15 21-11 से जीत दर्ज की। अंतिम चार में उनका सामना जापान के दाइसुके फुजिहारा से होगा। फुजिहारा मिश्रित युगल में ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता है। पुरुषों के एसएल4 वर्ग में तरुण ढिल्लों ने कोरिया के चो नादान को 21-15, 20-22, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हरियाणा के इस खिलाड़ी ने एसएल3- एसएस4 पुरुष युगल वर्ग में नितेश कुमार के साथ जोड़ी बनाकर अंतिम चार में जगह पक्की की। महिलाओं की एसएल3 सेमीफाइनल में तीन भारतीय हैं, जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन मानसी जोशी ऑस्ट्रेलिया की सेलीन ऑरेली विनोट से भिड़ेंगी, जबकि मंदीप कौर के सामने अनुभवी पारुल परमार की चुनौती होगी। मिश्रित युगल में मानसी और रूथिक रघुपति की जोड़ी ने एलएल3-एसयू5 वर्ग में भगत और मनीषा रामदास की नई जोड़ी को 21-12 16-21 19-21 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पारुल और पलक कोहली एसएल3-एसयू5 महिला युगल जोड़ी भी सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। मनीषा ने इटली की रोजा एफोमो डी मार्को को सीधे गेमों में 21-17, 21-11 से हराकर महिला एकल एसयू5 स्पर्धा के अंतिम चार में प्रवेश किया, जहां उनका सामना डेनमार्क की कैथरीन रोसेनग्रेन से होगा।

### कोहली क्रिकेट से ब्रेक ले सकते है : ली

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली का मानना है कि भारतीय दिग्गज विराट कोहली दिमाग को तरोताजा करने और कुछ चीजों पर काम करने के लिए खेल से ब्रेक लेने पर विचार कर सकते हैं। कोहली का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15वें सत्र में औसत अभियान शुक्रवार को अहमदाबाद में दूसरे क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की राजस्थान रॉयल्स से सात विकेट से हार के बाद समाप्त हो गया। कोहली की बल्लेबाजी में बुरे दौर के बारे में पूछे जाने पर ली ने शनिवार को पीटीआई से कहा, अगर मैं ए कहूं कि क्या यह चिंता का विषय है तो हां, यह चिंता का विषय है। मैं चाहूंगा कि कोहली अधिक रन बनाए। कोहली ने पिछले तीन साल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई शतक नहीं लगाया है। आईपीएल के मौजूदा सत्र में भी वह 16 मैचों में 22.73 की औसत से सिर्फ 341 रन ही बना सके। ली ने कहा, कोहली को लेकर आमतौर पर यह बात रहती है कि जब वह अच्छा करते हैं तो टीम का प्रदर्शन भी अच्छा रहता है और जब वह रन नहीं बनाते हैं तो टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं करती है।

# आईपीएल फाइनल : गुजरात के टाइटंस के सामने राजस्थान की रॉयल चुनौती

## आईपीएल खिताब के लिए आखिरी तिलिस्म तोड़ने की दहलीज पर खड़ी गुजराज और राजस्थान

एजेंसी। अहमदाबाद

आईपीएल खिताब के लिए आखिरी तिलिस्म तोड़ने की दहलीज पर खड़ी गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के लिए इस मैच में बहुत कुछ दाव पर लगा है। पंद्रह वर्ष पहले आईपीएल के पहले सफर में सुनहरी शुरुआत करने वाले राजस्थान रॉयल्स एक बार फिर इतिहास को दोहराना चाहेंगे तो दिग्गजों को जमींदोज करके अपने पहले ही सफर में सिरमौर बनी गुजरात टाइटंस कामयाबी नया इतिहास रचने की फिराक में होगी।

दो महीने पहले जब आईपीएल का मौजूदा सत्र शुरू हुआ था तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि फाइनल के टॉस के लिए संजू सैमसन और हार्दिक पंड्या मैदान पर उतरेंगे। अपने करियर में कई उतार चढ़ाव देख चुके हार्दिक और मुख्य कोच आशीष नेहरा के लिए दो महीने का यह सफर सपने सरीखा रहा। नीलामी के बाद इस टीम को परखे बिना ही दौड़ से बाहर मान लेने वाले क्रिकेट पंडितों से लेकर आलोचकों तक सभी को अपने प्रदर्शन से इन्होंने जवाब दिया है। वन मैच वंडर कहे जा रहे राहुल तेवतिया और लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले डेविड मिलर जैसे खिलाड़ियों की यह टीम कागजों पर उतनी मजबूत नहीं लग रही थी। लेकिन फिर क्रिकेट तो अनिश्चितताओं का ही खेल है जिसमें मैदान पर ही तकदीर बनती और बिगड़ती है। फिट होकर फॉर्म में लौटे हार्दिक ने बतौर कप्तान अपना लोहा मनवाया है। कप्तानी का दबाव लिए बिना बल्लेबाजी में भी वह चमके हैं। दूसरी ओर पांच बरस से अपनी लय हासिल करने को तरस रहे मिलर ने सभी को चौंका दिया है। तेवतिया ने साबित कर दिया कि शारजाह में जड़े पांच छक्के महज तुक्का नहीं थे।

राशिद खान ने अपनी तरकश में कई नए तीर रखे हैं तो रिधिमान साहा ने अपने प्रदर्शन से कम से कम एक सत्र और खेलना पक्का कर लिया। गुजरात कभी भी क्रिकेट के जुनून के लिए मशहूर नहीं रहा है। इस राज्य से पार्थिव पटेल और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी निकले हैं लेकिन जिस तरह चेन्नई सुपर किंग्स की कामयाबी के बाद तमिलनाडु पर क्रिकेट की दीवानगी सिर चढकर बोलने लगी, वह हाल अब गुजरात का है। खचाखच भरे मोटेरा स्टेडियम पर अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का फायदा भी गुजरात को मिला। दूसरी ओर राजस्थान ऐसे सितारे के लिए खिताब जीतना चाहेगी तो आसमान से कहीं अपनी इस टीम को निहार रहा होगा। आईपीएल का पहला खिताब सितारों के बिना एक युवा टीम को दिलाने वाले शेन वॉर्न राजस्थान रॉयल्स के प्रदर्शन पर जरूर गौरवान्वित होते। प्रतिभा की बात करें तो संजू और हार्दिक के बीच ज्यादा अंतर नहीं है। संजू उन बिरले खिलाड़ियों में से है जो भारत के लिए 20 मैच भी नहीं खेले हैं लेकिन उनकी लोकप्रियता कमाल की है। कप्तानी में कामयाबी के साथ उनकी प्रतिभा और परवान चढी है। उनके पास रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, जोस बटलर, ट्रेंट बोल्ट जैसे दिग्गज तो यशस्वी जायसवाल और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे युवा खिलाड़ी हैं लेकिन संजू ने सभी के साथ अच्छा तालमेल बिठाकर टीम को यहां तक पहुंचाया है। इस मैच से नायक भी निकलेंगे, दिल भी टूटेंगे और कीर्तिमान भी बनेंगे लेकिन यह मुकाबला ऐसा होगा जिसे क्रिकेटप्रेमी बरसों तक याद रखेंगे।



### टीमें इस प्रकार

**गुजरात टाइटंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), अभिनव मनोहर, डेविड मिलर, गुरकीरत सिंह, बी साई सुदर्शन, शुभमन गिल, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मैथ्यू वेड, रहमानुल्ला गुरबाज, रिद्धिमान साहा, अल्जारी जोसेफ, दर्शन नालकांडे, लॉकी फर्ग्युसन, मोहम्मद शमी, नूर अहमद, प्रदीप सांगवान, राशिद खान, रविश्रीनिवासन साई किशोर, वरुण आरोन और यश दयाल।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, शिमरोन हेटमायर, देवदत्त पडिक्कल, प्रसिद्ध कृष्णा, युजवेंद्र चहल, रियान पराग, केसी करियप्पा, नवदीप सैनी, ओबेद मैकॉय, अनुनय सिंह, कुलदीप सेन, करुण नायर, ध्रुव जुरेल, तेजस बरोका, कुलदीप यादव, शुभम गढ़वाल, जेम्स नीशाम, नाथन कूल्टर-नाइल, रेसी वान डेर डुसेन, डेरिल मिशेल और कॉर्बिन बॉश।

**समय : मैच रात आठ बजे शुरू होगा।**

# आईएएस दंपति का तबादला कर केंद्र ने दिया कड़ा संदेश : ठाकुर

एजेंसी। पुणे

खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी में स्टेडियम के कथित दुरूपयोग को लेकर आईएएस दंपत्ति के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकी लेकिन गृह मंत्रालय ने उनका तबादला करके कड़ा संदेश दिया है कि खेलों के मैदान खिलाड़ियों के लिए हैं।

सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में 27 एकड़ में कशाबा जाधव खेल परिसर के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि भविष्य में मलखम्ब जैसे भारत के पारंपरिक खेलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों के लिए सिर्फ अभ्यास ही नहीं और प्रतिस्पर्धाएं होनी चाहिए। इससे खिलाड़ियों को उनकी मानसिक दृढता परखने का मौका मिलेगा। मैदान और सुविधाएं हैं लेकिन कुछ लोगों पर प्रतिबंध भी है। हाल ही में दिल्ली में एक आईएएस अधिकारी और उनकी पत्नी स्टेडियम का इस्तेमाल कर रहे थे जबकि खिलाड़ियों को बाहर रखा गया था। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार ने उनके खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की लेकिन गृहमंत्री (अमित शाह) और उनके विभाग ने कार्वाई की और उनका तबादला कर दिया गया। इससे कड़ा संदेश गया कि स्टेडियम सिर्फ खिलाड़ियों के लिए है। ठाकुर ने कहा, नियम होने चाहिए और उनका पालन होना चाहिए। हर किसी को खेलने का मौका मिले लेकिन पेशेवर खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाए। राजनीतिक दखल नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालएं और राज्यों के बीच स्वस्थ खेल स्पर्धाएं होनी चाहिए। ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले आठ साल में खेलों का बजट तीन गुना बढा दिया है। उन्होंने कहा, पिछले साल ही खेलो इंडिया का बजटीय आवंटन 50 प्रतिशत बढा। पिछले साल यह 657 करोड़ रुपये था जो 874 करोड़ रुपये किया गया। खेलों के कुल बजट की बात करें तो 2013-14 में यह 1219 करोड़ रुपये था जो अब 3262 करोड़ रुपये है।



उन्होंने कहा कि देश में खेलो इंडिया के 1000 केंद्र बनाए जाएंगे जिनमें पूर्व खिलाड़ियों को कोचिंग के लिए सालाना पांच लाख रुपये मिलेंगे।

### तमिलनाडु, कर्नाटक ने इंडियन ओपन सर्फिंग के दूसरे दिन दबदबा बनाया

**मेंगलुरू।** कर्नाटक की इशिता मालविया (6.17) और सिंचाना गौड़ा (7.30) गोवा की शुगर बनारसे (11.27) और तमिलनाडु की सृष्टी सेलवम (10.37) के साथ शनिवार को यहां इंडियन ओपन सर्फिंग की महिला स्पर्धा के फाइनल में पहुंची। बनारसे रविवार को ग्रोम्स (16 एवं अंडर) बालिका सर्फ वर्ग के फाइनल में भी हिस्सा लेंगी। ग्रोम्स लड़कों (अंडर-16) वर्ग के सेमीफाइनल में तमिलनाडु के सर्फर ने क्लीन स्वीप किया।

# चैंपियंस लीग फाइनल में रीयाल मैड्रिड का सामना लिवरपूल से

एजेंसी। पेरिस।

**दुनिया** भर के करोड़ों फुटबॉलप्रेमियों की नजरें पेरिस पर गड़ी होंगी जहां लिवरपूल और रीयाल मैड्रिड चैम्पियंस लीग के खिताबी मुकाबले में आमने सामने होंगे।

कार्लो एंसेलोट्टी यूरोपीय क्लब फुटबॉल का यह शीर्ष खिताब चार बार जीतने वाले पहले कोच बनना चाहेंगे। उन्होंने 2014 में मैड्रिड के साथ पहली बार खिताब जीता था। इससे पहले 2003 और 2007 में एसी मिलान को खिताब दिला चुके हैं। मैड्रिड के साथ अपने पहले सत्र में वह स्पेनिश खिताब जीत चुके हैं। मैड्रिड ने 2018 में जिनेदीन जिदान के कोच रहते लिवरपूल को हराकर 13वीं बार



यूरोपीय कप जीता था। जर्गेन क्लोप के साथ लिवरपूल ने 2020 में खिताब जीतकर 30 साल का इंतजार खत्म किया था। पिछले सप्ताह लिवरपूल एक अंक से इंग्लिश प्रीमियर लीग खिताब से चूकी है लेकिन अब उसे भुलाकर नजरें इस फाइनल पर लगी होंगी। युएफा को लगातार तीसरे साल फाइनल की जगह बदलनी पड़ी है। इस बार कोरोना महामारी के कारण नहीं बल्कि यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण सेंट पीटर्सबर्ग को फाइनल की मेजबानी गंवानी पड़ी।

### शतरंज ओलंपियाड : ओपन वर्ग में 189 और महिला वर्ग में 154 टीम ने पंजीकरण कराया

**चेन्नई।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अनुसार 28 जुलाई से 10 अगस्त तक यहां होने वाले 44वें शतरंज ओलंपियाड में 187 देशों की रिकॉर्ड 343 टीम हिस्सा लेंगी। भारत इस वैश्विक शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है जो दो वर्ग - ओपन वर्ग और महिला वर्ग में खेली जाएगी। एआईसीएफ के सचिव और टूर्नामेंट निदेशक भरत सिंह चौहान ने कहा, हमने 187 देशों से रिकॉर्ड पंजीकरण किए हैं जिसमें ओपन वर्ग में 189 टीम और महिला वर्ग में 154 टीम का पंजीकरण किया गया है। पिछली बार 2018 में जॉर्जिया में हुए ओलंपियाड में 179 देशों से रिकॉर्ड 184 (ओपन वर्ग) और 150 (महिला वर्ग) टीम का पंजीकरण किया गया था।

# एक छोर संभालने की कोशिश कर रहा हूं : राशिद खान

एजेंसी। अहमदाबाद

**विपक्षी** टीम के बल्लेबाजों के जोखिम मुक्त योजना अपनाने से राशिद खान को एक छोर को संभालने के लिए रक्षात्मक रणनीति का इस्तेमाल करने में मदद मिली है ताकि दूसरे छोर पर गेंदबाज आक्रामक गेंदबाजी करे।

पांचवें आईपीएल सत्र में राशिद के ओवरों को प्रतिद्वंद्वी टीमों के बल्लेबाज जल्द से खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं जबकि गुजरात टाइटंस के अन्य गेंदबाजों के खिलाफ तेजी से रन जुटाने के प्रयास कर रहे हैं। राशिद का 15 मैचों में इकोनोमी



रेट 6.73 का है जो काफी प्रभावित करने वाला है। वह 18 विकेट लेकर सूची में नौंवे स्थान पर हैं। अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद ने रविवार को होने वाले फाइनल से पहले कहा, मेरी रणनीति प्ले-ऑफ में भी अलग नहीं रही। पूरे टूर्नामेंट में ऊर्जा और सोचने की प्रक्रिया यही रही है। लेकिन टीमें मेरे खिलाफ संभलकर खेल रही हैं। इसलिए मैं कसी गेंदबाजी करने की कोशिश कर रहा हूं जिससे दूसरे छोर पर गेंदबाज द्वारा विकेट झटकने का मौका भी बढ़ता है। उनकी गेंदबाजी में अहम चीज एक विशेष क्षेत्र में हिट करना है। राशिद ने फाइनल से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, भले ही यह लीग मैच हो या फिर नॉकआउट, मेरा दिमाग एक निश्चित क्षेत्र में गेंदबाजी पर लगा होता है और मैं कुछ भी अलग चीज नहीं आजमा रहा हूं। मेरा उद्देश्य दबाव बनाना है।

# स्पिनरों के खिलाफ मानसिकता बदलने से आईपीएल 2022 में मिली कामयाबी : मिलर



एजेंसी। अहमदाबाद

**गुजरात** टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर का मानना है कि स्पिनरों को खेलते समय मानसिकता में बदलाव से उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में कामयाबी मिल सकी।

मिलर ने गुजरात टाइटंस के लिए 15 मैचों में 449 रन बनाए हैं जबकि कप्तान हार्दिक पंड्या ने 14 मैचों में 453 रन जोड़े हैं। दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज ने कहा कि नेट्स पर की गई मेहनत से उन्हें काफी फायदा मिला। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को होने वाले आईपीएल फाइनल से पहले कहा, स्पिनरों के सामने मेरे लिए यह सत्र अच्छा रहा। मैने इस पर काफी मेहनत की है। मुझे कभी लगा नहीं कि मैं स्पिनरों को नहीं खेल पा रहा हूं लेकिन मुझे इसमें मेहनत करनी थी। उन्होंने कहा, मैने स्पिनरों के खिलाफ अपनी मानसिकता बदली। एक या दो चीजों में बदलाव किया। मैं यह सुनिश्चित करना चाहता था कि हर गेंद पर रन बनाऊं। मिलर ने कहा, अगर कोई गेंद खराब है तो मैं उसे नसीहत दे सकूं। इससे गेंदबाज पर दबाव बनता है। मानसिक रूप से मैने इस पर मेहनत की है। उन्होंने कहा कि गुजरात के लिए सारे मैच खेलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा। उन्होंने कहा, इस सत्र में मैने ऊपरी क्रम पर बल्लेबाजी की। सत्र की शुरुआत से सारे मैच खेले और मुझे इसमें काफी मजा आया। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। टीम ने मुझ पर भरोसा किया और मैं चयन की चिंता में नहीं रहा। मिलर ने पहले सत्र में गुजरात की कामयाबी का श्रेय सामूहिक प्रयास को दिया।

उन्होंने कहा, यह सत्र अच्छा रहा। मेरे लिए सबसे शानदार प्रदर्शन राहुल तेवतिया का रहा। मोहम्मद शमी ने भी बेहतरीन गेंदबाजी की।रिधिमान साहा ने उम्दा बल्लेबाजी की। किसी एक खिलाड़ी का नाम लेना कठिन है। सभी ने मिलकर टीम को यहां तक पहुंचाया है।

# बतौर खिलाड़ी और कप्तान असाधारण रहा है संजू : संगकारा

## राजस्थान रॉयल्स ने 2008 के बाद पहली बार फाइनल में जगह बनाई

### टीम का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज होना आसान नहीं है

एजेंसी। अहमदाबाद

राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा का कहना है कि संजू सैमसन ने विकेटकीपर, कप्तान और बल्लेबाज की तिहरी भूमिका को आईपीएल में बखूबी अंजाम दिया है। राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को सात विकेट से हराकर 2008 के बाद पहली बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाई। संगकारा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, संजू का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। पिछले सत्र में काफी कड़े इम्तिहान से उसने शुरूआत की जब युवा टीम, कोरोना संक्रमण के मामले और दो चरण में टूर्नामेंट हुआ लेकिन वह अपनी भूमिका में परिपक्व हुआ है। उन्होंने कहा, वह काफी मृदुभाषी और शर्मीला है लेकिन बल्ले से उसके हुनर का जवाब नहीं। उसने कप्तानी की कठिन भूमिका में खरे उतरने के लिए काफी जुनून और जीत की भूख दिखाई है।

विकेटकीपिंग, कप्तानी और जोस बटलर के साथ टीम का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज होना आसान नहीं है लेकिन इस सत्र में उसने सब कुछ बखूबी किया। श्रीलंका के इस महान क्रिकेटर ने कहा, उसे



अपनी भूमिका का अहसास है। रणनीति को लेकर उसकी समझ बेहतर हुई है। उसे अपनी टीम पर भरोसा है और टीम उसे एक अगुआ के रूप में देखती है।

बटलर के प्रदर्शन के बारे में संगकारा ने कहा, टी20 बल्लेबाजी में इस सत्र में उसने जो किया, उसका बखान करना मुश्किल है। उसने अच्छी शुरुआत की, बीच में कुछ डगमगाया लेकिन शांतचित्त होकर फिर लय पकड़ी। उन्होंने कहा, उसने स्वीकार कर लिया कि वह भी इंसान है और हर मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकता। उसके पास सारे स्ट्रोक्स हैं और वह खेल को बखूबी समझता है। मुझे याद नहीं पड़ता कि आईपीएल के इतिहास में किसी ने इतनी शानदार बल्लेबाजी की हो। संगकारा ने कहा कि नौ खिलाड़ियों के कोर ग्रुप ने उनका काम आसान कर दिया।

उन्होंने कहा, अनुभवी टीम के होने का यही फायदा है। हमारे पास नौ अनुभवी और हुनरमंद खिलाड़ी हैं। मुझे कोच के रूप में ज्यादा कुछ करना नहीं होता। आरसीबी के क्रिकेट निदेशक माइक हेसन ने कहा कि आखिरी पांच ओवरों में तेजी से रन नहीं बना पाने का खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा। उन्होंने कहा , पांच ओवर बाकी रहते हमारा स्कोर तीन विकेट पर 123 रन था। हम 175-180 रन बना सकते थे जब मैक्सवेल और पाटीदार खेल रहे थे। हमने दोनों विकेट गंवा दिए और आखिरी ओवरों में 20 रन पीछे रह गए।

# मुख्यमंत्री खट्टर से सांसद और विधायकों की नाराजगी बढ़ी

सुभाष शर्मा
( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं )



**सूत्रों का तो यहां तक दावा है कि भाजपा के कई विधायक भी अब मुख्यमंत्री से नाराज चल रहे हैं परंतु अभी सामने आने को कोई तैयार नहीं हैं। अकेले सांसद अरविंद शर्मा ऐसे सांसद हैं, जिन्होंने खुलकर मुख्यमंत्री के खिलाफ बोला है। सूत्रों का दावा है कि अगर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस नाराजगी को अभी खत्म नहीं किया तो उनसे नाराज चल रहे अन्य नेता भी अरविंद शर्मा की तरह सामने आ सकते हैं।**

मंथन



भारतीय जनता पार्टी को रोहतक संसदीय क्षेत्र से जीत दिलवाने वाले नेता अरविंद शर्मा मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से बेहद नाराज है। अरविंद शर्मा वही नेता है, जिन्होंने दीपेंद्र हुड्डा को उनके घर में हराया था, उस वक्त भाजपा के पासा ऐसा एक भी नेता नहीं था जो दीपेंद्र हुड्डा के सामने खड़ा होने को तैयार नहीं था, उस वक्त अरविंद शर्मा हरियाणा भाजपा के संकट मोचन बन कर उभरे थे और उन्होंने इस चुनौती को स्वीकार किया था और दीपेंद्र को करारी शिकस्त दी थी। उस वक्त मुख्यमंत्री खट्टर ने अरविंद शर्मा को सिर आंखों पर बैठाया था। यहां तक कि पार्टी हाईकमान ने भी उनकी जीत को बड़ी जीत बताया था, जबकि कांग्रेस पार्टी के लिए यह बड़ी हार थी परंतु हैरानी की बात यह है कि उसी अरविंद शर्मा को जिसे मुख्यमंत्री पार्टी का हीरो बता रहे थे, उसी को अब खुड्डे लाइन लगा दिया गया है। सूत्र बताते है कि सांसद अरविंद शर्मा के कोई काम प्रशासन नहीं कर रहा, जबकि रोहतक से चुनाव हार चुके मनीष ग्रोवर को मुख्यमंत्री ने अपनी गोद में बिठा रखा है, जिले के तमाम अधिकारी मनीष ग्रोवर का हर काम करने को तैयार रहते हैं क्योंकि मुख्यमंत्री का इशारा है कि रोहतक में मनीष ग्रोवर को खास तवज्जो देती है।

दरअसल मनीष ग्रोवर के साथ शुरू में अरविंद शर्मा की अच्छी बनती थी। पिछले साल जब किसान आंदोलन के दौरान किसानों ने एक कार्यक्रम में मनीष ग्रोवर को बंधक बना लिया था, तब सांसद अरविंद शर्मा ने मनीष ग्रोवर का विरोध करने वालों के विरुद्ध काफी तलख बयान दिया था परंतु धीरे-धीरे उन दोनों के बीच दूरियां बढ़ती गई और मुख्यमंत्री ने भी अरविंद शर्मा से दूरी बना ली। राजनीतिक क्षेत्रों में इस बात की भी चर्चा आम है कि सांसद अरविंद शर्मा के आपसी रिश्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भी काफी अच्छे है। गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी के मौजदू राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी उनके अच्छे रिश्ते है। हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ भी सांसद महोदय से मधुर संबंध रखते है परंतु मुख्यमंत्री खट्टर को वो फूटी आंख भी नहीं सुहाते।

दरअसल राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा है कि अरविंद शर्मा हरियाणा में किसी पंजाबी के मुख्यमंत्री के कार्यकाल को सीमित कर अन्य बिरादरियों के नेताओं को भी मुख्यमंत्री बनने का अवसर देने की मांग कर चुके हैं और इसी कारण मुख्यमंत्री खट्टर को अरविंद शर्मा दुश्मन नजर आने लगे है। ऐसा नहीं है कि मुख्यमंत्री से केवल रोहतक के सांसद ही नाराज हैं। कई और संसदीय क्षेत्रों के सांसद भी मुख्यमंत्री से नाराज बताए जाते हैं। हालांकि उनकी नाराजगी जगजाहिर नहीं है परंतु अंदरखाने वो मुख्यमंत्री की कार्यशैली से नाराज हैं।

सूत्रों का तो यहां तक दावा है कि भाजपा के कई विधायक भी अब मुख्यमंत्री से नाराज चल रहे हैं परंतु अभी सामने आने को कोई तैयार नहीं हैं। अकेले सांसद अरविंद शर्मा ऐसे सांसद हैं, जिन्होंने खुलकर मुख्यमंत्री के खिलाफ बोला है। सूत्रों का दावा है कि अगर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस नाराजगी को अभी खत्म नहीं किया तो उनसे नाराज चल रहे अन्य नेता भी अरविंद शर्मा की तरह सामने आ सकते हैं। इससे भाजपा जो पहले से ही प्रदेश में जजपा के समर्थन से सरकार चला रही है, के समक्ष मुश्किल आ सकती है।

सूत्रों से यह भी पता चला है कि इस सारे घटनाक्रम की जानकारी पार्टी हाईकमान को भी है, फिलहाल इस सिलसिले में हाईकमान का कोई निर्देश सामने नहीं आया है। पार्टी के कुछ बड़े नेता इसे पार्टी का अंदरूनी मामला बता रहे हैं और किसी तरह की बगावत को झूठा बता रहे हैं। कुल मिलाकर भाजपा हाईकमान ने अगर अरविंद शर्मा और मनोहर लाल खट्टर के बीच चल रही इस रस्साकशी पर विराम नहीं लगाया तो इसके दूरगामी दुष्परिणाम भुगतने पड़े सकते हैं।

## रैलियों का रविवार देखना होगा किसमें है दम

**मई** का आखिरी रविवार यानी आज हरियाणा का सियासी पारा उफान पर रहेगा क्योंकि आज प्रदेश के अलग-अलग जिलों में दो मौजूदा मुख्यमंत्री और एक पूर्व मुख्यमंत्री अपना दमखम दिखाने वाले हैं। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज रविवार को कुरुक्षेत्र में अपनी पार्टी की एक बड़ी रैली करने जा रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि इस रैली में लाखों की भीड़ जुटने जा रही है। दरअसल आम आदमी पार्टी में कुरुक्षेत्र जिले के पूर्वमंत्री निर्मल सिंह और कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक तंवर सहित कई अन्य नेता शामिल हो चुके हैं। पंजाब की जीत से उत्साहित केजरीवाल अब हरियाणा के कुरुक्षेत्र में एक बड़ी रैली कर इस छोटे प्रदेश की सियासत को गर्म करने आ रहे हैं, जबकि दूसरी ओर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी आज ही के दिन सिरसा जिले में एक बड़ी रैली कर रहे हैं।

दावा किया जा रहा है कि भाजपा की यह विशाल जनसभा होगी, जिसमें प्रदेश के कई दिग्गज शामिल होंगे। प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में इस रैली की चर्चा इसलिए ज्यादा हो रही है क्योंकि आज जब केजरीवाल प्रदेश में रैली कर रहे हैं तो मनोहर लाल खट्टर ने भी आज ही का दिन क्यों चुना इसके पीछे कारण बताया जा रहा है कि केजरीवाल की रैली में कम भीड़ पहुंचे इसीलिए सिरसा में भाजपा रैली कर रही है। इसी क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के दिगगज नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम के तहत एक बड़ी जनसभा फतेहाबाद में करने जा रहे है। गौरतलब है कि सिरसा जिले से फतेहाबाद की दूसरी मात्र 40 किलोमीटर है। कांग्रेस पार्टी के इस आयोजन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के अलावा सभी विधायक भाग लेंगे। कांग्रेस पार्टी की इस सत्ता में भी हजारों की भीड़ जुटाने की बात कही जा रही है। कुल मिलाकर 29 मई का रविवार हरियाणा को सियासी गर्मी को बढ़ाने का मैदान बनने जा रहा है। रैलियों के इस रविवार को पता चलेगा कि आखिर कौन सी पार्टी ज्यादा भीड़ जुटा अपना दमखम दिखाती है।



# इन छह लक्षणों को महिलाएं न करें इग्नोर



**अगर आपको बगैर किसी शारीरिक श्रम या अन्य कारण के चक्कर आ रहे हैं, या आपका सिर घूमने लगता है, तो इसे नजरअंदाज बिल्कुल भी न करें**

**कई** बार महिलाएं, शरीर में होने वाले छोटे-मोटे बदलाव और स्वास्थ्य परेशानियों को नजर अंदाज कर देती हैं। लेकिन स्वास्थ्य की यह परेशानियां आगे चलकर गंभीर समस्या का रूप भी ले सकती हैं। इसलिए महिलाओं को इन बातों को गंभीरता से लेते हुए, जल्द से जल्द उपचार के बारे में सोचना चाहिए। हम बता रहे हैं, ऐसे ही कुछ लक्षणों के बारे में जिनके प्रति सतर्क रहना बेहद आवश्यक है।

### चक्कर आना

अगर आपको बगैर किसी शारीरिक श्रम या अन्य कारण के चक्कर आ रहे हैं, या आपका सिर घूमने लगता है, तो इसे नजरअंदाज बिल्कुल भी न करें। इस तरह से चक्कर आना, दिल की बीमारी की ओर इशारा करता है। केवल यही नहीं बल्कि इसके और भी कुछ कारण हो सकते हैं, जैसे साइनस या कान में किसी तरह की परेशानी होना।

### वजन कम होना

बगैर डाइटिंग या वर्कआउट के अगर आपका वजन अचानक कम होता जा रहा है, तो इसके प्रति लापरवाही बिल्कुल न करें और कारण जानें। बिना डायटिंग के वजन 5 किलो से भी कम हो तो यह यह पैंक्रियाज, पेट, ग्रासनली या फिर फेफड़ों के कैंसर की ओर इशारा करता है।

### आंखों की समस्या

यदि आप महसूस करें कि बिना किसी दर्द के अचानक आपकी आंखों की शक्ति कम हो रही है, तो यह स्ट्रोक का लक्षण भी हो सकता है। दरअसल पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में यह खतरा अधिक होता है और यह खतरा 35 से 50 की उम्र की महिलाओं में भी होता है।

### असामान्य मासिकधर्म

मासिक धर्म के समय सामान्य से अधि ?क रक्तस्त्राव होना फाइब्रॉइड या गर्भाशय का ट्यूमर भी हो सकता है। इसके कारण एनीमिया, थकान, गर्भ ठहरने में परेशानी और कई परेशानियां आ सकती हैं।

### दस्त

खाने-पीने में गड़बड़ी होने से पेट खराब हो सकता है, लेकिन अक्सर रात के वक्त आपको दस्त लगाने जैसा महसूस होता हो, तो चिकित्सक को जरूर दिखाएं क्योंकि यह आंतों में सूजन या संक्रमण हो सकता है।

